संस्कृतिका
Sanskritika

MINISTRY OF CULTURE • GOVERNMENT OF INDIA
सत्यमेव जयते
संस्कृति मंत्रालय • भारत सरकार

संस्कृतिका

सत्यमेव जयते

संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली

2018

संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रकाशित और इंदू कार्ड्स और ग्राफिक्स में मुद्रित, चावड़ी बाजार दिल्ली–110006,
फोनः 011–23278311, मो. 9811419531

डा. महेश शर्मा
Dr. Mahesh Sharma

सत्यमेव जयते

संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
भारत सरकार, नई दिल्ली–110 115
Minister of State (IC) For Culture
Minister of State for Environment,
Forest & Climate Change
Government of India, New Delhi

संदेश

संस्कृति मंत्रालय भारत की मूर्त और अमूर्त विरासत से संबंधित कार्य करता है। मूर्त और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत में संस्मारक एवं पुरातत्व विज्ञान, लोक एवं जनजातीय कला, साहित्य, अभिलेखागार, पुस्तकालय, संगीत, नृत्य और नाटक सहित मंच कलाओं तथा चित्रकला, मूर्तिकला एवं ग्राफिक्स के रूप में दृश्य कलाओं सहित विभिन्न पहलू शामिल हैं। मंत्रालय द्वारा देश की सांस्कृतिक विरासत के प्रचार–प्रसार, परिरक्षण एवं संरक्षण संबंधी सभी कार्यकलाप 2 संबद्ध कार्यालयों, 6 अधीनस्थ कार्यालयों एवं इसके नियंत्रणाधीन 34 स्वायत्त संगठनों के नेटवर्क तथा कला एवं संकृति के संवर्धन और प्रसार हेतु मंत्रालय द्वारा सीधे ही संचालित की जाने वाली कई स्कीमों के माध्यम से किए जाते हैं। इसके प्रसार, पुरातत्व विज्ञान, संग्रहालय, अभिलेखागार, मानवविज्ञान, मंच कलाएं, सार्वजनिक पुस्तकालय, बौद्ध एवं तिब्बती संस्थान, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, स्मारक, शताब्दियां एवं वर्षगांठ, अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक संबंध तथा निर्माण परियोजनाएं आदि।

स्कीमों के बारे में जनता को जागरुक करने के लिए, मंत्रालय ने ''संस्कृतिका'' नामक एक संग्रह प्रकाशित किया है। संस्कृतिका के इस संस्करण में संस्कृति मंत्रालय की सभी मौजूदा स्कीमों का विवरण है।

मुझे प्रयोक्ताओं को संग्रह का यह संस्करण सौंपते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है और मैं यह आशा करता हूँ कि कला एवं संस्कृति के संवर्धन हेतु वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए यह उनके लिए उपयोगी सिद्ध होगा। इसके अतिरिक्त, इन स्कीमों से संबंधित विवरण मंत्रालय की वेबसाइट www.indiaculture.nic.in पर भी उपलब्ध है।

(डॉ. महेश शर्मा)

अरूण गोयल, भा.प्र.से.
सचिव
Arun Goel, IAS
Secretary

भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
नई दिल्ली–110 115
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CULTURE
NEW DELHI-110 115

संदेश

संस्कृति मंत्रालय ने वर्ष 2014 में ''समर्थन'' का अंतिम संस्करण प्रकाशित किया था जिसमें संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित स्कीमों के ब्यौरे शामिल थे। उसके बाद से मंत्रालय द्वारा अनेक स्कीमें संशोधित करने के साथ–साथ कुछ नई स्कीमें शुरू की गई हैं। इस मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न स्कीमों से संबंधित संस्करण 'संस्कृतिका' नाम से प्रकाशित किया जा रहा है। मुझे विश्वास है कि संस्कृति के क्षेत्र से जुडे सरकारी विभाग, राज्य सरकार और विभिन्न संगठन तथा व्यक्ति आवश्यक सूचना एक ही स्थान पर पाकर लाभान्वित होंगे।

मुझे इस बात का भी विश्वास है कि यह संग्रह सभी स्कीमों के प्रभावी रूप से कार्यान्वयन में इस मंत्रालय और इसके संगठनों के अधिकारियों को सहायता प्रदान करने के साथ–साथ उन्हें प्रेरित करेगा और जैसी इसकी अभिकल्पना की गई है, उसी भावना से इसकी प्रदायगी सुनिश्चित करेगा।

(अरुण गोयल)

विषयवस्तु
संस्कृति मंत्रालय की योजनाएं

क्र.सं.	योजना का नाम	पृष्ठ संख्या
1.	**कला और संस्कृति के प्रोत्साहन के लिए वित्तीय सहायता की योजना**	**7**
1.1	रेपर्टरी अनुदान	8–11
1.2	राष्ट्रीय महत्व के सांस्कृतिक संगठनों को वित्तीय सहायता	12–14
1.3	सांस्कृतिक समारोह और निर्माण अनुदान (सीएफपीजी)	15–17
1.4	हिमालय क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और विकास के लिए वित्तीय सहायता	18–21
1.5	बौद्ध/तिब्बती संस्कृति और कला के विकास के लिए वित्तीय सहायता	22–26
2.	**कलाकार पेंशन और चिकित्सा सहायता स्कीम**	**27–33**
3.	**कला और संस्कृति के प्रचार के लिए छात्रवृत्ति और फैलोशिप की योजना**	**34**
3.1	संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कलाकारों को वरिष्ठ/कनिष्ठ अध्येतावृत्ति प्रदान करना	35–37
3.2	विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति प्रदान करना	38–42
3.3	टैगोर राष्ट्रीय सांस्कृतिक शोध अध्येतावृत्ति	43–53
4.	**सांस्कृतिक भूमिका रूप व्यवस्था के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता की योजना**	**54**
4.1	स्टूडियो थिएटर सहित बिल्डिंग अनुदान के लिए वित्तीय सहायता	55–63
4.2	टैगोर सांस्कृतिक परिसरों (टीसीसी) के लिए वित्तीय सहायता	64–73
5.	**संग्रहालय अनुदान योजना**	**74**
5 .1	क्षेत्रीय, राज्य और जिला स्तर में संग्रहालयों का विकास और स्थापना	75–80
5.2	संग्रहालय संग्रह का डिजिटाइजेशन	81–83
5.3	संग्रहालय पेशेवरों की क्षमता निर्माण और ट्रेनिंग	84–88
6	**विज्ञान की संस्कृति के संवर्धन की स्कीम**	**89–101**
6.1	विज्ञान शहर	102–111
6.2	विज्ञान केंद्र	112–130

6.3	इनोवेशन हब	131–136
6.4	मौजूदा विज्ञान शहरों/केंद्र/अभिनव केंद्र विज्ञान का आधुनिकीकरण/उन्नयन	137–139
7.	**अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक संबंधों के प्रचार के लिए योजना**	**140**
7.1	विदेशों में महोत्सव	141–143
7.2	इंडो विदेशी मैत्री सांस्कृतिक समाज योजना की सहायता में अनुदान	144–146
8.	**अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की रक्षा और भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराएं की योजना**	**147–152**

1

कला और संस्कृति के प्रोत्साहन हेतु वित्तीय सहायता स्कीम

इस स्कीम में निम्नलिखित पांच घटक शामिल हैं:–

घटक–I :	रेपर्टरी अनुदान
घटक–II :	राष्ट्रीय महत्व के सांस्कृतिक संगठनों को वित्तीय सहायता
घटक–III :	सांस्कृतिक समारोह एवं निर्माण अनुदान (सीएफपीजी)
घटक–IV :	हिमालय क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और विकास के लिए वित्तीय सहायता
घटक–V :	बौद्ध/तिब्बती कला और संस्कृति के विकास के लिए वित्तीय सहायता

1.1

'रेपर्टरी अनुदान'

1.1 'रेपर्टरी अनुदान'

क. प्रस्तावना

इस अनुदान का शीर्षक 'रेपर्टरी अनुदान' होगा। इसके अंतर्गत वित्तीय सहायता नाटक मंडलियों, रंगमंच समूहों, संगीत कलाकारों की टुकड़ियों, बाल थियेटर और सभी शैलियों के रंगमंच कला कार्यकलापों के लिए प्रदान की जाएगी।

ख. अनुदान के लिए पात्रता और मानदण्ड

1. रेपर्टरी अनुदान सहायता के लिए नाटक मंडलियों से यह अपेक्षा की जाती है कि उनके पास पर्याप्त संख्या में और गुणवत्ता परक रंगपटल हों और वे अखिल भारतीय स्तर पर प्रदर्शन कर रही हों।
2. वे अनुदानग्राही जो रेपर्टरी अनुदान प्राप्त कर रहे हैं, उनके रेपर्टरी अनुदान के नवीकरण की सिफारिश तभी की जाएगी जब वे वित्त वर्ष के दौरान कम से कम दो प्रस्तुतियों का मंचन करें। इनमें से एक प्रस्तुतिकरण नया अर्थात जो पहले मंचित न किया गया हो, होना चाहिए।
3. इस उद्देश्य के लिए गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा रेपर्टरी अनुदान का वार्षिक पुनरीक्षण किया जाएगा।
4. संगठन एक वित्तीय वर्ष में केवल एक ही अनुदान के लिए पात्र होंगे।
5. रेपर्टरी अनुदान को जारी रखने के लिए प्रत्येक चार वर्ष बाद वास्तविक सत्यापन आवश्यक होगा।
6. रेपर्टरी अनुदान को अनुदान नवीकरण करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने पर एक किश्त में संवितरित किया जाएगा :–

   (क) जिन संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, वे अपने आसपास के किसी भी स्कूल में कम से कम 02 सांस्कृतिक कार्यकलाप (समारोह, व्याख्यान, सेमिनार, कार्यशाला, प्रदर्शनी आदि) अनिवार्य रूप से आयोजित करेंगे। अनुदान के नवीकरण और जारी करने के लिए स्कूल के प्रधानाचार्य से इस आशय का एक प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से अपेक्षित होगा।

   (ख) रेपर्टरी अनुदान प्राप्त कर रहे संगठनों को अपने निर्माण/कार्यक्रम/संगोष्ठी आदि की वीडियो यूट्यूब पर अपलोड करनी होगी तथा यू ट्यूब/फेसबुक/संस्कृति मंत्रालय के ट्विटर पेज से लिंक प्रदान करना होगा और यह रेपर्टरी अनुदान के नवीकरण के लिए पूर्वापेक्षित शर्त है तथा उनके द्वारा अपलोड किये गए वीडियो/सामग्री पर आम जनता से प्राप्त टिप्पणियां भी रेपर्टरी अनुदान के नवीकरण के लिए ध्यान में रखी जाएंगी।

(ग) रेपर्टरी अनुदान के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित करने के लिए विज्ञापन

1. जब विज्ञापन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली और संस्कृति मंत्रालय की वेबसाइट के माध्यम से प्रति वर्ष दिया जाएगा, तब संगठन आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 1 फरवरी से 15 मार्च के बीच (दोनों तारीखें सम्मिलित हैं) आवेदन कर सकते हैं, मूल्यांकन इस उद्देश्य के लिए गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा आवधिक आधार पर किया जाएगा। विहित तारीख से पहले अथवा बाद में प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन–पत्र विधिवत रूप से संबंधित राज्य सरकार/केन्द्र शासित क्षेत्र प्रशासन या किसी भी राज्य अकादमी या राष्ट्रीय अकादमी सहित राष्ट्रीय नाट्य

विद्यालय (एनएसडी), कलाक्षेत्र फाउंडेशन, सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र (सीसीआरटी), इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आइजीएनसीए), क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों (जेडसीसी) और इसी प्रकार के निकायों से संस्तुत होना चाहिए।

2. नीचे पैरा च में यथा निर्धारित दस्तावेज, आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जाने चाहिएं। इन दस्तावेजों के बिना प्रस्तुत आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

3. संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय नाटय विद्यालय (एनएसडी) प्रति वर्ष एनएसडी/मंत्रालय की वेबसाइटों nsd.gov.in@indiaculture.nic.in पर 'रेपर्टरी अनुदान' को अधिसूचित करेगा।

4. 'रेपर्टरी अनुदान' दिशा–निर्देशों के पैरा च में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों द्वारा विहित प्रपत्र में आवेदनों को "निदेशक, राष्ट्रीय नाटय विद्यालय, बहावलपुर हाउस, प्लॉट न. 1, भगवान दास रोड, नई दिल्ली–110001 को भेजें (आवेदक संगठनों द्वारा राष्ट्रीय नाटय विद्यालय को प्रस्तुत आवेदन पत्र में किसी कमी की जानकारी सीधे निदेशक, एनएसडी को प्रस्तुत की जाए)

(घ) चयन पद्धति

1. रेपर्टरी अनुदान पर इस उद्देश्य के लिए गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा विचार और सिफारिश की जाएगी। विशेषज्ञ समिति के गठन और कार्यकाल पर मंत्रालय द्वारा निर्णय एवं अनुमोदन किया जाएगा। विशेषज्ञ समिति अपनी सिफारिशों के लिए मामला दर मामला आधार पर औचित्य बताएगी। विशेषज्ञ समिति की सिफारिश के पश्चात, प्रस्तावों की जांच संबंधित प्रभाग द्वारा की जाएगी और निधि जारी होने से पहले सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा।

2. निधियों की उपलब्धता और अनुदान के लिए आवेदनों की संख्या के आधार पर विशेषज्ञ समिति द्वारा आवेदनों की संवीक्षा आवधिक आधार पर की जाएगी।

3. आरंभिक तौर पर नए संगठनों के लिए रेपर्टरी अनुदान एक गुरू और दो कलाकारों के लिए हो सकता है जिसे क्रमशः बढ़ाकर एक गुरू और अठारह कलाकारों तक किया जा सकता है। तथापि, यह वृद्धि किसी भी समय मौजूदा संख्या के 100 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए और नृत्य एवं संगीत के क्षेत्रों के लिए यह एक गुरू और दस कलाकारों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

4. बजटीय बाध्यताओं को ध्यान में रखते हुए और नए कलाकार समूहों/संगठनों को अवसर प्रदान करने के लिए, रेपर्टरी अनुदान प्राप्त करने वाले मौजूदा संगठनों के 10 प्रतिशत को प्रत्येक वर्ष हटा दिया जाएगा। हटाने के लिए मानदण्ड पूर्व निष्पादन, साख, कार्य करने की कला (दुर्लभ/पारम्पारिक/प्रायोगिक/अभिनव/ मौलिक/विलुप्तप्रायः कला रूप आदि) हो सकते हैं।

5. रेपर्टरी अनुदान नवीकरण प्रस्ताव के लिए वैयक्तिक चर्चा होगी।

ड़. अनुदान राशि

1. प्रत्येक गुरू/निदेशक के लिए सहायता 10000/– रूपये (दस हजार रूपये) प्रति माह की दर से जबकि प्रत्येक शिष्य/कलाकार के संबंध में सहायता निम्नानुसार होगीः–

शिष्य/कलाकर की श्रेणी	आयु समूह	सहायता/मानदेय की प्रतिमाह राशि
(क) वयस्क शिष्य/कलाकार	(18 वर्ष और इससे अधिक आयु)	6000/– रूपये (छः हजार रूपये केवल)
(ख) क श्रेणी बाल शिष्य/कलाकार	(12 से 18 वर्ष तक की आयु)	4,500/– रूपये (साढे चार हजार रूपये केवल)

(ग) ख श्रेणी बाल शिष्य/कलाकार	(6 से 12 वर्ष तक की आयु)	2000/– रूपये (दो हजार रूपये केवल)
(घ) ग श्रेणी बाल शिष्य /कलाकार	(3 से 6 वर्ष तक की आयु)	1000/– रूपये (एक हजार रूपये केवल)

2. रेपर्टरी अनुदान के अंतर्गत व्यय अनुदान के आंवटित परिव्यय तक सीमित होना चाहिए।

नोटः प्रचलन के अनुसार आवेदक संगठनों को भुगतान केवल इलेक्ट्रोनिक पद्धति/आरटीजीएस के माध्यम से ही किया जाएगा।

च. आवेदन के साथ प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेज

(i) संगठन के गत वर्ष के कार्यकलापों के संबंध में प्रेस समीक्षा, प्रेस विज्ञापनों, स्मारिका टिकट की प्रतियों सहित आवेदक संगठन का संक्षिप्त परिचय।

(ii) पंजीकरण प्रमाण–पत्र और संगम ज्ञापन/विलेख, उपनियमों की प्रति।

(iii) एनजीओ–दर्पण पोर्टल से प्राप्त संगठन की विशिष्ट पहचान संख्या की पत्र प्रति।

(iv) आयकर विभाग द्वारा जारी स्थायी खाता संख्या (पैन) की प्रति।

(v) निर्धारित प्ररूप में विधिवत् भरा गया संकल्प (मूल में) ।

(vi) निर्धारित प्ररूप में विधिवत भरा गया क्षतिपूर्ति बंध पत्र (मूल में) जिसके प्रत्येक पृष्ठ पर अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता सहित दो गवाहों के नाम और दी गई जगह पर पूरे पते सहित हस्ताक्षर के साथ संगठन की मुहर सहित हस्ताक्षर किये गए हों।

(vii) निम्नलिखित अन्य बातों के साथ– साथ संगठन की वार्षिक कार्य योजना (साक्ष्य सहित):–

(क) संगठन द्वारा अपने आस–पास के किसी विद्यालय में कम से कम दो सांस्कृतिक कार्यकलापों (समारोह, भाषण, संगोष्ठी, कार्यशाला, प्रदर्शनी आदि) के आयोजन का ब्यौरा। इस संबंध में अनुदान के नवीकरण और जारी होने के लिए विद्यालय के प्राचार्य से आवश्यक रूप से प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाना चाहिए।

(ख) पूर्वाभ्यास, वेशभूषा, परिवहन, अनुसंधान, अंकन, मंचन आदि की लागत जैसे मदवार ब्यौरे दर्शाते हुए उसकी अनुमानित लागत सहित मंचित कम से कम दो प्रस्तुतियों (150 से कम शब्दों में टंकित की गई (इन दो मे से कम से कम एक प्रस्तुति नई होनी चाहिए अर्थात् जिसका मंचन पूर्व में न किया गया हो) के वार्षिक कार्यक्रम से संबंधित ब्यौराः और

(ग) प्रस्तुति/समारोह/संगोष्ठी आदि के अपलोड किये गए वीडियो/सामग्री पर आम जनता से प्राप्त टिप्पणियों की हार्डकापी (इसे भी अनुदान के नवीकरण हेतु ध्यान मे रखा जाएगा) सहित, यू ट्यूब पर अपनी प्रस्तुति/समारोह/संगोष्ठी आदि की वीडियो अपलोड करने और संस्कृति मंत्रालय के यू ट्यूब/ट्विटर पेज/ फेसबुक का लिंक प्रदान करने (यह रेपर्टरी अनुदान के नवीकरण के लिए पूर्वापेक्षित शर्त रहेगी) का साक्ष्य।

(viii) संगठन से जुड़े गुरू/निदेशक और शिष्य/कलाकार जिनके लिए वित्तीय सहायता मांगी गई है, का निर्धारित प्रपत्र में संपूर्ण ब्यौरा।

(ix) नए रेपर्टरी अनुदान या रेपर्टरी अनुदान के नवीकरण या रेपर्टरी अनुदान में वृद्धि के लिए वित्तीय सहायता

मांगने का औचित्य ।

(x) संगठन के सभी कार्यकलाप कवर करते हुए और प्राप्ति एवं भुगतान तथा आय एवं व्यय आदि के स्रोत एवं पद्धति सहित लेखाओं के विगत तीन वर्ष के संपरीक्षित विवरण।

(xi) विगत तीन वर्ष के आयकर आकलन आदेश।

(xii) लेखापरीक्षक के प्रमाण पत्र सहित विगत तीन वर्ष के तुलन पत्र।

(xiii) सनदी लेखाकार (सीए) द्वारा अपने लेटर हैड पर निर्धारित प्रपत्र (अर्थात/अनुलग्नक I एवं II सहित फार्म जीएफआर 12–ए) में उपयोगिता प्रमाण–पत्र और संगठन द्वारा प्राप्त अंतिम अनुदान के संबंध में मुहर सहित अनुदान प्राप्तकर्ता संगठन के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विधिवत प्रति हस्ताक्षरित (सीए की सदस्यता संख्या लेटर हैड पर दर्शाई जानी चाहिए) रसीदें और भुगतान विवरण (मूल में)।

(xiv) गत वर्ष की प्रस्तुतियों की प्रेस समीक्षाएं, प्रेस विज्ञापन, टिकट आदि की स्मरण प्रतियां।

(xv) इस तथ्य का दस्तावेजी साक्ष्य कि अनुदान प्राप्तकर्ता संगठन ने प्रत्येक वैयक्तिक लाभार्थी (अर्थात् गुरू एवं शिष्य/कलाकार जैसे प्रत्येक लाभार्थी की बैंक स्टे्टमेंट की प्रति) (यह रेपर्टरी अनुदान के नवीकरण की बाध्यकारी शर्त है) के बैंक खाते में गत वर्ष के इलेक्ट्रानिक रूप से प्राप्त अनुदान के रोकड़ घटक अंतरित किये हैं।

(xvi) विधिवत् भरा हुआ और हस्ताक्षरित निर्धारित बैंक प्रपत्र/प्राधिकार पत्र (मूल में) संबंधित बैंक के प्रबंधक द्वारा अधिप्रमाणित और हस्ताक्षरित हो।

(xvii) आवेदन फार्म के साथ संलग्न विधिवत भरी गई चैक–लिस्ट।

(xviii) आवेदन पर संबंधित राज्य सरकारों/संघशसित क्षेत्र के प्रशासकों या किसी भी राज्य की अकादेमियों या राष्ट्रीय नाटय विद्यालय (एनएसडी), कलाक्षेत्र प्रतिष्ठान, सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र (सीसीआरटी), इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए), क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों और सदृश महत्व के निकायों सहित राष्ट्रीय अकादेमियों द्वारा विधिवत् सिफारिश की जानी चाहिए। इस संबंध में निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त सिफारिश पत्र (मूल में) आवेदन फार्म के साथ संलग्न किया जाना चाहिए।

नोट 1. पदम पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों या किसी भी राज्य अकादमियों या राष्ट्रीय अकादमियों जिसमें राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, कला क्षेत्र फाउंडेशन, सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र (सीसीआरटी), इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए), क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र और सदृश प्रकृति के निकाय शामिल हैं, से संस्तुति प्राप्त करने की छूट होगी।

2. आवेदन मौजूदा रेपर्टरी अनुदान के दिशा निर्देशों के अनुसार हर तरह से परिपूर्ण होने चाहिए। यदि कोई त्रुटि/कमी पाई जाती है, तो उन पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में एनएसडी/संस्कृति मंत्रालय का निर्णय अंतिम होगा।

छ. रेपर्टरी अनुदान का मूल्यांकन और मॉनिटरिंग

संस्कृति मंत्रालय, जैसा भी आवश्यक समझे, आवधिक आधार पर विशेषतः रेपर्टरी अनुदानग्राहियों के लिए, आवधिक निरीक्षणों, फील्ड दौरों आदि के माध्यम से अनुदानग्राहियों का मूल्यांकन करेगा। जहां तक रेपर्टरी अनुदान के नए मामलों का संबंध है, प्रत्येक मामले में अनुमोदित अनुदान मंत्रालय द्वारा यथानिर्धारित संगठनों के वास्तविक सत्यापन के पश्चात ही जारी किया जाएगा। इसके अलावा कम से कम 5–10 प्रतिशत नए संस्तुत प्रस्तावों/मामलों का वास्तविक निरीक्षण/सत्यापन संस्कृति मंत्रालय में संबंधित अवर सचिव/अनुभाग अधिकारी या संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

1.2

राष्ट्रीय महत्व के सांस्कृतिक संगठनों को वित्तीय सहायता

1. पात्रता

(क) यह अनुदान प्राप्त करने के लिए पात्रता हेतु आवेदक संगठन का एक समुचित रूप से गठित प्रबंधन निकाय अथवा शासी निकाय अथवा शासी परिषद होनी चाहिए जिसमें लिखित संविधान के रूप में इनकी शक्तियों, दायित्वों और कर्तव्यों को स्पष्ट रूप से उल्लिखित और निर्धारित किया होना चाहिए।

(ख) इसके पास जिस परियोजना के लिए अनुदान अपेक्षित है उसको शुरू करने के लिए सुविधाएं, संसाधन, कार्मिक एवं अनुभव होना चाहिए।

(ग) आवेदक संगठन को भारत में पंजीकृत होना चाहिए और राष्ट्रीय मौजूदगी समेत इसे अखिल भारतीय स्तर का होना चाहिए तथा इसकी राष्ट्रीय / अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्यात्मक मौजूदगी होनी चाहिए।

(घ) इस संगठन के कार्यकलाप मुख्य रूप से और महत्वपूर्ण रूप से सांस्कृतिक होने चाहिए।

(ङ) इस संगठन की क्षमता वर्ष भर में कम से कम 20 समारोह / कार्यक्रम करने की होनी चाहिए।

(च) इस संगठन के पास पर्याप्त कार्यक्षमता, कलाकार / स्टाफ / स्वैच्छिक सदस्य होने चाहिए।

(छ) इस संगठन द्वारा सांस्कृतिक कार्यकलापों पर विगत 5 वर्षों के 3 वर्षों में 1.00 करोड़ अथवा अधिक की राशि खर्च की हुई होनी चाहिए।

(ज) वित्तीय सहायता नीचे सूचीबद्ध सभी मदों और अथवा कुछ मदों के लिए प्रदान की जाएगी।

(i) सामान्यतः कुल सरकारी अनुदान के 25 प्रतिशत का उपयोग कला एवं संस्कृति के प्रोन्नयन पर केन्द्रीत संस्थान / संगठन/ संस्कृति के भवन के रख–रखाव (स्टाफ वेतन, कार्यालयी खर्च, विविध खर्च) और निर्माण / मरम्मत / विस्तार/ पुनर्स्थापना/ नवीकरण के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

(ii) सामान्यतः कुल सरकारी अनुदान के 75 प्रतिशत का उपयोग हर हाल में कला एवं संस्कृति के संवर्धन संबंधी शोध परियोजनाओं समेत सांस्कृतिक विरासत तथा कला के परिरक्षण और संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण समारोह को प्रदर्शित/आयोजित करने पर हुए अन्य विविध खर्चों तथा मानदेय के भुगतान के लिए उपयोग किया जा सकता है।

2 चयन पद्धति और अनुदान जारी करने की शर्तें

(क) संचालन समिति द्वारा स्कीम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों / प्रस्तावों के मूल्यांकन तथा इसके पश्चात् संस्कृति मंत्रालय में सक्षम प्राधिकरण के प्रशासनिक अनुमोदन के आधार पर अनुदान प्रदान किया जाएगा।

(ख) यह अनुदान 2 किश्तों में प्रदान किया जाएगा (अर्थात् 75 प्रतिशत और 25 प्रतिशत), इसकी पहली किश्त परियोजना के अनुमोदन के समय जारी की जाएगी। इसकी दूसरी किश्त समुचित प्रारूप (इसके अनुलग्नक–I एवं II सहित जीएफआर–12–ए के अनुसार) में उपयोग प्रमाण–पत्र, चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा सत्यापित अनुदान प्राप्तकर्ता के हिस्से समेत अनुदान की संपूर्ण राशि के उपयोग को दर्शाते हुए लेखाओं का विधिवत लेखा–परीक्षा विवरण तथा अन्य दस्तावेजों की प्राप्ति होने पर जारी की जाएगी। अनुदान की शेष राशि को जारी करने पर निर्णय संस्वीकृत अनुदान की अधिकतम सीमा के अध्यधीन परियोजना पर किए गए वास्तविक व्यय के आधार पर किया जाएगा।

(ग) वित्तीय सहायता पाने वाले संगठन का संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार अथवा संबंधित राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत

अधिकारी / प्रतिनिधि द्वारा निरीक्षण किया जाएगा।

(घ) परियोजना के लेखाओं को समुचित तथा पृथक रूप से रखा जाएगा और भारत सरकार द्वारा जब कभी मांगा जाए, इन्हें प्रस्तुत किया जाएगा और केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार अथवा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के अधिकारी विवेकानुसार उनकी जांच के अध्यधीन होगा।

(ङ) यह संगठन कला एवं संस्कृति के प्रोन्नयन पर केन्द्रीत संस्था / संगठन/ केन्द्र के भवन के रख–रखाव (स्टाफ वेतन, कार्यालय खर्च, विविध खर्च) और निर्माण / मरम्मत / विस्तारण / पुनर्स्थापना / नवीकरण के लिए उपयोग किए गए व्यय का विस्तृत मद–वार ब्यौरा प्रदान करेंगे।

(च) अनुदान प्राप्तकर्ता निम्नलिखित का रख–रखाव करेगा :

i. सरकार से प्राप्त सहायतानुदान के अतिरिक्त लेखे।

ii. सजिल्द हाथ से लिखे हुए बही–खाते जिनमें मशीन से संख्यांकन किया गया हो।

iii. सरकार और अन्य एजेंसियों से प्राप्त अनुदान के लिए सहायतानुदान रजिस्टर।

iv. व्यय की प्रत्येक मद जैसे हॉस्टल भवन का निर्माण आदि के पृथक बहीखाते।

(छ) संगठन केन्द्र सरकार के अनुदान से पूर्णतः और आंशिक रूप से अर्जित सभी परिसम्पत्तियों का रिकॉर्ड रखेगा और जिस उद्देश्य के लिए अनुदान दिया गया है, के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए इन्हें भारत सरकार की पूर्व अनुमति के बिना नहीं बेचेगा अथवा ऋणग्रस्त और उपयोग करेगा।

(ज) किसी भी समय यदि भारत सरकार के पास ऐसा विश्वास करने के पर्याप्त कारण हैं कि मंजूर की गई धनराशि का उपयोग अनुमोदित उद्देश्यों के लिए नहीं किया जा रहा है, तो अनुदान का भुगतान रोका जा सकता है और पहले के अनुदानों की वसूली की जा सकती है।

(झ) संगठन को अनुमोदित परियोजना के कार्य के लिए अवश्य ही तर्कसंगत मितव्ययिता अपनानी चाहिए।

(ञ) अनुदान प्राप्तकर्ता संगठन वास्तविक उपलब्धियों तथा प्रत्येक अनुमोदित मद पर पृथक रूप से हुए व्यय, दोनों, के विस्तृत ब्यौरे देते हुए परियोजना की तिमाही प्रगति रिपोर्ट संस्कृति मंत्रालय को प्रस्तुत करेगा।

(ट) ऐसे आवेदन जिनके पिछले अनुदान / उपयोग प्रमाण–पत्र लंबित हैं, उन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ठ) संगठन को अपने आस–पास के किसी भी विद्यालय में कम से कम 2 गतिविधियां (समारोह, व्याख्यान, सेमिनार, कार्यशाला, प्रदर्शनी आदि) अवश्य ही आयोजित करनी चाहिए। दूसरी किस्त जारी करने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से अपेक्षित होगा।

3. सहायता की राशि

एक संगठन को सामान्यतः 1.00 करोड़ रू. तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, मंत्रालय द्वारा दी जाने वाले वित्तीय सहायता केवल 2.00 करोड़ रू. तक सीमित होगी। तथापि, माननीय संस्कृति मंत्री के अनुमोदन से आपवादिक / सुयोग्य मामलों में इस धनराशि को 5.00 करोड़ रू. तक बढ़ाया जा सकता है। स्कीम के अंतर्गत किसी संगठन के लिए सहायता उपरोक्त सीमा के अध्यधीन अनुमोदित लागत के अधिकतम 67 प्रतिशत तक सीमित रहेगी। अनुमोदित लागत के शेष 33 प्रतिशत को संगठन द्वारा इसके 'समतुल्य हिस्सेदारी' (राज्य / संघ राज्य क्षेत्र सरकार/ केन्द्रीय मंत्रालय/ पीएसयू/ विश्वविद्यालय द्वारा अंशदान के अलावा) के रूप में खर्च किया जाएगा।

4. लेखांकन प्रक्रियाएं

(क) केन्द्र सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदान के संबंध में पृथक लेखाओं का रख–रखाव किया जाएगा।

(ख) अनुदान प्राप्तकर्ता संगठन के लेखे भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक अथवा उसके विवेकानुसार उनके नामिती के द्वारा किसी भी समय लेखा–परीक्षा के लिए उपलब्ध रहेंगे।

(ग) अनुदान प्राप्तकर्ता संगठन अनुमोदित परियोजना पर हुए खर्च को दर्शाते हुए तथा पूर्व वर्षों में सरकारी अनुदान के उपयोग का उल्लेख करते हुए सनदी लेखाकार द्वारा सम्प्रीक्षित लेखा विवरण भारत सरकार को प्रस्तुत करेगा। यदि निर्धारित अवधि के भीतर उपयोग प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो जब तक सरकार द्वारा कोई विशेष छूट न दी गई हो, वह तुरंत प्राप्त अनुदान की राशि को उस पर भारत सरकार की मौजूदा ब्याज दर के साथ वापस लौटाने की व्यवस्था करेगा।

(घ) अनुदान प्राप्तकर्ता संगठन, जब कभी भी सरकार को आवश्यक प्रतीत होने पर भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय द्वारा समिति के नियुक्त करने अथवा सरकार द्वारा निर्धारित किसी अन्य तरीके के माध्यम से समीक्षा के लिए खुला रहेगा।

(ङ) अनुदान प्राप्तकर्ता संगठन विदेश मंत्रालय की पूर्व अनुमति के बिना किसी विदेशी प्रतिनिधिमंडल (जिन्हें संस्कृति मंत्रालय के अनुदान द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त कार्यक्रमों के संबंध में आमंत्रित किया जा रहा है) को आमंत्रित नहीं करेगा। इस प्रकार की अनुमति के आवेदन संस्कृति मंत्रालय के माध्यम से भेजे जाएंगे।

(च) यह संगठन समय–समय पर सरकार द्वारा लगाई गई ऐसी अन्य शर्तों के अध्यधीन होगा।

5. आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया :

संस्कृति मंत्रालय की वेबसाइट पर पात्र संगठनों से आवेदनों को आमंत्रित करने के लिए विज्ञापन अपलोड किया जाएगा। विहित प्रपत्र में विधिवत भरे आवेदन पत्रों को केन्द्र सरकार / राज्य सरकार/ संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के संबंधित सांस्कृतिक विभाग/स्कंध अथवा संस्कृति मंत्रालय के किसी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र / राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी), संगीत नाटक अकादमी (एसएनए), ललित कला अकादमी (एलकेए), सीसीआरटी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए), सहित राष्ट्रीय अकादमियों तथा इसके सदृश प्रकृति के निकायों द्वारा संस्तुत किया जाना चाहिए और इन्हें केवल इन्हीं संगठनों के माध्यम से भेजा जाना चाहिए। तथापि, संस्कृति मंत्रालय के पास किसी आवेदन पर सीधे विचार करने का विवेकाधिकार होगा।

6. आवेदन के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज

क. संगठन की संरचना

ख. शासी निकाय के प्रबंधन बोर्ड का संघटन और प्रत्येक सदस्य संबंधी ब्यौरे

ग. अद्यतन उपलब्ध वार्षिक रिपोर्ट की प्रति

घ. निम्नलिखित को शामिल करते हुए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट ;

1. जिस परियोजना के लिए सहायता चाहिए उसकी अवधि समेत उस परियोजना का ब्यौरा।
2. आवर्ती तथा गैर–आवर्ती व्यय का अलग–अलग मदवार ब्यौरा प्रदान करते हुए परियोजना का वित्तीय विवरण।
3. उस स्रोत का उल्लेख जहां से सदृश धनराशि प्राप्त की जाएगी।

ड. आवेदक संगठन का विगत तीन वर्षों की आय और व्यय का विवरण तथा तुलन पत्र की एक प्रति।

च. समुचित मूल्य के स्टाम्प पेपर पर विहित प्रपत्र में एक क्षतिपूर्ति बंध पत्र।

छ. संस्वीकृत अनुदान के इलेक्ट्रॉनिक अंतरण को सुलभ बनाने के लिए विहित प्रपत्र में बैंक खाते के विवरण।

7. छूट

आपवादिक मामलों में विशेषज्ञ / संचालन / सलाहकार समिति की सिफारिशों जिसके लिए कारणों का लिखित में उल्लेख करना होगा, के आधार पर, संस्कृति मंत्रालय को दिशा निर्देशों के किसी मानदंड में छूट देने का अधिकार सुरक्षित है।

1.3

सांस्कृतिक समारोह एवं निर्माण अनुदान (सीएफपीजी)

1. शीर्षक

इस स्कीम को सांस्कृतिक समारोह एवं निर्माण अनुदान (सीएफपीजी) कहा जाएगा।

2. कार्यक्षेत्र

इस स्कीम में सोसाइटियों, न्यासों तथा विश्वविद्यालयों, जो भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर सेमिनार, अनुसंधान, कार्यशालाएं, उत्सव तथा प्रदर्शनियां आयोजित करते हैं, सहित सभी गैर लाभकारी संगठनों को सहायता देना शामिल है। ये संगठन सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम (1860 का XXI), न्यास अधिनियम, कंपनी अधिनियम या केन्द्र या राज्य सरकार के अन्य किसी अधिनियम के तहत पंजीकृत होने चाहिए और कम से कम तीन वर्ष से कार्यरत होने चाहिए। इस स्कीम घटक के तहत वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति के लिए ऐसी कोई अपेक्षा नहीं है।

तथापि यह स्कीम ऐसे संगठनों या संस्थाओं के लिए नहीं होगी जो धार्मिक संस्थाओं या स्कूलों/कॉलेजों के रूप में कार्य कर रहे हों। यह स्कीम घटक कालेज/विश्वविद्यालय महोत्सवों हेतु नहीं है।

अनुदान, सांस्कृतिक विरासत, कला, साहित्य और अन्य सृजनात्मक कार्यों के परिरक्षण या संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर सम्मेलनों, सेमिनारों, कार्यशालाओं, विचार–गोष्ठियों, महोत्सवों तथा प्रदर्शनियों जैसे सभी प्रकार के परस्पर मेलजोल के मंचों के लिए दिया जाएगा।

3. पात्रता

क) अनुदान का पात्र होने के लिए आवेदक संगठन जो स्वैच्छिक संगठन या एनजीओ हैं, का समुचित रूप से गठित ऐसा प्रबंधन निकाय या शासी परिषद होनी चाहिए जिसकी शक्तियां, कार्य व जिम्मेदारियां लिखित संविधान में स्पष्ट रूप से परिभाषित व निर्धारित हों।

ख) संगठन /व्यक्ति द्वारा परियोजना लागत के कम से कम 25 प्रतिशत तक समतुल्य संसाधनों का करार किया होना चाहिए या इसकी योजना बनाई जानी चाहिए।

ग) संगठन/व्यक्ति के पास उस कार्यक्रम/परियोजना को शुरू करने के लिए सुविधाएं, संसाधन, कार्मिक तथा अनुभव होना चाहिए जिसके लिए अनुदान की मांग की गई हो।

घ) यथा आवेदित ऐसे समारोह के आयोजनों के विगत अनुभव को वरीयता दी जाएगी।

4. कार्यकलाप जिनके लिए सहायता दी जानी है और सहायता की सीमा

वित्तीय सहायता निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए दी जा सकती है :

क) किसी भी कला रूप/महत्वपूर्ण सांस्कृतिक मामलों पर सम्मेलन, सेमिनार, कार्यशालाएं, विचार–गोष्ठियां, महोत्सव, प्रदर्शनियां आयोजित करना और लघु अनुसंधान परियोजनाएं आदि शुरू करना।

ख) सांस्कृतिक विषयों एवं उनके प्रकाशनों सहित उनके संबंध में सर्वेक्षण, प्रायोगिक परियोजनाएं आदि संचालित करने जैसे विकास प्रकृति के कार्यकलापों पर व्यय की पूर्ति करना।

5. सहायता की राशि :

उपर्युक्त पैरा 4 के तहत विशिष्ट परियोजनाओं के लिए अनुदान, विशेषज्ञ समिति द्वारा यथा संस्तुत व्यय का 75 प्रतिशत तक सीमित होगा, जो प्रति परियोजना अधिकतम 5.00 लाख रू. के अध्यधीन होगा।

मंत्रालय अपवादस्वरूप परिस्थितियों में समुचित अनुमोदन के तहत उत्कृष्ट योग्यता व प्रासंगिकता की किसी भी परियोजना के लिए सहायता की राशि माननीय संस्कृति मंत्री के अनुमोदन से 20 लाख रु. तक बढा सकता है।

6. लेखांकन पद्धतियां

केन्द्र सरकार द्वारा जारी अनुदानों के संबंध में अलग लेखे रखे जाएंगे

क) अनुदान प्राप्तकर्ता संगठन/व्यक्ति के लेखाओं की समीक्षा, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक या उसके विवेक पर उसके नामिती द्वारा कभी भी की जा सकेगी।

ख) अनुदान प्राप्तकर्ता संगठन/व्यक्ति, भारत सरकार को अनुमोदित परियोजना पर किए गए व्यय का उल्लेख करते हुए और पूर्व वर्षों में सरकारी अनुदान के उपयोग का ब्यौरा देते हुए किसी सनदी लेखाकार से संपरीक्षित लेखाओं का विवरण प्रस्तुत करेगा। यदि उपयोगिता प्रमाण–पत्र निर्धारित अवधि के भीतर प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो अनुदान प्राप्तकर्ता को प्राप्त अनुदान की समग्र राशि और उस पर भारत सरकार की प्रचलित उधार दर पर ब्याज तत्काल वापिस करना होगा बशर्ते कि सरकार द्वारा विशेष रूप से ब्याज माफ न किया गया हो।

ग) अनुदान प्राप्तकर्ता संगठन/व्यक्ति की, सरकार द्वारा कभी भी आवश्यक समझे जाने पर कोई समिति नियुक्त करके या सरकार द्वारा निर्धारित किसी अन्य तरीके से भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय द्वारा समीक्षा की जाएगी।

घ) अनुदान प्राप्तकर्ता संगठन/व्यक्ति, विदेश मंत्रालय से अनुमति लिए बिना विदेशी प्रतिनिधिमण्डल को आमंत्रित नहीं करेगा, जिसके लिए आवेदन अनिवार्यतः संस्कृति मंत्रालय के जरिए प्रस्तुत किया जाएगा।

ड.) यह ऐसी अन्य शर्तों के अध्यधीन होगा जो समय–समय पर सरकार द्वारा लागू की जाएं।

7. आवेदन प्रस्तुत करने की पद्धति

यह स्कीम घटक वर्ष भर खुला रहेगा। इस घटक के तहत अनुदान के लिए निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन निदेशक, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र (एनसीजेडसीसी), 14, सीएसपी सिंह मार्ग, इलाहाबाद–211001 को भिजवाए जाएं। दूरभाष संख्या है 0532– 2421855, 0532–2423698। आवेदन को किसी भी राष्ट्रीय अकादेमी या भारत सरकार के अधीन किसी अन्य संस्कृति संबंधी संगठन या संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, राज्य अकादेमियों द्वारा संस्तुत किया जाना अपेक्षित होगा।

8. आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज

(क) संगठन का संघटन। यह व्यक्ति के संबंध में लागू नहीं होगा।

(ख) प्रबंधन बोर्ड या शासी निकाय का गठन और प्रत्येक सदस्य का ब्यौरा। यह व्यक्ति के संबंध में लागू नहीं होगा।

(ग) नवीनतम उपलब्ध वार्षिक रिपोर्ट की प्रति।

(घ) निम्नलिखित सहित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट :

  (i) परियोजना की अवधि सहित उस परियोजना का विवरण जिसके लिए सहायता का अनुरोध किया गया है तथा परियोजना के लिए नियोजित किए जाने वाले स्टाफ की अर्हताओं तथा अनुभव का ब्यौरा;

  (ii) आवर्ती व गैर–आवर्ती व्यय का अलग से मदवार ब्यौरा देते हुए परियोजना का वित्तीय विवरण, और

(iii) स्रोत जिनसे सहयोगी निधियां प्राप्त की जाएंगी।

(ड.) आवेदक संगठन/व्यक्ति के गत तीन वर्षों के आय व व्यय का विवरण तथा किसी सनदी लेखाकार या सरकारी लेखापरीक्षक द्वारा प्रमाणित गत वर्ष के तुलन–पत्र की प्रति।

(च) समुचित मूल्य के स्टाम्प पेपर पर निर्धारित प्रोफर्मा में क्षतिपूर्ति बंध पत्र।

(छ) संस्वीकृत निधियों के इलेक्ट्रॉनिक अंतरण हेतु निर्धारित प्रोफार्मा में बैंक खाते का ब्यौरा

9. किस्त

अनुदान, 75 प्रतिशत (प्रथम किस्त) और 25 प्रतिशत (दूसरी किस्त) की दो किस्तों में जारी किया जाएगा।

10. भुगतान का तरीका

सभी भुगतान केवल इलेक्ट्रॉनिक अतंरणों से किया जाएगा।

11. स्कीम घटक का आउटपुट

अनुदान प्राप्तकर्ता संगठनों/व्यक्तियों से अपेक्षित होगा कि वे अपने निर्माण/समारोह/संगोष्ठी) आदि के वीडियो यू ट्यूब पर अपलोड करें तथा संस्कृति मंत्रालय के यू ट्यूब/फेसबुक/ट्विटर पेज का लिंक उपलब्ध कराएं।

12. संपर्क सूत्र :

अनुभाग अधिकारी (एस एंड एफ),

दूरभाष संख्या 011– 24642157

पूछताछ का समय सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर 3.00 बजे से 4.00 बजे तक है।

1.4

हिमालय क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए वित्तीय सहायता स्कीम

1. उद्देश्य :

इस स्कीम का उद्देश्य अनुसंधान, प्रलेखन, प्रसार आदि माध्यमों से जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में फैले हिमालयी क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का संवर्धन, संरक्षा व संरक्षण करना है।

2. अनुदान का मापदंड :

(i) स्वैच्छिक संस्थान का पंजीकरण, सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 या सार्वजनिक न्यास के रूप में भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 के तहत होना चाहिए और वह विगत तीन वर्षों से कार्यरत हो।

(ii) कॉलेज और विश्वविद्यालय भी आवेदन हेतु पात्र हैं।

(iii) संस्थान के पास अनुसंधान परियोजनाओं को हाथ में लेने और उसको आगे बढ़ाने की क्षमता होनी चाहिए। इसके पास अनुदान के लिए अपेक्षित स्कीम को लागू करने के लिए आवश्यक सुविधाएं, संसाधन और कार्मिक भी होने चाहिए।

(iv) कॉलेज और विश्वविद्यालयों को अपने पाठ्यक्रम की विवरणी या अनुसंधान पाठयक्रम में, हिमालय की कला और संस्कृति के परिरक्षण से संबद्ध अध्ययन के विभिन्न पहलुओं को प्रारंभ करना चाहिए, यदि इन्हें पहले शामिल नहीं किया गया हो।

(v) आवेदन करने वाले कॉलेज को विश्वविद्यालय से संबद्ध होना चाहिए।

(vi) अनुदान, तदर्थ और गैर–आवर्ती प्रकृति का होगा।

(vii) इस स्कीम से अनुदान केवल उन संस्थानों को दिए जाएंगे जो किसी अन्य स्रोत से, ऐसे ही उद्देश्य के लिए अनुदान नहीं प्राप्त कर रहे हैं।

(viii) ऐसे संस्थानों को वरीयता दी जाएगी जो अपने क्षेत्रों में अच्छा कार्य कर रहे हैं और अपने हिस्से की धन राशि जुटाने में समर्थ हैं।

3. सहायता का उद्देश्य और मात्रा : वित्तीय सहायता, अधोलिखित किसी भी मद के लिए, किसी एक संस्थान को अधिकतम, 10.00 लाख रू. तक दी जाती है :

क्र.सं.	मद	प्रतिवर्ष अधिकतम राशि
i.	सांस्कृतिक विरासत का अध्ययन और अनुसंधान	10.00 लाख रू.
ii.	प्राचीन पांडुलिपियों, साहित्य, कला और शिल्प का अनुरक्षण और संस्कृति कार्यकलापों/कार्यक्रमों जैसे संगीत नृत्य आदि का प्रलेखन।	10.00 लाख रू.
iii.	कला और संस्कृति के श्रृव्य–दृश्य कार्यक्रमों के माध्यमों से प्रसार करना।	10.00 लाख रू.
iv.	पारम्परिक और लोक कलाओं में प्रशिक्षण	10.00 लाख रू.

3.1 किसी संस्थान के लिए अधिकतम स्वीकार्य अनुदान राशि, किसी मद पर अधिकतम निर्धारित सीमा के अधीन खर्च किए जाने वाली राशि की 75ः प्रतिशत होगी। शेष 25 प्रतिशत ः या उससे अधिक व्यय, राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन वहन करेगा। ऐसा न होने पर अनुदान प्राप्त करने वाला संस्थान, अपने संसाधनों से धन जुटाएगा। तथापि, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के मामलों में निधि का बंटवारा भारत सरकार और उस संस्थान के मध्य क्रमशः 90:10 के अनुपात में किया जाएगा।

4. आवदेन की प्रक्रिया :

4.1 संस्थान/व्यक्ति, अपना विधिवत भरा हुआ आवेदन, अधोलिखित दस्तावेजों/ सूचना सहित संस्कृति मंत्रालय में प्रस्तुत करने के पूर्व, उस संस्थान की पात्रता के आकलन के लिए संबद्ध राज्य सरकार के माध्यम से भेजेगा, जहां पर परियोजना को लागू करने का प्रस्ताव है। तथापि, ऐसे संस्थान जो सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश तथा जम्मू और कश्मीर के लेह और कारगिल जिलों में स्थित हैं, केवल उस जिले के कलेक्टर/उपायुक्त की सिफारिश से, उन्हें अपने आवेदन सीधे संस्कृति मंत्रालय को भेजने की छूट दी गई है। कॉलेज और विश्वविद्यालय अपने आवेदन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से संस्कृति मंत्रालय को अग्रेषित करेंगे।

क्र.सं.	दस्तावेज/सूचना
i.	पंजीकरण प्रमाण–पत्र की वैध प्रतिलिपि, जिसमें स्पष्ट रूप से पंजीकरण की वैधता दर्शित हो। पंजीकरण प्रमाण–पत्र की प्रति राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित की जाए।
ii.	संगम ज्ञापन की प्रतिलिपि।
iii.	पिछले तीन वर्षों के संपरीक्षित लेखाओं की प्रतियां।
iv.	पिछले तीन वर्षों की वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां, जिनमें उपलब्धि से संबंधित दस्तावेजी प्रमाण पुष्टि हेतु संलग्न हों।
v.	प्रारंभ की जाने वाली परियोजना के कार्यकलापों का क्रमिक विवरण जिसमें लागत अनुमानों का ब्यौरा, सरकार से निधि प्राप्त करने की आवश्यकता, निधियन के अन्य स्रोत, परियोजना की पूर्णता विषयक सारिणी आदि शामिल हों।
vi.	अनुसंधान से संबंधित कार्मिकों के मामले में संक्षिप्त वर्णन।

4.2 **संस्तुति** : प्रस्ताव की संस्तुति के समय राज्य सरकार/जिला कलेक्टर/उपायुक्त/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग :

i. संस्थान की पंजीकरण स्थिति की जांच करेगा।

ii. यह प्रमाणित करेगा कि स्वैच्छिक संगठन ऐसी परियोजना का दायित्व लेने में समर्थ हैं।

iiii. यह प्रमाणित करेगा कि परियोजना/चलाई जाने वाली परियोजना का प्रस्तावित शीर्ष/क्षेत्र पहले कभी शुरू नहीं किया गया और यह नई परियोजना है।

iv. कार्यकलाप/ गतिविधियों और उससे संबद्ध राशि की संस्तुति करेगा।

5. अनुदान जारी होने की शर्तें और तरीका :

क. अनुदान की राशि दो समान किस्तों में भुगतान की जाएगी, सामान्य रूप से, पहली किस्त– परियोजना के अनुमोदन के साथ ही जारी कर दी जाएगी। दूसरी किस्त, परियोजना के पूर्ण होने और विधिवत संपरीक्षित लेखा विवरण, जिसमें यह दर्शाया गया हो कि अनुदान की समस्त राशि तथा अनुदान प्राप्तकर्ता/संबंधित राज्य/संघ शासित क्षेत्र की

सरकार के अंशदान का सदुपयोग कर लिया गया है सहित अन्य दस्तावेज प्राप्त होने पर जारी कर दी जाएगी। अनुदान की शेष राशि जारी करने का निर्णय, परियोजना के लिए अधिकतम सीमा को ध्यान में रखते हुए, परियोजना पर किए गए वास्तविक व्यय के आधार पर किया जाएगा।

ख. इस स्कीम के तहत जो संगठन आर्थिक सहायता प्राप्त करते हैं, उनका निरीक्षण संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार या संबंधित राज्य सरकार के किसी अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

ग परियोजना के लेखों का रख–रखाव उचित रूप से और पृथक रूप से किया जाएगा और भारत सरकार को, जब कभी आवश्यक हो, प्रस्तुत किए जायेंगे और इसकी जांच केंद्र सरकार के किसी अधिकारी या राज्य सरकार या भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा उनके विवेक के अधीन होगी।

घ. अनुदान प्राप्तकर्ता निम्नलिखित का रख–रखाव करेगा :–

i. सरकार से प्राप्त सहायता अनुदान के सहायक खाते।

ii. सजिल्द हाथ से लिखी कैश बुक रजिस्टर जिनमें मशीन से विधिवत् संख्यांकन किया गया हो।

iii. सरकार और अन्य अभिकरणों से प्राप्त अनुदान के लिए सहायता अनुदान रजिस्टर।

iv. सिविल कार्य का निर्माण आदि जैसे प्रत्येक मद के व्यय के लिए अलग–अलग लेखा बही।

ड. संगठन केन्द्र सरकार के अनुदान से पूर्णतः और आंशिक रूप से अर्जित सभी परिसम्पत्तियों का रिकॉर्ड रखेगा और जिस उद्देश्य के लिए अनुदान दिया गया है, के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए इन्हें भारत सरकार की पूर्व अनुमति के बिना नहीं बेचेगा अथवा ऋण पर देगा या उपयोग करेगा।

च. यदि किसी समय, भारत सरकार के पास ऐसा विश्वास करने का पर्याप्त कारण है कि स्वीकृत राशि का उपयोग अनुमोदित प्रयोजनों के लिए नहीं किया जा रहा है, तो अनुदान का भुगतान रोका जा सकता है और पूर्व अनुदानों की वसूली की जा सकती है।

छ. संस्थान को अनुमोदित परियोजना की कार्य प्रणाली में तर्कयुक्त मितव्ययिता का अनुसरण करना चाहिए।

ज. अनुदान प्राप्तकर्ता संस्थान, संस्कृति मंत्रालय को, परियोजना की एक तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा, जिसमें वास्तविक उपलब्धियों और प्रस्तावित प्रत्येक मद पर व्यय, दोनों के विवरणों को, अलग से दिखाया गया हो।

झ. अनुदान प्राप्तकर्ता, विधिवत रूप से जिल्दसाजी युक्त परियोजना रिपोर्ट/श्रव्य–दृश्य सीडी/फोटोग्राफ सहित, तीन प्रतियां संस्कृति मंत्रालय को प्रस्तुत करेगा और एक प्रति, उस राज्य को भेजेगा, जहां पर परियोजना को प्रारंभ किया गया है।

ञ. उन संस्थानों जिनके विरुद्ध पूर्व अनुदान/उपयोग प्रमाण–पत्र विलंबित है, के आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. भुगतान का तरीका :

सभी भुगतान इलेक्ट्रॉनिक अन्तरणों द्वारा किए जाएंगे।

7. स्कीम का आउटकम :

अंतिम किस्त के लिए अनुरोध करते समय तीन प्रतियों में, विधिवत जिल्दसाजी की गई, शुरू किए गए कार्यकलाप के संबंध में कार्य निष्पादन–सह–उपलब्धि रिपोर्ट संस्कृति मंत्रालय को प्रस्तुत की जाएगी। इसमें अन्य बातों के साथ–साथ, परियोजना रिपोर्ट का कार्यकारी सारांश, लाभार्थियों की संख्या, परियोजना का स्थान आदि अधोलिखित प्रारूप में दिए जाने चाहिए :

8. अपूर्ण आवेदन :

ऐसे आवेदन जो उचित रूप में नहीं भरे गए हैं और जिनके साथ में आवश्यक दस्तावेज नहीं लगाए गए है तथा वे आवेदन जो निर्धारित प्राधिकारी की संस्तुति के बिना ही प्राप्त होंगे, उन पर विचार नहीं होगा और वे सरसरी तौर पर निरस्त कर दिए जाएंगे।

9. विशेष प्रावधान :

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार अपने किसी चुनिंदा एजेंसियों के जरिए या सीधे ही इस विषय पर कोई भी परियोजना आरंभ कर सकता है और अधिकतम सीमा से अधिक परियोजना हेतु वित्तपोषण कर सकता है, परन्तु सचिव (संस्कृति) के अनुमोदन और अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, संस्कृति मंत्रालय की सहमति से यह स्कीम हेतु विहित 30.00 लाख रु. से अधिक नहीं होगी। जहां कहीं भी संस्कृति मंत्रालय अपने चुनिंदा किसी संगठन को कोई विशेष परियोजना सौंपने का निर्णय लेता है, तो वहां संबंधित राज्य सरकार की अनुशंसा अनिवार्य नहीं होगी। स्कीम की विशेषज्ञ सलाहकार समिति को राज्य सरकार /स्थानीय प्रशासन की सिफारिशों या सिफारिश के बिना प्राप्त किसी प्रस्ताव की संस्तुति करने या रद्द करने तथा इस स्कीम की यथोपरि अधिकतम सीमा से अधिक राशि संस्तुति प्रदान करने की शक्ति भी प्राप्त है।

10. निरीक्षण और निगरानी

कम से कम 5 प्रतिशत मामलों में प्रति वर्ष मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। संबंधित राज्य सरकार, जिला कलेक्टर/उपायुक्त भी निगरानी करेंगे।

11. अनुदान के दुरूपयोग के मामलों में आर्थिक दंड :

संगठन के कार्यकारी निकाय के सदस्य अनुदान के दुरुपयोग के मामले में वसूली के लिए उत्तरदायी होंगे। संगठन को निधि के दुरूपयोग, फर्जी पंजीकरण प्रमाण–पत्र आदि के लिए काली सूची में भी दर्ज़ कर दिया जाएगा। सरकारी अनुदान की सहायता से सृजित सभी अचल परिसम्पत्तियां संस्कृति मंत्रालय द्वारा विहित स्थानीय प्रशासन द्वारा हाथ में ले ली जाएंगी।

1.5

बौद्ध/तिब्बती संस्कृति और कला के विकास के लिए वित्तीय सहायता स्कीम

क. उद्देश्य:

इस स्कीम का उद्देश्य बौद्ध/तिब्बती संस्कृति और परम्परा के प्रचार–प्रसार एवं वैज्ञानिक विकास तथा संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान में कार्यरत मठों सहित स्वैच्छिक बौद्ध/तिब्बती संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

2. अनुदान के लिए मानदंड:

i. स्वैच्छिक संस्था/संगठन और सोसायटी को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम (1860 का XXI) अथवा सदृश अधिनियमों के अंतर्गत एक सोसायटी के रूप में पंजीकृत होना चाहिए।

ii. केवल वही संगठन अनुदान के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे, जो मुख्यतः बौद्ध/तिब्बती अध्ययन कार्यों में लगे हैं तथा कम से कम गत तीन वर्षों से इस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं।

iii. संगठन क्षेत्रीय अथवा अखिल भारतीय स्तर का होना चाहिए।

iv. अनुदान तदर्थ आधार पर दिया जाएगा तथा इसका स्वरूप अनावर्ती प्रकृति का होगा।

v. इस स्कीम के अंतर्गत केवल उन्हीं संगठनों को अनुदान दिया जाएगा, जिन्हें ऐसे ही प्रयोजनों के लिए किसी अन्य स्रोत से अनुदान प्राप्त नहीं होता है।

vi. हॉस्टल भवन, कक्षा, विद्यालय भवन और प्रशिक्षण केन्द्र के निर्माण के लिए भी वित्तीय सहायता दी जा सकती है।

vii. ऐसे संगठनों को वरीयता दी जाएगी, जिनका संबंधित क्षेत्र में किया जा रहा कार्य अच्छा है तथा जिनके पास समतुल्य निधियों की पूर्ति के लिए संसाधन उपलब्ध हैं।

3. सहायता का प्रयोजन और मात्रा

3.1 किसी एक संगठन को प्रत्येक वर्ष अधिकतम 30.00 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता नीचे दी गई सभी मदों अथवा किसी एक मद के लिए दी जा सकती है। अखिल भारतीय स्वरूप के ऐसे संगठनों और मठ विषयक शिक्षा प्रदान करने वाले किसी स्कूल के संचालन के मामले में वित्तीय सहायता की राशि अधिकतम सीमा से ज्यादा हो सकती है और जो विशेषज्ञ सलाहकार समिति की सिफारिश पर और वित्तीय सलाहकार, संस्कृति मंत्रालय के परामर्श से संस्कृति मंत्री के अनुमोदन पर निर्भर करेगी।

क्र.सं.	मदें	अधिकतम राशि प्रतिवर्ष
i.	अनुरक्षण (कार्मिकों को वेतन, कार्यालय व्यय/विविध व्यय)	5,00,000/रु.
ii.	बौद्ध/तिब्बती कला और संस्कृति के संवर्धन संबंधी अनुसंधान परियोजना	2,00,000/रु.
iii.	बौद्ध धर्म से संबंधित पुस्तकों की खरीद, प्रलेखन, सूचीकरण	5,00,000/रु.

iv.	मठवासी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करना	5,00,000/रु.
v.	बौद्ध/तिब्बती कला और संस्कृति के संवर्धन के लिए विशेष पाठ्यक्रम चलाना	2,00,000/रु.
vi.	बौद्ध कला और संस्कृति के परिरक्षण और प्रसार के लिए पारंपरिक सामग्रियों की ऑडियो–वीडियो रिकार्डिंग/प्रलेखन/अभिलेख तैयार करना	5,00,000/रु.
vii.	मठीय स्कूलों के लिए आईटी उन्नयन और आईटी समर्थित शिक्षण/प्रशिक्षण सहायता प्रदान करना	5,00,000/रु.
viii.	दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित मठीय स्कूलों/मठों के लिए परिवहन सुविधा	5,00,000/रु.
ix.	मठ–विषयक शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूल का संचालन कर रहे संगठन के अध्यापकों का वेतन	5,00,000/रु.
x.	बौद्ध धर्म से संबंधित प्राचीन मठों एवं विरासत भवनों की मरम्मत, जीर्णोद्धार, नवीकरण	30,00,000/रु.
xi	कक्षाओं के लिए शौचालय तथा पीने के पानी सहित विद्यालय भवन, छात्रवास और प्रशिक्षण केन्द्रों का निर्माण जो बौद्ध/तिब्बती कला और संस्कृति तथा मठीय विद्यालयों के लिए पारंपरिक शिल्प के कौशल विकास पर केन्द्रित हैं।	30,00,000/रु.

3.2 किसी संगठन को अनुमत अधिकतम अनुदान की राशि विनिश्चित अधिकतम सीमा के अध्यधीन किसी मद पर होने वाले कुल व्यय का 75 प्रतिशत होगी। शेष 25 प्रतिशत अथवा अधिक खर्च राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा वहन किया जाना चाहिए। ऐसा न होने पर अनुदानग्राही संगठन अपने स्वयं के संसाधनों से उक्त राशि का योगदान कर सकता है। तथापि, पूर्वोत्तर राज्य और सिक्किम के मामले में, भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा क्रमशः 90:10 के अनुपात में निधि की भागीदारी होगी, ऐसा न होने पर अनुदानग्राही संगठन अपने स्वयं के संसाधन से उक्त राशि का योगदान करेगा।

4 आवेदन की प्रक्रिया :

4.1 संबद्ध संगठन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र के माध्यम से संगठन की पात्रता की जांच करने के लिए निम्नलिखित दस्तावेजों/सूचना के साथ पूर्ण आवेदन प्रस्तुत करेगा। तथापि, पूर्वोत्तर राज्य, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर के लेह और कारगिल जिले में स्थित संगठन को अपने आवेदन केवल संबंधित जिलाधीश/उपायुक्त की सिफारिश के बाद सीधे संस्कृति मंत्रालय को भेजने की छूट दी गई है।

क्र.सं.	दस्तावेज/सूचना
i.	वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि जिसमें पंजीकरण की वैधता स्पष्ट रूप से दर्शायी गई हो। पंजीकरण प्रमाण–पत्र की यह प्रति राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित हो।
ii.	संगम ज्ञापन की प्रतिलिपि।
iii.	पिछले तीन वर्षों की लेखा परीक्षा लेखों की प्रतियां
iv.	पिछले तीन वर्षों की वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां
v.	शुरू किए जाने वाले प्रत्येक कार्यकलाप संबंधी मदवार विवरण, साथ ही मांगी गई निधियों का विस्तृत ब्यौरा, वांछित लाभार्थियों की संख्या, परियोजना की समय सूची आदि।

vi.	खरीदी जाने वाली पुस्तकों की सूची और उनकी लागत, यदि लागू हो।
vii.	सिविल निर्माण के मामले में भूमि/भवन का मालिकाना साबित करने वाले पंजीकरण प्रमाणपत्र एवं अन्य दस्तावेजों की प्रतियां, यदि लागू हो।
viii.	सिविल कार्यों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट संबंधी सूचना जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ कुल भूमि उपलब्धता, अनुमानित लागत–मदवार, व्यय की स्थिति, पूर्णता अनुसूची, प्रत्येक मद के लिए राज्य लोक निर्माण विभाग से अनुमोदित प्राक्कलन, वास्तुविद के ब्यौरे, अध्ययन कक्षों के ब्यौरे – क्या प्राथमिक अथवा माध्यमिक हैं, अध्ययन कक्षों की संख्या, प्रत्येक कक्षाओं में छात्रों की संख्या, कौन से और किस कक्षा तक पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं आदि शामिल हैं, यदि लागू हों।
ix.	शिक्षकों का ब्यौरा – नाम, आयु, योग्यता एवं उनको भुगतान किया गया वेतन। शिक्षकों के वेतन से संबंधित प्रस्ताव निम्नलिखित के अध्यधीन होंगे :–
	(i) यदि सोसायटी अपने भवन में मठीय विद्यालय चला रही है अथवा यह इसके मठ में विद्यालय चला रही है। (ii) ऐसे विद्यालय में प्रशिक्षण लेने वाले मठवासी/मठ विद्यार्थियों की संख्या। (iii) शिक्षकों की संख्या, उनकी आयु और योग्यता तथा उनको भुगतान किया गया वेतन। (iv) क्या मठीय विद्यालय, राज्य में किसी स्थानीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध है अथवा किसी अन्य शिक्षा बोर्ड से? (v) क्या छात्र दैनिक शिक्षार्थी हैं अथवा विद्यालय स्रोत आवास में रह रहे हैं?
x	विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने से संबंधित प्रस्ताव निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन होगा :– (i) छात्रवृत्ति के भुगतान के लिए व्यक्तियों के चयन का मानदंड, (ii) क्या संगठन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने हेतु अभ्यर्थियों को छात्रवृत्ति जारी करने के बारे में वित्तीय अथवा शैक्षिक वर्ष के प्रारंभ में अधिसूचित करता है? यदि हाँ, तो ऐसी अधिसूचना का तरीका और प्रमाण देना होगा।

4.2 सिफारिश : राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र, जिलाधीश/उपायुक्त प्रस्ताव की सिफारिश करते समय निम्नलिखित की जांच करेंगे :–

i. संगठन की पंजीकरण स्थिति।

ii. क्या संगम ज्ञापन के अनुसार संगठन के उद्देश्य और कार्यकलाप बौद्ध/तिब्बती कला और संस्कृति के संवर्धन से संबंधित हैं।

iii. सूचना प्रौद्योगिकी उन्नयन, परिवहन सुविधाएं, सिविल निर्माण कार्य/शिक्षकों के वेतन के लिए मांगी गई निधियों के मामले में, क्या मठ, मठीय विद्यालय विद्यमान हैं/संगठन के स्वामित्व में हैं।

iv. क्या संगठन ऐसी परियोजनाएं शुरू करने में सक्षम है?

v. कार्यकलाप/कार्यकलापों और संबंधित राशि की सिफारिश की जाती है।

4.3 केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान, लेह, जम्मू और कश्मीर के लेह और कारगिल जिले में स्थित संगठनों के लिए ''सहायता केन्द्र'' के रूप में कार्य करेगा।

5. अनुदान जारी करने का तरीका तथा शर्तें :

क. आवेदन पत्रों के मूल्यांकन और विशेषज्ञ परामर्शी समिति द्वारा संस्तुत तथा उसके बाद संस्कृति मंत्रालय में सक्षम प्राधिकारियों की प्रशासनिक स्वीकृति तथा वित्तीय सहमति के आधार पर अनुदान प्रदान किया जाएगा। संयुक्त सचिव प्रभारी प्रत्येक मामले में विशेषज्ञ परामर्शी समिति तथा आईएफडी के साथ परामर्श के आधार पर 30.00 लाख रूपए की राशि जारी करने हेतु सक्षम प्राधिकारी होंगे।

ख. अनुदान की अदायगी दो समान किस्तों में की जाएगी, पहली किस्त सामान्यतः परियोजना की स्वीकृति के समय जारी की जाती है। दूसरी किस्त संपूर्ण अनुदान राशि तथा अनुदानग्राही/संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार के हिस्सों के इस्तेमाल को दर्शाने वाले विधिवत लेखा परीक्षा विवरण तथा सनदी लेखाकार की ओर से अन्य दस्तावेजों की प्राप्ति पर जारी की जाएगी। शेष केंद्रीय अनुदान के जारी किए जाने का निर्णय परियोजना पर किए गए वास्तविक व्यय के आधार पर किया जाएगा, बशर्ते कि यह अधिकतम सीमा से अधिक न हो।

ग. इस योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले संगठन का संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार अथवा संबंधित राज्य सरकार के किसी अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

घ. परियोजना का लेखा अलग से और समुचित ढंग से रखा जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर भारत सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा। केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार के अधिकारी द्वारा अथवा भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा अपने विवेकानुसार उसकी जांच की जा सकती है।

ड. संगठन, लेखाओं के भाग के रूप में अलग संलग्नक में ''अनुरक्षण'' शीर्ष के अंतर्गत व्यय का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करेगा।

च. अनुदानग्राही ही निम्नलिखित की व्यवस्था करेगा :–

i. सरकार से प्राप्त सहायता अनुदान के सहायक लेखे।

ii. विधिवत मुद्रित संख्याओं वाली जिल्दयुक्त पुस्तकों में हस्तलिखित रोकड़ बही रजिस्टर।

iii. सरकार तथा अन्य एजेंसियों से प्राप्त अनुदानों के लिए सहायता अनुदान।

iv. खर्च की प्रत्येक मद जैसे– छात्रावास भवन आदि के निर्माण के लिए अलग बही–लेखे।

छ. संगठन ऐसी सभी परिसम्पत्तियों का रिकॉर्ड रखेगा जो सम्पूर्णतः अथवा अधिकांशतः केन्द्रीय सरकार के अनुदान से अधिगृहित की गई हों। इन परिसम्पत्तियों को भारत सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना उन उद्देश्यों के अलावा, जिनके लिए अनुदान दिया गया है, न तो इस्तेमाल किया जाएगा अथवा बेचा जाएगा अथवा गिरवी रखा जाएगा।

ज. यदि किसी समय भारत सरकार को इस बात का विश्वास हो जाता है कि मंजूर किए गए धन का इस्तेमाल अनुमोदित उद्देश्यों के लिए नहीं किया जा रहा है, तो अनुदान की अदायगी रोक दी जाएगी तथा पहले दिए गए अनुदानों की वसूली की जाएगी।

झ. संगठन को अनुमोदित परियोजना के संचालन में समुचित मितव्ययिता बरतनी चाहिए।

ञ. अनुदानग्राही संगठन, संस्कृति मंत्रालय को परियोजना की तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा, जिसमें प्रत्येक अनुमोदित मदों की वास्तविक उपलब्धियों और उस पर होने वाले व्यय को विस्तारपूर्वक अलग–अलग दर्शाया गया हो।

ट. सिविल कार्यों के लिए अनुदान प्राप्त करने वाले संगठन, अगले 10 वर्षों के लिए समतुल्य उद्देश्य के लिए अनुदान के लिए पात्र नहीं होंगे।

ठ. अनुदानग्राही, पीडब्ल्यूडी से कार्य पूर्णता प्रमाण–पत्र तथा सिविल कार्य का फोटो साक्ष्य प्रस्तुत करेगा।

ड. अनुदानग्राही, अनुसंधान परियोजना की 5 प्रतियां प्रस्तुत करेगा।

ढ. बौद्ध धर्म से संबंधित विरासत भवनों की मरम्मत, जीर्णोद्धार, नवीकरण के लिए अनुदान, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से प्राप्त प्रमाण–पत्र के अध्यधीन होगा। इस कार्य के लिए एएसआई कार्यालय/संबंधित मंडल से यथोचित स्तर का एक अधिकारी संगठन से संबद्ध होगा।

ण. ऐसे आवेदनों, जिनके पिछले अनुदान/उपयोग प्रमाण–पत्र लंबित हैं, पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. भुगतान का तरीका :

सभी भुगतान इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसफर के माध्यम से किए जाएंगे।

7. स्कीम का आउटकम :

निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार दूसरी और अंतिम किस्त के अनुरोध के समय, संस्कृति मंत्रालय को हाथ में लिए गए कार्यकलाप संबंधी 'निष्पादन–तथा–उपलब्धि रिपोर्ट' विधिवत जिल्दसाजी की हुई 3 प्रतियों में प्रस्तुत की जाएगी।

8. अपूर्ण आवेदन :

अपूर्ण आवेदन जिनके साथ अपेक्षित दस्तावेज संलग्न नहीं हैं तथा निर्धारित प्राधिकारी द्वारा बिना सिफारिश के प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा पूर्णतः अस्वीकृत कर दिए जाएंगे।

9. विशेष प्रावधान

स्कीम से संबद्ध विशेषज्ञ परामर्शी समिति (ईएसी) के पास राज्य सरकार / संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन/स्थानीय प्रशासन से बिना सिफारिश अथवा सिफारिश से प्राप्त किसी भी प्रस्ताव को संस्तुत अथवा अस्वीकृत करने की शक्ति प्राप्त है और साथ ही वह अधिकतम सीमा से बाहर भी राशि की सिफारिश कर सकती है, परंतु यह राशि इस स्कीम से 1.00 करोड़ रूपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। किसी ऐसे प्रस्ताव के संबंध में जो उत्कृष्ट स्वरूप का हो और जिसके संबंध में ईएसी अनुभव करे कि उक्त परियोजना को हाथ में लेने के लिए मंत्री (संस्कृति) के अनुमोदन से और संस्कृति मंत्रालय के अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार की सहमति से अधिकतम सीमा राशि पर्याप्त नहीं होगी तो उस पर आगे की कार्रवाई की जा सकती है। तथापि, ऐसे प्रत्येक मामले में 30.00 लाख रूपए की सीमा बढ़ाने के लिए ईएसी द्वारा विस्तृत औचित्य दिया जाएगा।

10. निरीक्षण और मॉनीटरिंग :

प्रत्येक वर्ष कम से कम 5 प्रतिशत मामलों में मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाएगा और केन्द्रीय तिब्बती अध्ययन विश्वविद्यालय, सारनाथ, नव नालंदा महाविहार, नालंदा, केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान, लेह, जेडसीसी जैसे स्वायत्तशासी संस्थानों की सेवाओं का भी उपयोग किया जाएगा, संबंधित राज्य सरकार/ संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, जिलाधीश / उप आयुक्त भी मॉनीटर करेंगे।

11. अनुदानों के दुरुपयोग के मामले में दंड :

संगठन के कार्यकारी निकाय के सदस्यों से दुरूपयोग किए गए अनुदानों को वापस वसूल किया जाएगा। उक्त संगठन को निधियों के दुरूपयोग, गलत पंजीकरण प्रमाण–पत्र आदि के लिए काली–सूची में भी डाला जाएगा। सरकारी अनुदानों से बनाई गई सभी अचल सम्पत्तियां, मंत्रालय द्वारा निर्धारित स्थानीय प्रशासन द्वारा अपने अधिकार में ले ली जाएंगी।

2

कलाकार पेंशन एवं चिकित्सा सहायता स्कीम

1. प्रस्तावना

यह स्कीम 'कलाकार पेंशन एवं चिकित्सा सहायता स्कीम' के नाम से जानी जाएगी। यह स्कीम उन बुजुर्ग कलाकारों और विद्वानों की वित्तीय एवं सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए है, जिन्होंने अपने सक्रिय जीवन काल में कला, साहित्य आदि जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है या जो अभी भी कला, साहित्य आदि जैसे क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं, किन्तु वृद्धावस्था के कारण दुखद जीवन व्यतीत कर रहे हैं या अभावपूर्ण परिस्थितियों में हैं। इस निधि का उद्देश्य चिकित्सा देख–रेख प्रदाताओं के निर्धारित नेटवर्क के माध्यम से सरकार द्वारा सुविधाजनक और किफायती स्वास्थ्य बीमा कवरेज उपलब्ध कराना है, जिसके द्वारा मौजूदा लाभार्थी कलाकारों और उनके पति/पत्नी को ऐसी बीमारियों के उपचार के लिए चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाएगी, जिसमें अस्पताल में भर्ती होने की प्रक्रिया शामिल है।

इस स्कीम में निम्नलिखित दो प्रावधान/घटक हैं :–

(क) राष्ट्रीय कलाकार पेंशन निधि; और

(ख) राष्ट्रीय कलाकार चिकित्सा सहायता निधि

2. राष्ट्रीय कलाकार पेंशन निधि :–

(1) इसके तहत निम्नलिखित दो प्रकार के मामले/अनुरोध शामिल किए जाएंगे :–

(i) समय–समय पर आशोधित 'अभावग्रस्त परिस्थितियों में रह रहे साहित्य, कला एवं जीवन के अन्य क्षेत्रों के प्रख्यात व्यक्तियों को वित्तीय सहायता स्कीम, 1961 के अंतर्गत मासिक कलाकार पेंशन प्राप्त करने वाले मौजूदा लाभार्थी; तथा

(ii) कलाकारों, लेखकों आदि के नए मामले जो स्कीम के मौजूदा दिशा–निर्देशों के अंतर्गत अनुदान/मासिक वित्तीय सहायता प्राप्त करने के पात्र हैं।

(2) मासिक कलाकार पेंशन हेतु पात्रता मानदंड :–

(i) स्कीम के तहत सहायता प्राप्त करने हेतु पात्रता के लिए, किसी व्यक्ति द्वारा कला और साहित्य आदि के क्षेत्र में किया गया योगदान महत्वपूर्ण होना चाहिए। वे पारम्परिक विद्वान जिन्होंने अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, भी इसके पात्र होंगे बावजूद इसके कि उनके कार्य प्रकाशित हुए हैं या नहीं।

(ii) आवेदनकर्ता की निजी आय (पति/पत्नी की आय सहित) 4,000/– रु. (चार हजार रुपए मात्रा) प्रतिमाह या वार्षिक आय 48,000/– रुपए (अड़तालीस हजार रुपए मात्रा) से अधिक नहीं होनी चाहिए (इसमें लाभार्थी को सरकार (अर्थात संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन तथा/अथवा संस्कृति मंत्रालय) से पहले से मिलने वाली कलाकार पेंशन सहायता की राशि शामिल नहीं है)।

(iii) आवेदनकर्ता की आयु 60 (साठ) वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए (यह पति/पत्नी के मामले में लागू नहीं है)।

(iv) आवेदनकर्ता कलाकार संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन से कम से कम 500/– रुपए प्रति माह की पेंशन प्राप्त कर रहा हो।

(v) वे कलाकार जिनकी आयु 42 वर्ष से कम है और भविष्य में कलाकार पेंशन प्राप्त करना चाहते हैं, वे अटल पेंशन स्कीम के अंतर्गत स्वयं को तुरन्त पंजीकृत कराएं। वर्ष 2035 से, अर्थात अब से 18 वर्ष बाद जब अटल पेंशन स्कीम से लाभ मिलना आरंभ होगा, तब संस्कृति मंत्रालय द्वारा इस स्कीम के अंतर्गत किसी भी नए आवेदनकर्ता पर विचार नहीं किया जाएगा क्योंकि वे आवेदनकर्ता अटल पेंशन स्कीम के अंतर्गत शामिल किए जाएंगे। इस बीच की समयावधि के लिए वे कलाकार जो पुरस्कार विजेता हैं (राज्य पुरस्कार विजेता या राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता) अथवा आकाशवाणी/दूरदर्शन के श्रेणीबद्ध/मान्यता प्राप्त कलाकार हैं तथा जो अपने सक्रिय जीवनकाल के दौरान कला संबंधी कार्यकलापों से प्राप्त अपनी आय के स्रोत का वास्तव में प्रमाण उपलब्ध करा सकते हैं, वे आवेदन करने के पात्र होंगे। ऐसे आवेदनकर्ता कलाकारों के आवेदन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा संस्तुत होने चाहिए, जिसमें आवेदन फार्म में विनिर्दिष्ट स्थान पर उक्त आवेदनकर्ता कलाकार को दी जाने वाली मासिक वित्तीय सहायता/पेंशन की राशि भी दर्शायी गई हो। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन पत्र संस्कृति मंत्रालय में विनिर्दिष्ट स्थान पर प्राप्त होने के पश्चात, आवेदनकर्ता कलाकार के विवरण संस्कृति मंत्रालय या संस्कृति मंत्रालय के किसी संगठन में से किसी एक संगठन के अधिकारी (अधिकारियों) द्वारा वास्तविक रूप से सत्यापित/निरीक्षित किए जाएंगे और तत्पश्चात आवेदनकर्ता कलाकार को स्कीम के दिशा–निर्देशों के अनुरूप सभी प्रकार से पात्र पाए जाने पर, उनका आवेदन पत्र पेंशन प्रदान किए जाने के लिए समुचित निर्णय प्रदान करने हेतु स्कीम के अंतर्गत गठित विशेषज्ञ समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

(vi) आवेदनकर्ता कलाकार मंत्रालय की अन्य स्कीमों यथा रेपर्टरी अनुदान आदि जैसी स्कीमों के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त नहीं कर रहा हो।

(3) आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया :

पात्र कलाकार अपने आवेदन निर्धारित प्रपत्र (परिशिष्ट) में प्रस्तुत करेंगे, जिसके साथ संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के माध्यम से उनकी सिफारिशों सहित, निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न होने चाहिए। राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की सिफारिशों के बिना आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले अपेक्षित दस्तावेज :

(नोट : सभी दस्तावेज अंग्रेजी अथवा हिन्दी में होने चाहिए। अंग्रेजी या हिन्दी भाषा से इतर दस्ताावेज के साथ प्राधिकृत अनुवादक द्वारा टंकित अंग्रेजी अनुवाद संलग्न किया जाए)।

(i) आवेदन प्रपत्र में विनिर्दिष्ट स्थान पर आवेदक की नवीनतम (छः माह से पुरानी नहीं होनी चाहिए) साफ एवं रंगीन पासपोर्ट साइज की फोटोग्राफ चिपकाई जाए;

(ii) पते के प्रमाण के तौर पर निम्नलिखित सूचीबद्ध दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज की स्व अभिप्रमाणित प्रति :–

(क) यूआईडीएआई द्वारा जारी आधार कार्ड; (ख) चुनाव फोटो पहचान पत्र; (ग) पासपोर्ट; (घ) ड्राइविंग लाइसेंस; (ड.) बिजली का बिल; (च) लैंडलाइन टेलीफोन अथवा ब्रॉडबैंड कनेक्शन का बिल; (छ) पानी का बिल; (ज) गैस कनेक्शन उपभोक्ता कार्ड या पुस्तिका अथवा पाइप्ड गैस बिल; (झ) बैंक खाता विवरण; (ञ) सरकार द्वारा जारी मूल–निवास प्रमाण पत्र; (ट) पति/पत्नी का पासपोर्ट; (ठ) डाक घर की पासबुक जिसमें आवेदक का पता दिया गया हो; (ड) संपत्ति पंजीकरण दस्तावेज।

(आवेदन करने की तारीख से तीन माह से अधिक पुराने नहीं होने चाहिए)

(iii) जन्मतिथि के प्रमाण के लिए निम्नलिखित सूचीबद्ध दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज की स्व प्रमाणित प्रति :–

(क) यूआईडीएआई द्वारा जारी आधार कार्ड; (ख) पैन कार्ड; (ग) चुनाव फोटो पहचान पत्र; (घ) पासपोर्ट; (ड) ड्राइविंग लाइसेंस; (च) नगर प्राधिकरण या जन्म एवं मृत्यु के पंजीयक द्वारा जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्राधिकृत कार्यालय द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र; (छ) विवाह पंजीयक द्वारा जारी विवाह प्रमाण पत्र; (ज) मान्यता प्राप्त बोर्ड का मैट्रिकुलेशन/10वीं कक्षा का प्रमाण पत्र या अंक तालिका; (झ) सरकार द्वारा जारी मूल–निवास प्रमाण पत्र।

(नोट : आवेदक द्वारा जन्म तिथि के प्रमाण के तौर पर किसी डॉक्टर/अन्य प्राधिकारी द्वारा आवेदक के शारीरिक रूप से अनुमान के आधार पर आयु को प्रमाणित करने वाले जारी किए गए जन्म प्रमाणपत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे और ऐसे आवेदक के आवेदन को सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा)।

(iv) यूआईडीएआई द्वारा जारी आधार कार्ड की स्व प्रमाणित प्रति।

(v) संबंधित राज्य /संघ राज्य क्षेत्र के सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्ररूप (अनुलग्नक–II (क)) में जारी आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति।

(नोट : विभिन्न राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में आय प्रमाणपत्र जारी करने वाले सक्षम प्राधिकारी अनुलग्न क–II (ख) में दिए गए हैं)।

(vi) कला, संस्कृति आदि के क्षेत्र में आवेदक के द्वारा दिए गए योगदान या केंद्र/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र या किसी विख्यात साहित्यिक या कला सोसाइटी से आवेदक द्वारा प्राप्त पुरस्कार, मान्यता या विशेष सम्मान को पुष्ट करने वाले उपयुक्त दस्तावेज की प्रतियां।

(vii) संबंधित बैंक के प्रबंधक द्वारा प्रमाणित एवं हस्ताक्षरित (मूल) यथावत भरा एवं हस्ताक्षरित निर्धारित बैंक प्राधिकार पत्र (अनुलग्नक–IV)।

(viii) निर्धारित प्ररूप में संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के संस्कृति विभाग से प्राप्तन अनुशंसा पत्र (आवेदन फार्म का भाग–II (परिशिष्ट))।

'एमओसी स्कीम आवेदन' शीर्षक के अंतर्गत संस्कृति मंत्रालय की वेबसाइट – www-indiaculture.gov.in पर संस्कृति स्कीम निगरानी प्रणाली (सीएसएमएस) http://csms-nic.in/login/inde.php के पंजीकरण/लॉगइन पृष्ठ का प्रयोग करते हुए भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

जब तक संस्कृति मंत्रालय आवेदन ऑनलाइन प्राप्त करने की पूर्णतः आद्योपान्त प्रक्रिया की अनुमति नहीं देता/विकसित नहीं करता, आवेदन फार्म में यथाउल्लिखित आवश्यक संलग्नकों सहित कलाकार पेंशन पाने के लिए यथावत भरे गए आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति, निर्धारित प्ररूप में अनुशंसा सहित संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के माध्यम से ''निदेशक, दक्षिण मध्य क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र, 56/1, सिविल लाइन्स, एमएलए हॉस्टल के सामने, नागपुर, महाराष्ट्र, पिन–440001'' को भेजें।

नोट : 1 आवेदन में सभी प्रविष्टियां स्पष्ट होनी चाहिए तथा साफ–साफ भरी जानी चाहिए। अपूर्ण आवेदन और संबंधित राज्य सरकार/संघ क्षेत्र प्रशासन की अनुशंसा के बिना प्राप्त आवेदन तथा आवेदन में यथानिर्दिष्ट आवश्यक संलग्नकों के बिना प्राप्त आवेदनों पर किसी भी तरह से विचार नहीं किया जाएगा तथा सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा। आवेदन और संलग्नकों के प्रत्येक पृष्ठ पर क्रम संख्या तथा आवेदक के हस्ताक्षर होने चाहिए। इसके अतिरिक्त आवश्यक दस्तावेज की पृष्ठ संख्या चेक लिस्ट (अनुलग्नक–I) पर स्पष्ट रूप से दर्शायी जाए।

नोट : 2 संस्कृति मंत्रालय द्वारा समय–समय पर आवेदन प्रपत्र में यथावश्यक परिवर्तन किया जा सकता है।

(4) वित्तीय सहायता का स्वरूप : –

सरकार द्वारा वित्तीय सहायता मासिक भत्ते के रूप में दी जा सकती है। कलाकारों को केन्द्र –राज्य कोटे के अंतर्गत

दिए गए ऐसे भत्ते केंद्र और संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के बीच बांट लिया जाएगा जिसमें राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन को प्रति लाभार्थी कम से कम 500/– रुपए प्रतिमाह के मासिक भत्ते/ का भुगतान करना होगा। ऐसे मामलों में केंद्र सरकार द्वारा मासिक भत्ते का अंशदान प्रति लाभार्थी 3500/– रुपए प्रति माह से अधिक नहीं होगा। किसी भी हालत में केंद्र सरकार और राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन का अंशदान मिलाकर कुल अंशदान प्रति लाभार्थी 4,000/– रुपए प्रति माह से अधिक नहीं होगा, जिसमें से राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन का अंशदान कम से कम प्रति लाभार्थी 500/– रुपए प्रति माह होना चाहिए। 4000/– रु. में से केंद्र सरकार के भत्ते का मासिक अंशदान राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा आवेदक को प्रदान किए जा रहे भत्ते के अधिकतम मासिक अंशदान से कम होगा। (अर्थात यदि राज्य सरकार द्वारा किसी कलाकार को केंद्र सरकार से इस स्कीशम के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने की अनुशंसा पर 1000/– रु. प्रति माह की पेंशन पहले से ही प्रदान की जा रही है तो ऐसी स्थिति में केन्द्र सरकार का अंशदान केवल 3000/– रुपए प्रतिमाह होगा)।

(5) कलाकार पेंशन प्राप्त करने हेतु आवेदकों का चयन : –

संस्कृति मंत्रालय या संस्कृति मंत्रालय के किसी संगठन के अधिकारी (अधिकारियों) द्वारा आवेदकों का प्रत्यक्ष निरीक्षण/प्रमाणीकरण कर लेने के पश्चात इस स्कीम के अंतर्गत योग्य कलाकारों के हर तरह से संपूर्ण पाए गए आवेदन संस्कृति मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति के समक्ष रखे जाते हैं। विशेषज्ञ समिति में संस्कृति मंत्रालय के अधीन विभिन्न सांस्कृतिक संगठनों के प्रमुख तथा कला एवं संस्कृति के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध कलाकार, जिन्होंने समय–समय पर संस्कृति मंत्रालय द्वारा यथानिर्णित संबंधित क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता सिद्ध की है, भी सम्मिलित होते हैं।

विशेषज्ञ समिति स्कीम के वर्तमान दिशा–निर्देशों के अनुसार आवेदनों पर विचार करेगी तथा आवेदक कलाकार की वित्तीय स्थिति और प्रतिष्ठा आदि को ध्यान में रखते हुए केवल योग्यता के आधार पर कलाकार पेंशन देने हेतु पात्र अभ्यर्थियों के नामों की सिफारिश करेगी। विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों की जांच स्कीम के दिशा–निर्देशों एवं सरकार के नियमों तथा स्कीम के अंतर्गत निधियों की उपलब्धता के अनुसार प्रशासन प्रभाग द्वारा की जाती है ताकि सक्षम प्राधिकारी द्वारा उचित निर्णय लिया जा सके। सभी अनुशंसित अभ्यर्थियों के मामलों को सक्षम प्राधिकारी, जो विशेषज्ञ समिति के अध्यक्ष से एक स्तर ऊपर होगा, का अनुमोदन प्राप्त करने हेतु अंतिम रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। अनुमोदित अभ्यर्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने से पूर्व आंतरिक वित्त प्रभाग की सहमति प्राप्त की जाएगी।

(6) कलाकार पेंशन का संवितरण :–

अनुमोदित वर्तमान लाभार्थियों (अर्थात पेंशनभोगी) और विशेषज्ञ समिति की अनुशंसा तथा तत्पश्चात सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के पश्चात लाभार्थी सूची में सम्मिलित नए कलाकारों को मासिक कलाकार पेंशन जन वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस)/प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से या सेवा प्रदाता (कलाकार पेंशन वितरण के लिए संस्कृति मंत्रालय द्वारा नियुक्त) के माध्ययम से प्रत्येक वर्ष नवंबर माह में मंत्रालय के कलाकार पेंशन अनुभाग के ई–मेल अर्थात apsection-culture@nic.in पर निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्यतः प्राप्त होने तथा उनकी जांच/संवीक्षा हो जाने के पश्चापत सही पाए जाने पर उनके बैंक खाते में सीधे संवितरित की जाएगी :–

(i) दर्शायी गई आधार सं., मोबाइल सं. और मंत्रालय द्वारा अपनी वेबसाइट पर दर्शाए गए पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) जैसी आवश्यक सूचना के प्रयोग से जीवन प्रमाण पोर्टल (http://jeevanpramaan.gov.in) के माध्यम से तैयार किया गया लाभार्थी का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) (असम, मेघालय और जम्मू एवं कश्मीर में रहने वाले व्यक्तियों के लिए सरकार द्वारा आधार कार्ड अनिवार्य किए जाने तक, वे अपने जीवन प्रमाणपत्र की मूल प्रति की निर्धारित प्ररूप (अनुलग्नक–III) में स्कैन की गई रंगीन प्रति प्रस्तुत कर सकते हैं); और

(ii) राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के संबंधित सक्षम प्राधिकारी [(अनुलग्नक–II) (ख)] द्वारा निर्धारित प्ररूप [(अनुलग्नक–II) (क)] में जारी आय के मूल प्रमाण–पत्र की स्कैन की गई रंगीन प्रति।

लाभार्थियों को मंत्रालय द्वारा समय–समय पर मांगी जाने वाली कोई भी अन्य अपेक्षित सूचना/दस्तातवेज उपलब्ध कराने होंगे। यदि मंत्रालय द्वारा लाभार्थी से मांगे गए अपेक्षित दस्तावेज प्राप्त नहीं होते हैं, तो उन्हें पेंशन का भुगतान नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त), लाभार्थी द्वारा दिए गए दस्तावेजों में कोई विसंगति पाए जाने पर उस समय तक पेंशन जारी नहीं की जाएगी अथवा तुरंत रोक दी जाएगी जब तक वह विसंगति दूर न हो जाए।

(7) वर्तमान लाभार्थियों को वित्तीय सहायता का नवीनीकरण :–

उपरोक्त प्रावधानों के अनुसार, वर्तमान लाभार्थियों को इस स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत आवर्ती मासिक भत्ते केंद्र सरकार द्वारा यथानिर्धारित अवधि के लिए और/या उनके द्वारा उपरोक्त पैरा 2.(6) में यथावर्णित डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) और आय प्रमाण–पत्र की प्राप्ति पर वर्ष दर वर्ष आधार पर जारी रहेंगे।

(8) भत्ते को बंद करना :–

यदि प्राप्तकर्ता की वित्तीदय आय 4000/– रु. (चार हजार रुपए मात्र) मासिक या 48,000/– रु. (अड़तालीस हजार रुपए मात्र) वार्षिक (इसमें सरकार (अर्थात संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन और या संस्कृति मंत्रालय) से लाभार्थी को पहले से प्राप्त होने वाली कलाकार पेंशन सहायता राशि सम्मिलित नहीं है) से अधिक हो जाती है, तो इस स्कीम के तहत दिया जाने वाला भत्ता प्राप्तकर्ता को बिना किसी सूचना के तत्काल बंद कर दिया जाएगा। सरकार अपने विवेकानुसार भी प्राप्तकर्ता को तीन माह का नोटिस देकर भत्ताा बंद कर सकती है।

कोई भी प्राप्तकर्ता सरकार को लिखित नोटिस देकर भत्ता प्राप्त करने के अपने अधिकार को छोड़ सकता है। ऐसे मामलों में, यह भत्ता उनके द्वारा छोड़े जाने हेतु दिए गए पत्र की तारीख से बंद कर दिया जाएगा।

(9) लाभार्थी की मृत्यु होने पर पति/पत्नी को पेंशन : –

कलाकार पेंशन प्राप्त करने वाले लाभार्थी की मृत्यु हो जाने पर, वित्तीय सहायता, केंद्र सरकार के विवेकानुसार लाभार्थी के पति/पत्नी के नाम पर आजीवन हेतु हस्तांतरित की जा सकती है, यदि लाभार्थी कलाकार की मृत्यु की तारीख से छः माह की अवधि के भीतर निम्नलिखित दस्तावेज सहित पति/पत्नी से ऐसे अनुरोध से संबंधित आवेदन मंत्रालय में प्राप्त हो जाता है। लाभार्थी कलाकार की मृत्यु की तारीख से छः माह बीत जाने के बाद भी एक वर्ष की अवधि तक इस अनुरोध पर विचार किया जा सकता है, यदि सक्षम प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट हो जाते हैं कि इस विलम्ब के पीछे वास्तविक कारण थे और आवेदक अपना आवेदन निर्धारित समय–सीमा के भीतर प्रस्तुत नहीं कर सका/सकी। एक वर्ष की अवधि के पश्चात, पति/पत्नी के नाम पर पेंशन अंतरित करने हेतु दावा नहीं किया जा सकता और इस संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा :–

(i) स्वर्गीय लाभार्थी के मृत्युन प्रमाणपत्र की मूल या स्व–अभिप्रमाणित प्रति;

(ii) इस बात का दस्तावेजी प्रमाण कि स्वर्गीय लाभार्थी कलाकार पेंशन प्राप्त कर रहा था;

(iii) निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया विधिक उत्तराधिकारी प्रमाणपत्र तथा प्रपत्र में एसडीएम या प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट द्वारा जारी किया गया शपथ पत्र;

(iv) जीवन प्रमाण पोर्टल (https://jeevanpramaan.gov.in) के माध्यम से सृजित पति/पत्नी का डिजिटल आयु प्रमाणपत्र (डीएलसी) की स्व–अभिप्रमाणित प्रति;

(v) राज्यों/संघ राज्यी क्षेत्रों के संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी पति/पत्नी के नवीनतम आय प्रमाणपत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति (अनुलग्न क–II (ख));

(vi) यूआईडीएआई द्वारा जारी पति/पत्नी के आधार कार्ड की स्वर–अभिप्रमाणित प्रति;

(vii) उपरोक्त पैरा 2.(3) (ii) में यथा उल्लिखित पति/पत्नी के पते के प्रमाण के रूप में किसी भी दस्तावेज की स्व–अभिप्रमाणित प्रति;

(viii) एक वचनबंध जिसमें यह प्रमाणित किया गया हो कि वे संस्कृति मंत्रालय या इसी प्रयोजनार्थ केन्द्र सरकार के किसी अन्य मंत्रालय/विभाग की अन्य स्कीमों के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त नहीं कर रहे हैं;

(ix) निर्धारित प्ररूप में बैंक प्राधिकार पत्र (अनुलग्नक–IV)।

संस्कृति मंत्रालय के संगठनों में से किसी एक अथवा संस्कृति मंत्रालय के अधिकारी द्वारा आवेदक के वास्तविक निरीक्षण/जांच–पड़ताल किए जाने के पश्चात, सब सही पाए जाने पर, मंत्रालय के आईएफडी के साथ परामर्श करके पति/पत्नी के अनुरोध की जांच करने पर तथा अंत में सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त कर लेने के पश्चात वित्तीय सहायता पति/पत्नी के नाम पर अंतरित की जा सकती है।

मंत्रालय में अपेक्षित दस्तावेजों सहित पति/पत्नी से आवेदन प्राप्त होने के पश्चात और उन्हें सभी पक्षों से पूर्ण पाए जाने पर ऐसे अनुरोधों को जल्दी आगे बढ़ाए जाने के लिए निम्नलिखित समय–सीमा निर्धारित की जा सकती है :

(i) वास्तविक निरीक्षण/जांच–पड़ताल : तीन सप्ताह;

(ii) वास्तविक रूप से जांच–पड़ताल करने पर सही रिपोर्ट प्राप्त हो जाने के पश्चात समेकित वित्त प्रभाग (आईएफडी) की सहमति प्राप्त करना : दो सप्ताह

(आईएफडी द्वारा कोई स्पष्टीकरण/दस्तावेज मांगे जाने पर, निर्धारित अवधि की गणना तभी से की जाएगी, जब वे पति/पत्नी या मंत्रालय के प्रशासनिक प्रभाग से प्राप्त हो जाएंगे);

(iii) आईएफडी की सहमति के पश्चात सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त करना : एक सप्ताह; तथा

(iv) पति/पत्नी को पेंशन मिलने की शुरुआत : सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बाद के माह से मिलेगी।

3. राष्ट्रीय कलाकार चिकित्सा सहायता निधि

(1) प्रस्तावना

संस्कृति मंत्रालय 1961 से 'साहित्य, कला और जीवन के ऐसे ही अन्य क्षेत्रों में अभावग्रस्त परिस्थितियों में रह रहे विशिष्ट व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों को वित्तीय सहायता' नामक स्कीम चला रहा है जिसे समय–समय पर संशोधित किया जाता है ताकि बुजुर्ग और गरीब कलाकारों को सहायता देने और उनके भरण–पोषण के लिए मासिक रूप से भत्ता (पेंशन) दिया जा सके। अभावग्रस्त परिस्थितियों में रह रहे कलाकारों के पास उनकी खराब वित्तीय परिस्थितियों के कारण चिकित्सा उपचार के खर्च को वहन करने के लिए वित्तीय संसाधनों की कमी होती है और इस वजह से वे चिकित्सा उपचार का खर्च नहीं उठा पाते हैं। यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब उनके पास सब्सिडी या सहायता नहीं होती है और उन्हें चिकित्सा देख–रेख हेतु अपनी जेब से खर्च करना पड़ता है। इस निधि के माध्यम से, मौजूदा लाभार्थी कलाकारों और उनके पति/पत्नी के लिए सरकार की ओर से एक सुविधाजनक और किफायती स्वास्थ्य बीमा कवरेज उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इस प्रकार यह स्कीम ऐसे कलाकारों की वित्तीय असमर्थताओं को कम करके, अच्छी चिकित्सा देख–रेख सुविधाओं तक पहुंच और अधिक चिकित्सा खर्च से बचने के लिए वित्तीय सुरक्षा उपलब्ध कराते हुए सहायता प्रदान करती है। संस्कृति मंत्रालय द्वारा इस निधि का उपयोग उक्त स्वास्थ्य बीमा स्कीम को कार्यान्वित करने वाले संबंधित मंत्रालय/विभाग के माध्यम से मौजूदा लाभार्थियों और उनके पति/पत्नी हेतु समुचित स्वास्थ्य बीमा कवरेज सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए किया जाएगा।

(2) उद्देश्य

इस निधि का उद्देश्य स्वास्थ्य देख–रेख उपलब्ध कराने वाले व्यक्तियों के निर्धारित नेटवर्क के माध्यम से सरकार द्वारा सुविधाजनक और किफायती स्वास्थ्य बीमा कवरेज उपलब्ध कराना है, जिसके द्वारा मौजूदा लाभार्थी कलाकारों और उनके पति/पत्नी को ऐसी बीमारियों के उपचार के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देख–रेख प्रदान की जाएगी, जिसमें अस्पताल में भर्ती होने की प्रक्रिया शामिल है।

(3) स्वास्थ्य बीमा सुविधा के लिए पात्र लाभार्थी

मौजूदा लाभार्थी कलाकार, जो 'कलाकारों के लिए पेंशन एवं चिकित्सा सहायता स्कीम' के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहे हैं, वे और उनके पति/पत्नी इस सुविधा का लाभ उठाने के पात्र हैं।

(4) स्वास्थ्य बीमा कवरेज लेने पर होना वाला व्यय

मौजूदा लाभार्थियों एवं उनके पति/पत्नी द्वारा स्वास्थ्य बीमा कवरेज लेने पर होने वाले व्यय का वहन केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा, और यह राशि उन्हें मासिक रूप से वितरित की जाने वाली पेंशन की राशि के अतिरिक्त होगी।

4. स्कीम का संचालन :

यह स्कीम मंत्रालय द्वारा सभी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों की सहायता से कार्यान्वित की जाएगी जिसमें एससीजेडसीसी, नागपुर मुख्य समन्वयक का कार्य करेगा। मंत्रालय किसी भी समय पर स्कीम के प्रावधानों में संशोधन करने का अधिकार रखता है। इस स्कीम को बेहतर परिप्रेक्ष्य में कार्यान्वित करने के उद्देश्य से, स्कीम के दिशा–निर्देशों को राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के माध्यम से व्यापक स्तर पर परिचालित किया जाएगा, जिसमें उनके साथ केंद्र सरकार के लाभार्थियों से संबंधित डेटा साझा किया जाना भी शामिल है।

संशोधित दिशा–निर्देश इस आदेश के जारी होने की तारीख, अर्थात 28.09.2017 से प्रभावी होंगे।

3

कला एवं संस्कृति के प्रोत्साहन हेतु छात्रवृत्ति और अध्येतावृत्ति स्कीम

स्कीम के घटक :

घटक–I : संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कलाकारों को वरिष्ठ/कनिष्ठ अध्येतावृत्ति प्रदान करना

घटक–II : विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति प्रदान करना

घटक–III : टैगोर राष्ट्रीय सांस्कृतिक शोध अध्येतावृत्ति

3.1

संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कलाकारों को वरिष्ठ/कनिष्ठ अध्येतावृत्ति प्रदान करना

क. उद्देश्य

सृजनात्मक कलाओं के क्षेत्रों में सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की समीक्षा करने से पता चला है कि जबकि शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों के लिए संस्थागत ढांचे के भीतर तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा शुरू की गई छात्रवृत्तियों (फेलोशिप) के माध्यम से स्वतंत्र रूप से कार्य करने के पर्याप्त अवसर हैं, परन्तु सृजनात्मक कला के क्षेत्रों में अथवा हमारे कुछ पारम्परिक कलारूपों को पुनर्जीवित करने के लिए इस प्रकार की कोई योजना नहीं है जिसके माध्यम से इस प्रकार की सुविधा और अवसर प्रदान किए जाते हों। संभवतः वित्तीय सुरक्षा से युक्त स्वतंत्र वातावरण से इन क्षेत्रों में और अधिक कार्य करने के लिए अपेक्षित अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सकता है। यह भी पाया गया है कि 10–14 वर्षों के आयु–वर्ग (सांस्कृतिक प्रतिभा शोध छात्रवृत्ति स्कीम) तथा 18–25 वर्षों के आयु–वर्ग, विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों की छात्रवृत्ति स्कीम के व्यक्तियों के लिए स्कीम हैं, लेकिन हमारे कुछ पारम्परिक कला–रूपों को पुनर्जीवित करने की बाबत अत्यधिक उन्नत प्रशिक्षण अथवा वैयक्तिक सृजनात्मक प्रयास के लिए बुनियादी वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली कोई स्कीम मौजूद नहीं है। इस कमी को दूर करने के लिए विभिन्न सृजनात्मक क्षेत्रों के उत्कृष्ट व्यक्तियों को अध्येतावृत्ति (फेलोशिप) प्रदान करने की स्कीम चलाने का निर्णय लिया गया है। इस स्कीम में ग्रामीण/जनजातीय क्षेत्रों के कलाकार भी शामिल होंगे।

ये अध्येतावृत्तियां अनुसंधान उन्मुख परियोजनां शुरू करने के लिए प्रदान की जाती हैं। आवेदक को परियोजना प्रारंभ करने के संबंध में अपनी योग्यताओं का साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा।

ये अध्योतावृत्तियां, प्रशिक्षण प्रदान करने, कार्यशालाएं, सेमिनार आयोजित करने, अथवा संस्मरणों को लिखने अथवा आत्मकथा/कथा साहित्य आदि लिखने के लिए प्रदान नहीं की जाती हैं।

ख. फील्ड/क्षेत्र

क) मंच, साहित्यिक व प्लास्टिक कलाओं के क्षेत्र में वरिष्ठ/कनिष्ठ अध्येतावृतियां

1 मंच कलाएं (संगीत/नृत्य/रंगमंच और कठपुतली–कला सहित स्वदेशी कलाएं)

2 साहित्यिक कलाएं (यात्रा–विवरण/ साहित्य का इतिहास और सिद्धांत)

3 प्लास्टिक कलाएं (ग्राफिक्स /मूर्तिकला/लोक चित्रकला और पारंपरिक चित्रकलाओं पर अनुसंधान कार्य सहित चित्रकला/सृजनात्मक फोटोग्राफी)

ख) संस्कृति से संबंधित नए क्षेत्रों में वरिष्ठ/कनिष्ठ अध्येतावृत्तियां

निम्नलिखित क्षेत्रों में "संस्कृति से संबद्ध नए क्षेत्रों" में परियोजनाएं आमंत्रित हैं :

1. भारत विद्या
2. पुरालेखशास्त्र
3. संस्कृति का समाजशास्त्र
4. सांस्कृतिक अर्थशास्त्र

5. स्मारकों के संरचनात्मक और इंजीनियरी पहलू
6. मुद्रा शास्त्र
7. संरक्षण के वैज्ञानिक और तकनीकी पहलू
8. कला और विरासत के प्रबंधन पहलू
9. संस्कृति और सृजनात्मकता के क्षेत्रों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग से संबंधित अध्ययन

इनका उद्देश्य कला और संस्कृति से संबंधित क्षेत्रों में समकालीन मुद्दों में नई शोध तकनीकों, प्रौद्योगिकीय और प्रबंधन सिद्धांतों के विश्लेषणात्मक अनुप्रयोग को प्रोत्साहन देना है। सामान्य और सैद्धांतिक वृहत अध्ययनों पर विचार किया जाएगा। प्रस्ताव, नवीन और अनुप्रयोग उन्मुख और वरीयतः अन्तर–विधा किस्म का होना चाहिए।

ग. नाम

इस स्कीम को 'संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट व्यक्तियों को अध्येतावृत्तियां प्रदान करने की स्कीम' के नाम से जाना जायेगा।

घ. अध्येतावृत्तियों की संख्या

अध्येतावृत्तियों की संख्या प्रत्येक वर्ष 400 होगी। ये दो प्रकार की अध्येतावृत्तियां हैः वरिष्ठ और कनिष्ठ अध्येतावृत्तियां। वरिष्ठ अध्येतावृत्तियों की संख्या 40 वर्ष आयु समूह के कलाकारों के लिए प्रतिमाह 20,000/– रू. की दर से 200 होगी जबकि 25–40 वर्ष की आयु समूह के कलाकारों के लिए प्रतिमाह 10,000/– रू. की दर से कनिष्ठ अध्येतावृत्तियों की संख्या 200 होगी। आयु की गणना प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल से की जाएगी।

ड. प्रकाशन अनुदान

इसके अलावा, चुनिंदा परियोजना दस्तावेजों के लिए अधिकतम 20,000/– रू. या प्रकाशन की लागत का 50 प्रतिशत तक, जो भी कम हो, की एक बारगी दिया जाने वाला अनुदान होगा। इसे अनुदान प्राप्तकर्ताओं के 20 प्रतिशत तक सीमित किया जाएगा।

च. पात्रता

वरिष्ठ अध्येतावृत्ति के लिए आवेदक, अभावग्रस्त परिस्थितियों में रह रहे कलाकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना के अंतर्गत संस्कृति मंत्रालय से पेंशन प्राप्तकर्ता नहीं होना चाहिए।

आवेदक, द्वारा इससे पहले सदृश अध्येतावृत्ति का लाभ नहीं लिया गया हो। तथापि, जिस आवेदक को कनिष्ठ अध्येतावृति प्रदान की गई हो, वह वरिष्ठ अध्येतावृत्ति के लिए आवेदन कर सकता है बशर्ते कि पहली परियोजना पूरा होने के बाद 5 वर्ष का समय बीत चुका हो।

स्कीम के पैरा II (ख) में सूचीबद्ध क्षेत्र/दायरे में पात्रता के लिए न्यूनतम अर्हता स्नातक है।

छ. अध्येतावृत्ति किस्त के संवितरण के लिए शर्तें एवं प्रक्रिया

जो आवेदक केन्द्रीय/राज्य सरकार/विश्वविद्यालय आदि में नियमित कर्मचारी हैं, वे समुचित माध्यम से आवेदन करेंगे और उन्हें उस संगठन से प्राप्त अवकाश प्रमाण भी प्रस्तुत करना होगा।

वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अध्येतावृत्तियों के अंतर्गत, अध्येतावृत्ति प्राप्तकर्ता छमाही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। छमाही प्रगति रिपोर्ट में प्रासंगिक अवधि के दौरान किए गए कार्य का ब्यौरा शामिल होना चाहिए।

पहली और दूसरी छमाही प्रगति रिपोर्टों की प्राप्ति और अपेक्षित सरकारी प्रक्रियाओं के पश्चात पहली और दूसरी छमाही किस्तें अध्येताओं के बैंक खाते में सीधे ही जारी कर दी जाएंगी।

तीसरी किस्त, विशेषज्ञ समिति द्वारा मध्यावधि मूल्यांकन के दौरान आपकी पहली और दूसरी छमाही प्रगति रिपोर्ट की प्रगति की समीक्षा के पश्चात जारी की जाएगी।

चौथी छमाही रिपोर्ट और रिपोर्ट की सजिल्द प्रति प्राप्त होने के पश्चात, विशेषज्ञ समिति द्वारा उनका मूल्यांकन किया जाएगा। अंतिम किस्त, रिपोर्टों के सफलतापूर्वक मूल्यांकन के पश्चात जारी की जाएगी।

जिन मामलों में ऐसी रिपोर्टें समय पर नहीं प्राप्त होती, वहां मंत्रालय अध्येतावृत्ति की राशि को आगे जारी करने पर रोक लगा सकता है।

चुने गए उम्मीदवारों को उन परियोजनाओं के संबंध में शैक्षिक अथवा अनुप्रयोग उन्मुख अनुसंधान कार्य आयोजित करना होगा जिसके लिए उन्हें अध्येतावृत्तियां प्रदान की गई हैं। उन्हें अपनी परियोजना दो वर्ष के अंदर पूरी करनी होगी और उसे इस मंत्रालय को प्रस्तुत करना होगा। सरकार की ओर से अतिरिक्त वित्तीय जिम्मेदारी के बिना अधिकतम तीन माह तक समयवृद्धि की अनुमति होगी।

ज. निष्पादन की समीक्षा/मूल्यांकन

प्रत्येक मामले में एक वर्ष बाद निष्पादन की मध्यावधि समीक्षा/मूल्यांकन किया जाएगा और अध्येतावृत्ति का आगे जारी रहना इस समीक्षा/मूल्यांकन पर निर्भर करेगा।

झ. चयन की प्रकिया

1. अध्येतावृत्ति प्रदान करने हेतु आवेदन प्रत्येक वर्ष विज्ञापन के माध्यम से आमंत्रित किए जाएंगे। आवेदकों को मंत्रालय की वेबसाइट अर्थात www.indiaculture.nic.in अथवा सीसीआरटी की वेबसाइट www.ccrtindia.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

2. यदि आवेदक केन्द्रीय/राज्य सरकार के विभागों/संस्थाओं/उपक्रमों/विश्वविद्यालयों इत्यादि में कार्यरत हैं, तो अध्येतावृत्ति के लिए चयन होने पर उन्हें दो वर्ष की अवधि का अवकाश लेना होगा। उन्हें अध्येतावृत्ति संबंधी अपने आवेदन को विभाग/संस्था/उपक्रम/विश्वविद्यालय इत्यादि के प्रमुख के माध्यम से इस लिखित आश्वासन के साथ प्रेषित करना होगा कि अध्येतावृत्ति के मंजूर होने पर उम्मीदवारों को अध्येतावृत्ति की अवधि के लिए अवकाश प्रदान कर किया जाएगा। यथा लागू अन्य शर्तों को पूर्ण करने के अतिरिक्त अवकाश मंजूर होने का प्रमाण प्रस्तुत करने पर अध्येतावृत्ति की प्रथम किस्त जारी की जाएगी।

3. संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की विशेषज्ञ समिति गठित की जाएगी जो प्रथम चरण में सभी आवेदनों की जांच करेगी और साक्षात्कार के लिए उनमें से विभिन्न क्षेत्रों में उम्मीदवारों के अपेक्षाकृत संख्या में संभावित चयन के लिए सर्वाधिक उत्कृष्ट उम्मीदवारों की लघु सूची बनाएगी।

4. विशेषज्ञ समिति द्वारा लघु सूची में रखे गए कनिष्ट अध्येतावृत्ति उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, जो फिर उनमें से अध्येतावृत्ति के लिए सर्वाधिक उत्कृष्ट उम्मीदवारों को चुनेगी। वरिष्ठ अध्येतावृत्तियों के मामले में ऐसा साक्षात्कार आवश्यक नहीं होगा।

ञ. संवितरण प्राधिकारी

इस स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत पुरस्कार राशि केन्द्रीय सरकार द्वारा सीधे ही संवितरित की जाएगी।

3.2

विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति प्रदान करना

क. कार्यक्षेत्र

स्कीम का उद्देश्य असाधारण प्रतिभा वाले युवा कलाकारों को भारतीय शास्त्रीय संगीत, भारतीय शास्त्रीय नृत्य, रंगमंच, दृश्य कला, लोक स्वांग, पारम्परिक और स्वदेशी कलाओं तथा सुगम शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में भारत में उच्च प्रशिक्षण के वास्ते वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

ख. संख्या छात्रवृत्तियों की कुल संख्या 400

ग विषय/क्षेत्र जिनमें छात्रवृत्तियां दी जा सकती हैं

(1) भारतीय शास्त्रीय संगीत

शास्त्रीय हिन्दुस्तानी संगीत (गायन और वाद्य) शास्त्रीय कर्नाटक संगीत (गायन और वाद्य इत्यादि)

(2) भारतीय शास्त्रीय नृत्य/संगीत नृत्य

भरतनाट्यम, कथक, कुचिपुड़ी, कथकली, मोहिनीअट्टम, ओडिसी नृत्य/संगीत, मणिपुरी नृत्य/संगीत, थांगटा, गौडिया नृत्य, छऊ नृत्य/संगीत, सतरिया नृत्य।

(3) रंगमंच – रंगमंच कला का कोई विशिष्ट पहलू, जिसमें अभिनय, निर्देशन आदि शामिल हैं किन्तु नाट्य लेखन और अनुसंधान शामिल नहीं है।

(4) दृश्यकलाएं – रेखांकन, मूर्तिकला, चित्रकारी, सृजनात्मक फोटोग्राफी, मृत्तिका और सिरेमिक्स आदि।

(5) लोक, पारम्परिक और स्वदेशी कलाएं

कठपुतली, स्वांग, लोक रंगमंच, लोक नृत्य, लोक गीत, लोक संगीत, आदि (एक सोदाहरण सूची पैरा 10 'टिप्पणी' में देखी जा सकती है)।

(6) सुगम शास्त्रीय संगीत

1 ठुमरी, दादरा, टप्पा, कव्वाली, ग़ज़ल

2 कर्नाटक शैली पर आधारित सुगम शास्त्रीय संगीत आदि

3 रवीन्द्र संगीत, नज़रूल गीति, अतुलप्रसाद

घ. छात्रवृत्ति की अवधि एवं कार्यकाल

सामान्यतः छात्रवृत्ति की अवधि दो वर्ष होगी।

प्रत्येक मामले में प्रशिक्षण का स्वरूप अध्येता के पिछले प्रशिक्षण तथा पृष्ठभूमि पर विचार करने के बाद निर्धारित किया जाएगा। सामान्यतः, यह किसी गुरू/प्रशिक्षक अथवा मान्यता प्राप्त संस्था की उच्च प्रशिक्षुता के स्वरूप की होगी।

अध्येता को कठोर प्रशिक्षण लेना होगा। इस प्रकार के प्रशिक्षण में संबंधित विषय/क्षेत्र में सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करने में लगे समय के अतिरिक्त अभ्यास के लिए प्रतिदिन कम से कम तीन घंटे का समय और संबंधित विषयों को समझना भी शामिल है।

ङ. छात्रवृत्ति की राशि और जारी करने संबंधी शर्तें

- प्रत्येक अध्येता को यात्रा, पुस्तकों, कला सामग्री या अन्य उपस्कर और ट्यूशन या प्रशिक्षण प्रभार, यदि कोई हो, पर अपने रहन–सहन के व्यय को पूरा करने के लिए दो वर्ष की अवधि के लिए प्रतिमाह 5000/– रु. का भुगतान किया जाएगा।
- विद्वान को उनके द्वारा लिए गए प्रशिक्षण से संबंधित चार छमाही प्रगति रिपोर्टें प्रस्तुत करनी होंगी (चयन के पश्चात दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार), जिस पर प्रत्येक छह मासिक अवधि की समाप्ति के पश्चात गुरु/संस्थान द्वारा विधिवत हस्ताक्षर किए गए हों।
- तथापि, प्रथम छह मासिक किस्त अभ्यर्थियों के चयन तथा उन अभ्यर्थियों से अपेक्षित दस्तावेजों की प्राप्ति के पश्चात जारी की जाएगी। दूसरी, तीसरी और चौथी छात्रवृत्ति किस्तें प्रासंगिक अवधि की रिपोर्टें प्राप्त होने पर जारी की जाएंगी।

च. पात्रता की शर्तें

(क) अभ्यर्थियों को भारतीय नागरिक होना चाहिए।

(ख) अभ्यर्थियों में उनके प्रशिक्षण को प्रभावी ढंग से आगे चलाने के लिए पर्याप्त सामान्य ज्ञान होना चाहिए।

(ग) अभ्यर्थियों को इन कलाओं का व्यावसायिक जीवन में अनुसरण करने की अपनी इच्छा का प्रमाण देना होगा।

(घ) चूंकि, ये छात्रवृत्तियां उच्च प्रशिक्षण के लिए दी जाती हैं, न कि नए सीखने वालों के लिए, अतः अभ्यर्थियों के पास चुने हुए कार्यकलाप के क्षेत्र में प्रवीणता डिग्री होनी चाहिए।

(ङ.) अभ्यर्थी को अपने गरू/संस्थानों से न्यूनतम 5 वर्ष का प्रशिक्षण लिया होना चाहिए। आवेदन के साथ वर्तमान गुरू/संस्थान और पूर्व गुरू/संस्थान (यदि कोई हो) द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित प्रपत्र के भाग–II में इस आशय का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

(च) अभ्यर्थी को संबद्ध कलाओं/विद्याओं में पर्याप्त ज्ञान होना चाहिए।

(छ) अभ्यर्थी की आयु उस वर्ष में 1 अप्रैल को 18 वर्ष से कम और 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए जिस वर्ष में आवेदन किया जा रहा है। आयु सीमा में छूट नहीं है।

छ. विज्ञापन

आवेदन पत्रों को आमंत्रित करने के लिए विज्ञापन सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र (सीसीआरटी), 15–ए, सेक्ट र–7, द्वारका, नई दिल्ली–110075, दूरभाष 011–25074256 द्वारा जारी किए जाएंगे।

ज. आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज

साक्षात्कार के समय आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज (फोटो सहित) जमा कराने होंगे :

1. शैक्षिक योग्यताओं, अनुभवों इत्यादि की एक–एक स्व सत्यापित प्रति। किसी भी हालत में मूल दस्तावेज संलग्न न किए जाएं।
2. मैट्रिक या समकक्ष प्रमाण–पत्र, यदि कोई हो, अथवा आयु का कोई अन्य संतोषजनक प्रमाण (जन्म पत्रियों के अलावा) की एक सत्यापित प्रति।
3. नवीनतम पासपोर्ट आकार का एक फोटो।
4. जो उम्मीदवार चित्रकला, मूर्तिकला और प्रयुक्त कला के क्षेत्र में छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर रहे हैं, उन्हें

अपने आवेदन पत्रों के साथ उत्कृष्ट मूल कृतियों की, स्व सत्यापित फोटो भी भेजनी होगी। दृश्यकला के लिए ललित कलाओं में स्नातक अथवा समकक्ष न्यूनतम अर्हता है।

5. यदि आवेदक एक से अधिक क्षेत्र के लिए आवेदन करना चाहता है तो उसे प्रत्येक क्षेत्र के लिए अलग–अलग ऑनलाइन आवेदन–पत्र भेजना चाहिए।

6. चूंकि ये छात्रवृत्तियां उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए दी जाती हैं, अतः अभ्यर्थी को अपने गुरू/संस्थानों से न्यूनतम 5 वर्ष का प्रशिक्षण लिया होना चाहिए। आवेदन के साथ वर्तमान गुरू/संस्थान और पूर्व गुरू/संस्थान (यदि कोई हो) द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित पत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

झ. सामान्य

1. अभ्यर्थियों को विशेषज्ञ समिति के समक्ष साक्षात्कार/प्रदर्शन के लिए उपस्थित होना होगा। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार / प्रदर्शन की तारीख, समय और स्थान की सूचना अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन में दिये गये ईः मेल के माध्यम से दी जायेगी। चयन पूर्णतः योग्यता आधार पर किया जाएगा।

2. परिणाम मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। अंतिम चयन होने के पश्चात्र चयन का परिणाम उम्मीदवारों को स्पीड पोस्ट द्वारा भेज दिया जाएगा।

3. पते में किसी प्रकार का परिवर्तन हो तो उसे इस मंत्रालय को लिखित में सूचित किया जाना चाहिए और सूचित करते समय प्रशिक्षण के विषय क्षेत्र, का स्पष्ट रूप से उल्लेखि किया जाना चाहिए।

4. भविष्य में किसी भी पत्र व्यवहार के लिए उम्मीदवार निम्नलिखित ब्यौरे अवश्य दें :–

   (क) स्कीम का नाम

   (ख) सुस्पष्ट अक्षरों में उम्मीदवार का नाम

   (ग) प्रशिक्षण का विषय/क्षेत्र

   (घ) पंजीकरण संख्या।

ञ. लोक, पारंपरिक एवं स्वदेशी कला की सांकेतिक सूची

कठपुतली रंगमंच

छाया कठपुतली

1. उड़ीसा की रावणछाया
2. महाराष्ट्र का चमड्याचा बाहुल्या
3. केरल का तोल पावाकूतु
4. तमिलनाडु का तोलु बोम्मलाट्टम
5. आंध्र प्रदेश का तोलु बोम्मलाट्टम
6. कर्नाटक का तोलागु गोंबे अट्टा

छड़ या धागा कठपुतली

1. पश्चिम बंगाल का पुतुलनाच
2. राजस्थान की कठपुतली
3. कर्नाटक का गोंबेअट्टा

4. केरल का पावाकूतु
5. तमिलनाडु का बोम्मलट्टम
6. उड़ीसा का सखी–कुंडेई
7. महाराष्ट्र का कलासूत्री बहुले
8. बिहार का चदर बदर

दस्ताना कठपुतली

1. उत्तर प्रदेश की गुलाबो सिताबो
2. केरल का पावा कथकली

पारम्परिक रंगमंच

भक्ति संगीत

1. कथाकालक्षेपम की हरिकथा
2. तेवरम, तिरूपुगाज, कावडिचिंदु
3. महाराष्ट्र के भजन और अभंग
4. विभिन्न धार्मिक समुदायों के गीत
5. मणिपुर का संकीर्तन
6. बंगाल का बाउल
7. दिव्य प्रबंदम और अरैया सेवाई

लोक संगीत

1. सभी क्षेत्रों के महिला गीत
2. बच्चों के तथा बच्चों द्वारा गाए गीत
3. महाकाव्यों से संबंधित गीत
4. विभिन्न जातियों के गीत
5. सभी क्षेत्रों की देवी माता की भेंटें
6. उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक की विभिन्न प्रकार की लावणी
7. महाराष्ट्र के गोलण
8. दक्षिण के कुरवंजी गीत
9. नागेसी–हरदेसी (कर्नाटक) सहित विभिन्न क्षेत्रों के कलगी तुरा
10. गौरव गीत (कलगी तुरा के)
11. कर्नाटक और महाराष्ट्र के गोंधल
12. बिंगीपद (अंटिके पंटिके)

13. तत्वी गीत (एकतारी मेला)
14. किन्नरी जोगी गीत
15. काणे–पद
16. गीगीपद
17. गुंडिका पद
18. जोकुमार गीत
19. दोम्बुरई दास के गीत (गाथा)
20. नील गार के गीत
21. पंढरी भजन
22. रिवायत के गीत (सवाल–जवाब) और मर्सिया कहानी
23. लोक तथा जनजातीय संगीत वाद्य यंत्र
24. समष्टि वादन (पंचमुख–वाद्य करडी, मजलू, वेलगा, सिट्टी, मेला, छकड़ी, अंजुमन आदि)

अन्य विविध परम्परागत स्वरूप

1. मणिपुर का पेनाइसेई
2. लोक संगीत (जाति संगीत)
3. राजस्थान का मांड
4. गोवा का रणमाल्येम
5. असम का देवधानी
6. मध्य प्रदेश की चांदयानी
7. कश्मीपर का भांड जश्न
8. तेय्यमतुरा
9. तिब्बती कलावस्तु तथा अभिलेखागार के पुस्तकालय, धर्मशाला में तिब्बती चित्रकला और काष्ठ शिल्प का अध्ययन।

यह सूची उदाहरणस्वरूप है, सम्पूर्ण नहीं।

3.3

टैगोर राष्ट्रीय सांस्कृतिक शोध अध्येतावृत्ति

क. उद्देश्य

यह स्कीम, संस्कृति मंत्रालय (एमओसी) के अधीन विभिन्न संस्थाओं तथा देश में चिन्हित अन्य सांस्कृतिक संस्थाओं को अनुप्राणित करने तथा पुनर्जीवित करने के लिए शुरू की गई है, जो परस्पर हित की परियोजनाओं पर कार्य करने के लिए इन संस्थाओं के साथ स्वयं को संबद्ध करने के लिए विद्वानों/ शिक्षाविदों को प्रोत्साहित करती है। संस्थाओं में नवीन ज्ञान भंडार अनुप्राप्ति करने की दृष्टि से, इस स्कीम में इन अध्येताओं/शिक्षाविदों के इन संस्थाओं के मुख्य उद्देश्य से संबंधित परियोजना और अनुसंधान कार्य आरंभ करने के लिए संस्थाओं में विशिष्ट संसाधन के चयन हेतु तथा उन्हें नवीन सृजनात्मक दृष्टिकोण तथा शैक्षिक उत्कर्ष से उन्हें समृद्ध करने की परिकल्पना की गई है। इस स्कीम में भारतीय नागरिक तथा विदेशी नागरिक भाग ले सकते हैं। विदेशियों का अनुपात एक वर्ष में प्रदान की गई कुल अध्येतावृत्ति का सामान्यतया एक–तिहाई से अधिक नहीं होगा।

ख. शीर्षक

इस स्कीम को ''टैगोर राष्ट्रीय सांस्कृतिक शोध अध्येतावृत्ति'' के नाम से जाना जाएगा।

ग. भाग लेने वाले संस्थान

इस स्कीम में संस्कृति मंत्रालय (एमओसी) के अधीन निम्नलिखित सूचीबद्ध सभी संस्थाएं शामिल होंगी तथा भविष्य में ऐसी ही अन्य संस्थाएं शामिल हो सकती हैं। राष्ट्रीय चयन समिति (एनएससी) की राय है कि इस स्कीम में ऐसी गैर–संस्कृति मंत्रालयी सांस्कृतिक संस्थाएं भी शामिल हो सकती हैं, जिनके पास पांडुलिपियों, कलाकृतियों, पुरावस्तुओं, पुस्तकों, प्रकाशन, अभिलेख आदि जैसे सांस्कृतिक संसाधन उपलब्ध हैं और जो अपने संसाधनों पर कार्य करने लिए विशिष्ट विद्वानों को नियुक्त करने तथा ऐसे प्रकाशन, जो विषय के प्रति अथवा संस्था के प्रति हमारी समझ को समृद्ध करते हैं, निकालने हेतु इस स्कीम का लाभ उठाने के इच्छुक हैं। इच्छुक संस्थाओं से उन्हें स्कीम में शामिल करने के लिए प्राप्त आवेदनों पर विचार करने के अलावा, एनएससी, अपनी स्वयं की क्षमता से, ऐसी संस्थाओं की पहचान करता है, जिन्हें स्कीम का लाभ देने के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए। उनसे सहमति प्राप्त होने पर इस स्कीम में संबंधित संस्थानों को शामिल किया जाएगा। इस स्कीम के लिए संस्कृति मंत्रालयी तथा गैर–संस्कृति मंत्रालयी संस्थाएं जो इस स्कीम द्वारा वर्तमान में शामिल की गई हैं, को दो श्रेणियों (I व II) तथा 4 विभिन्न समूहों में बांटा गया है, जो निम्नलिखित हैं :

समूह– 'क' : पुरातत्व, पुरावस्तु, संग्रहालय एवं दीर्घाएं

1. संस्कृति मंत्रालय के संस्थान (9)

1) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, नई दिल्ली
2) राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली
3) भारतीय संग्रहालय, कोलकाता
4) राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली
5) सालारजंग संग्रहालय, हैदराबाद
6) इलाहाबाद संग्रहालय, इलाहाबाद

7) विक्टोरिया मेमोरियल हॉल, कोलकाता
8) ललित कला अकादेमी, नई दिल्ली
9) राष्ट्रीय सांस्कृतिक संपदा संरक्षण अनुसंधान प्रयोगशाला, लखनऊ

2. गैर–मंत्रालयी संस्थान (3)

1) छत्रपति शिवाजी महाराज वास्तु संग्रहालय, मुम्बई
2) गांधी संग्रहालय, पटना
3) राजकीय संग्रहालय एवं कला दीर्घा, चंडीगढ़

समूह– 'ख' : अभिलेखागार, पुस्तकालय एवं सामान्य छात्रवृत्ति

1. संस्कृति मंत्रालय के संस्थान (6)

1) भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली
2) राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता
3) रामपुर रज़ा पुस्तकालय, रामपुर (उ. प्र.)
4) खुदा बख्श ओरियंटल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना
5) राजा राममोहन रॉय पुस्तकालय प्रतिष्ठान, कोलकाता
6) गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, नई दिल्ली

2. गैर–मंत्रालयी संस्थान (4)

1) एशियाटिक सोसायटी, मुम्बई
2) आंध्र प्रदेश राज्य अभिलेखागार एवं अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद
3) तंजावुर महाराजा सरफोजी का सरस्वती महल पुस्तकालय एवं अनुसंधान केन्द्र, तंजावुर
4) भंडारकर ओरियंटल अनुसंधान संस्थान, पुणे

समूह– 'ग' : मानव विज्ञान एवं समाजशास्त्र

1. संस्कृति मंत्रालय के संस्थान (10)

1) भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण, कोलकाता
2) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल
3) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली
4) उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला
5) उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, इलाहाबाद
6) पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, कोलकाता
7) उत्तर पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, दीमापुर
8) पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर
9) दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, नागपुर
10) दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, तंजावुर

3. गैर–मंत्रालयी संस्थान (शून्य)

समूह– 'घ' : मंचकला एवं साहित्यिक कलाएं

1. संस्कृति मंत्रालय के संस्थान (4)

1) संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली
2) राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली
3) कलाक्षेत्र प्रतिष्ठान, चेन्नई
4) साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

2. गैर–मंत्रालयी संस्थान (1)

1) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (कला एवं सौन्दर्य शास्त्र विद्यालय), नई दिल्ली

घ. स्कीम का कार्य क्षेत्र

स्कीम का कार्य क्षेत्र है– निर्धारित सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा असाधारण योग्यता वाले विद्वानों को ऐसी अनुसंधान परियोजनाओं पर कार्य करने के लिए नियोजित करने में समर्थ बनाना जिनसे उनके अप्रयुक्त संसाधनों का पता लगाया जा सके। संस्थान तथा विद्वान खोज किए जाने वाले क्षेत्रों की पहचान करेंगे, लेकिन अनुसंधान का विषय एक संस्थान तक सीमित नहीं होना चाहिए। सुविधा, मॉनीटरिंग, लेखाकरण तथा उत्तरदायित्व के उद्देश्य के लिए पैरा 3 में सूचीबद्ध एक संस्थान, प्रत्येक परियोजना के लिए 'नोडल संस्थान' होगा तथा अध्येता को उस संस्थान से संबद्ध किया/जोड़ा जाएगा।

4.1 शोध क्षेत्र तथा पात्र परियोजनाएं

4.1.1 चयनित अध्येता सामान्यतः उस परियोजना पर कार्य करेगा जो नोडल संस्थान को उसके संसाधनों का पता लगाने के लिए लाभकारी है। शोध का विषय ऐसा होना चाहिए जिस पर अध्येतावृत्ति देने वाले नोडल संस्था से प्राप्त संसाधनों और सुविधाओं की सहायता से उपयुक्त रूप से जारी रखा जा सके, यद्यपि इसके साथ ही वह अन्य संस्थानों के संसाधन और सुविधाएं लेने के लिए भी स्वतंत्र होगा।

4.1.2 यदि अनुसंधान के विषय पर एक से अधिक संस्थान से सहायता लेने की आवश्यकता पड़ती है अथवा अध्येता अन्य रूप से अन्य संस्थान के संसाधनों और सुविधाओं को प्राप्त करने की आवश्यकता महसूस करता है, तो अध्येतावृत्ति प्रदान करने वाला नोडल संस्थान, अन्य संस्थानों को अध्येता की सिफारिश करेगा। ऐसे विरल मामले में जहां अध्येता के लिए दो संस्थान लगभग समान महत्व के हों, दूसरे संस्थान को 'सह–संस्थान' समझा जाएगा और दोनों पक्षों द्वारा बौद्धिक संपदा, प्रकाशन, क्रेडिट शेयरिंग, सुविधाएं आदि के संबंध में त्रिपक्षीय समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएं। लेकिन लेखाकरण 'नोडल संस्थान' के पास ही रहेगा।

4.1.3 चूंकि यह स्कीम, नोडल संस्थान के सांस्कृतिक संसाधनों का पता लगाने पर केन्द्रित है, परियोजना उसी दिशा में चलनी चाहिए, अर्थात, नोडल संस्थान के संसाधनों का भरपूर प्रयोग करना। परियोजना के लिए आवश्यक निवेश, नोडल संस्था और (विरले मामले में) सह–संस्थान में उपलब्ध संसाधनों के साथ मजबूती से जुड़ा होना चाहिए।

4.1.4 अंततः परियोजना परिणाम से नोडल संस्थान, सह–संस्था, यदि कोई हो, तथा विचाराधीन व्यक्ति को लाभ मिलना चाहिए; तथा संस्थान/विषय के विद्यमान ज्ञान में वृद्धि होनी चाहिए।

4.2 टैगोर राष्ट्रीय अध्येता के रूप में नियुक्ति के लिए विद्वानों की पात्रता

4.2.1 ऐसे विद्वान जो गहन शैक्षणिक ज्ञान अथवा व्यावसायिक ख्याति वाले हों तथा जिन्होंने अपने संबंधित क्षेत्रों में ज्ञान

के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया हो, जो प्रख्यात और निर्दिष्टो जर्नलों में प्रकाशित हुआ हो तथा उनके द्वारा लिखित पुस्तकों में प्रतिपादित हुआ हो, अथवा कला या संस्कृति के किसी क्षेत्र में महत्वपूर्ण रचनात्मक कार्य वाले व्यक्ति अध्येतावृत्ति प्रदान किए जाने हेतु विचार के लिए पात्र होंगे।

4.2.2 नियुक्त किए जाने वाले अध्येता के पास पिछले पैरा (4.2.1) में उल्लिखित विश्वसनीयता तथा नोडल संस्थान द्वारा शामिल क्षेत्र में विशिष्ट् प्रतिष्ठा होनी चाहिए। चूंकि मान और मानदेय दोनों ही काफी उच्च स्तर के हैं; अतः प्रायोजित संस्थान की संस्थान स्तरीय 'खोज–सह–जांच समिति' और 'राष्ट्रीय चयन समिति' (आगे पैरा 11 में परिभाषित) टैगोर राष्ट्रीय अध्येताओं की सिफारिश/चयन करते समय यह ध्यान में रखें।

4.2.3 अतः ऐसे व्यक्तियों में निम्नलिखित योग्यता होनी चाहिए जिन्हें टैगोर राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति के लिए चुना जाता है :

क) शोध व अनुभव काल के संबंध में उच्च प्रतिष्ठा प्राप्ति;

ख) प्रकाशनों की अत्यधिक प्रभावशाली सूची, जिन्हें विद्वता के क्षेत्र में स्वीकार किया गया हो; और

ग) सीधे नोडल संस्थान और/या सम्बद्ध संस्थानों से जुड़ी परियोजनाओं के संचालन में पूर्व अनुभव।

4.2.4 संक्षेप में, टैगोर राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति के लिए चुना गया व्यक्ति ऐसा होना चाहिए जिसने अपने कार्यक्षेत्र में ख्याति प्राप्त कर ली हो या वह अत्यधिक आदरणीय हो। यह उचित है कि जो उक्त विवरण के दायरे में नहीं आते वे अध्येतावृत्ति के लिए आवेदन न करें या उन्हें इतना ऊंचा सम्मान व मानदेय देने पर विचार न किया जाए जो इस अध्येतावृत्ति के तहत भारत के किसी विद्वान को दिया जाता है।

ड. अनुबंध की शर्तें

चुने गए अध्येता को नोडल संस्था में भाग लेना होगा क्योंकि स्कीम का उद्देश्य ऐसे संस्थानों को शैक्षिक सुविज्ञता उपलब्ध करवाना तथा नोडल संस्था के कार्यकलापों में शैक्षिक अनुकूलन सृजित करना है। लम्बी अवधि तक अध्येताओं की वास्तविक उपस्थिति से नोडल संस्थानों में कार्यरत अधिकारियों व सांस्कृतिक विशेषज्ञों का शैक्षिक अनुकूलन होगा तथा इससे अन्य संस्थानों से आने वाले अतिथि शिक्षाविदों के साथ मेलजोल करने का अवसर भी मिलेगा। यद्यपि अध्येताओं को परियोजना कार्य के प्रयोजनों से या अपनी अन्य व्यावसायिक व्यस्तताओं के कारण समय–समय पर बाहर जाना पड़ सकता है परन्तु अध्येतावृत्ति की मुख्य अवधि के दौरान आशा है कि वे प्राथमिक रूप से नोडल संस्थान व इसके संसाधन के साथ काम करेंगे। अतः ऐसे उम्मीदवार इस अध्येतावृत्ति का लाभ नहीं ले सकते जो अन्यत्र अधिक व्यस्त हैं या जो नियमित सेवा में है या जिनकी सेवा जारी है। इसी प्रकार, जो उम्मीदवार उस नगर में प्रवास नहीं कर सकते, जहां नोडल संस्थान स्थित है, सामान्यतया उनके मामले पर विचार नहीं किया जाएगा। परन्तु यदि विषय या संसाधन, शोध का ऐसा मुख्य आधार हैं कि उसके लिए उसकी उक्त नगर में लगातार उपस्थिति की जरूरत नहीं है तो एन एस सी ऐसे मामलों पर विचार कर सकती है। इस स्कीम में भाग लेने वाले संस्थान में नियोजित उम्मीदवारों पर भी सर्वाधिक अपवादस्वरूप परिस्थितियों (जिसके बारे में एनएससी द्वारा निर्णय लिया जाएगा) को छोड़कर अपने मूल संस्थान में अध्येता होने पर प्रतिबंध होगा।

च. टैगोर राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियों की संख्या व उनका वित्त पोषण

6.1 प्रारंभ में, संस्कृति मंत्रालय द्वारा अध्येतावृत्ति का आवेदन करने वाले संस्थानों को प्रति वर्ष 15 अध्येतावृत्तियों का भुगतान किया जाता है। इसकी कुल संख्या और अधिक हो सकती है क्योंकि संस्कृति मंत्रालय के लगभग सभी संस्थानों के पास अपने अध्येताओं पर खर्च करने के लिए पर्याप्त निधियां है। एक संस्थान एक वर्ष में अधिकतम दो अध्येतावृत्तियां प्रदान कर सकता है परन्तु पात्र प्रस्ताव प्राप्त होने पर राष्ट्रीय चयन समिति (एनएससी) को, विशेष रूप से एएसआई और आईजीएनसीए जैसे व्यापक आधार वाले संस्थानों के मामले में, उक्त शर्त में ढील देने का अधिकार होगा।

6.2 यदि वर्ष 2009–10 से प्रारंभ करते हुए किसी वर्ष के लिए, संस्कृति मंत्रालय की निधियों में से प्रदान की गई अध्येतावृत्तियां 15 से कम हैं, तो शेष अध्येतावृत्तियों को ठीक अगले वर्ष में प्रदान किया जा सकता है बशर्ते कि उस

वर्ष में इस प्रयोजनार्थ निधियां उपलब्ध हों। इसी प्रकार वित्त वर्ष विशेष में प्रस्तुत आवेदनों व परियोजनाओं को भी आगे ले जाया जा सकता है और उन पर अगले वर्ष विचार किया जा सकता/उनकी सिफारिश की जा सकती है बशर्ते कि उन्हें अन्यथा विचार के योग्य पाया जाए।

6.3 यह स्पष्ट किया जाता है कि संस्कृति मंत्रालय के तहत सम्बद्ध व अधीनस्थ कार्यालय, उन्हें आबंटित समग्र योजनागत बजट में से टैगोर राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति पर खर्च करेंगे जबकि स्वायत्त संगठन (संस्कृति मंत्रालय द्वारा पूर्णतः वित्त पोषित) वार्षिक योजना अनुदानों या आन्तरिक व्यवस्था से उपलब्ध निधियों के सामान्य पूल में से अध्येतावृत्तियों का खर्च वहन करेंगे। यदि उनमें से किसी भी संगठन को इस प्रकार सेवा में लिए गए अध्येताओं की सहायता हेतु अतिरिक्त निधियों की आवश्यकता पड़ती है तो, संस्कृति मंत्रालय, स्वायत्त संगठनों के मामले में उनके सहायता अनुदान आबंटन के भाग के रूप में अपेक्षित अतिरिक्त निधियां आबंटित करेगा और यदि संबंधित संस्थान, मंत्रालय का सम्बद्ध/अधीनस्थ कार्यालय है तो अतिरिक्त बजट प्रावधान करेगा। इन संस्थानों को, इसमें आगे निर्धारित मुख्य मानदंडों के भीतर और एनएससी द्वारा दी गई सलाह के अनुसार इस स्कीम को संचालित करने के लिए (जिसके लिए मंत्रालय यथा उल्लिखित सहायता अनुदान/बजट आबंटन प्रदान करेगा) पूर्ण स्वतंत्रता व लचीलापन प्राप्त होगा।

6.4 स्कीम के तहत आने वाले संस्कृति मंत्रालय के संस्थानों से इतर संस्थानों को सीधे इस स्कीम के बजट शीर्ष से निधियां प्रदान की जाएंगी, जिनका उपयोग इन संस्थानों द्वारा उनके लिए काम किए जाने हेतु चुने गए टैगोर राष्ट्रीय अध्येता (अध्येताओं) पर खर्च करने के लिए किया जाएगा और इसका अलग से लेखा रखा जाएगा।

छ. टैगोर राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति का मूल्य

7.1 टैगोर राष्ट्रीय अध्येता, जो एक विश्वविद्यालय, कॉलेज, शोध संस्थानों अथवा भारत के सरकारी व्यवस्था से हो, ग्रेड वेतन आदि सहित उसी वेतन का पात्र होगा जो वेतन उसने अपने मूल संगठन में रहते हुए प्राप्त किया हो। नोडल संस्थान द्वारा नियोक्ता को भविष्य निधि आदि में मूल या अनिवार्य अंशदान का भी भुगतान किया जाएगा जैसाकि नियोक्ता द्वारा अध्येता के अपने मूल संगठन में रहते हुए उसे किया जाता।

7.2 कोई अध्येता, जो विदेश अथवा विश्वविद्यालय, कॉलेज, शोध संस्थान अथवा सरकार से भिन्न संगठन से अथवा जो अपनी सेवा से अब सेवानिवृत्त हो गया हो अथवा अपनी पेंशन ले रहा हो, 80,000/– रु. प्रतिमाह नियत मानदेय का पात्र होगा।

7.3 ऐसी टॉप–अप राशि, जो एनएससी द्वारा निर्धारित की जाए, उस अध्येता को देय होगी जो चुनिंदा मामलों में अन्य स्रोतों से निधियां प्राप्त कर रहा हो जिससे उसके परिलब्धियों की कुल राशि मानदेय की सीमा तक या इससे अधिक हो जाएगी। परन्तु किसी भी स्थिति में टॉप–अप की राशि प्रतिमाह 80,000/– रु. से अधिक नहीं होगी।

7.4 ऐसे अध्येता को मानदेय का कोई भुगतान नहीं किया जाएगा जो मानदेय के बराबर अन्य स्रोतों से पूंजी राशि प्राप्त कर रहा हो। तथापि, ऐसे अध्येता को आकस्मिक अनुदान और अन्य भत्ते आदि सुविधाएं, जो एन एस सी द्वारा तय की गई हों, प्राप्त होंगी।

ज. आकस्मिक अनुदान

विदेश में रहने वाले अथवा सेवा करने वाले विदेशी अनुसंधान अध्येता और भारतीय अनुसंधान अध्येता को अध्येतावृत्ति की अवधि के दौरान एक बार नोडल संस्थान द्वारा देश से अपने निवास अथवा अपने निवास से देश तक इकोनॉमी श्रेणी का वापसी हवाई किराया दिया जाएगा/प्रतिपूर्ति की जाएगी। स्कीम के तहत अध्येतावृत्ति लेने वाले सभी अध्येताओं के लिए अध्येतावृत्ति की अवधि के दौरान 2.50 लाख रु. प्रतिवर्ष की सीमा तक रखे जाने वाले अनुसंधान सहायकों को शैक्षिक यात्रा करने के लिए आकस्मिक व्यय 'वास्तविकता' के आधार पर प्रतिपूर्ति की जाएगी। आकस्मिक अनुदान की उचित निगरानी और नियंत्रण के लिए, नोडल संस्थान इस उद्देश्य के लिए एक कंट्रोल रजिस्टर रखेगा।

झ. अध्येतावृत्ति की अवधि

अध्येतावृत्ति की अवधि अधिकतम दो वर्ष की होगी। आपवादिक मामलों में संस्थान, एनएससी को, इसके द्वारा दिए गए कार्य की गुणवत्ता के मूल्यांकन द्वारा समर्थित होने पर एक और वर्ष तक विस्तार की अवधि के लिए या दो वर्ष से कुछ कम की अवधि की सिफारिश कर सकता है। अध्येतावृत्ति कार्यभार ग्रहण की तारीख से दी गई मानी जाएगी और 'महीनों' व 'वर्षों' की गिनती तदनुसार की जाएगी।

ञ. चयन मापदंड

10.1 आवेदन

संस्कृति मंत्रालय अथवा संबंधित संस्थान अध्येतावृत्ति का व्यापक रूप से राष्ट्रीय/क्षेत्रीय समाचार पत्र जिनके पाठकों की संख्या अधिक हो और जिनकी वेबसाइट हो, (जिसे पूरे विवरण देने चाहिए) तथा संबंधित क्षेत्र में व्यावसायिक संगठनों/फोरम के माध्यम से स्कीम का प्रचार भी करेगी ताकि स्कीम का अधिकाधिक प्रचार हो। ऐसे पात्र उम्मीदवार वर्ष के दौरान सीधे संबंधित संस्थान/नोडल संस्थान को आवेदन कर सकते हैं जो भागीदार किसी भी संस्थान के संसाधनों पर आधारित कोई परियोजना पूरी करने के लिए लगभग दो वर्ष का समय निकाल सकें। उम्मीदवार किसी सादे कागज पर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं जिसके साथ जीवन–वृत्त, प्रकाशनों की सूची, उस कार्य का एक पृष्ठ का सार–संक्षेप, जिस पर वह कार्य करना चाहता है/चाहती है, सहित अन्य दस्तावेज तथा दो संस्तुतकर्ताओं के सम्पर्क सूत्रों सहित उनके नाम संलग्न किए जाएंगे। आवेदक को इस आशय का उल्लेख करते हुए एक घोषणा पत्र संलग्न करना चाहिए कि यदि अध्येतावृत्ति के लिए उसका चयन होता है तो वह अध्येतावृत्ति का कार्यकाल पूरा करेगा/करेगी।

10.2 चयन

उपर्युक्त पद्धति से प्राप्त आवेदनों की जांच इस प्रयोजनार्थ गठित संस्थान स्तरीय खोज–सह–चयन जांच समिति (आई एल एस एस सी) (जिसका विस्तृत उल्लेख पैरा 11 में किया गया है) द्वारा की जाएगी, और विचार किए जाने योग्य पाए गए आवेदनों की उक्त समिति द्वारा लघु सूची तैयार की जाएगी और राष्ट्रीय चयन समिति (एनएससी) को इसकी सिफारिश की जाएगी। ऐसे सर्वोत्कृष्ट वरिष्ठ विद्वानों को संस्कृति मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय चयन समिति में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा जिनकी इस स्कीम से संगतता के अनुसार विशेषज्ञता के क्षेत्रों में सुविख्यात प्रतिष्ठा हो।

10.3 खोज एवं निमंत्रण

तथापि, उम्मीदवारों का चयन ऐसे उम्मीदवारों तक सीमित किए जाने की आवश्यकता नहीं है जो विज्ञापन के जरिए आवेदन करते हैं। संबंधित संस्थान को स्वतः ऐसे प्रख्यात विद्वानों के नाम पर विचार करने की छूट होगी जो संस्थान और आई एल एस एस सी के सदस्यों के विचार से इस क्षेत्र से संबंधित विषय में सुविज्ञ हों तथा यह कि संस्थान को उन्हें एन एस सी को सिफारिश हेतु उक्त विद्वानों को प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के लिए आमंत्रित करने की स्वतंत्रता होगी। अंतिम निर्णय एन एस सी का होगा जो संबंधित संस्थान के परामर्श से किसी भी प्रख्यात विद्वान को अध्येता (लेकिन केवल संस्कृति मंत्रालय के अधीन किसी संस्थान के लिए) बनने के लिए आमंत्रित भी कर सकती है। संबंधित संस्थान के न्यासी बोर्ड/शासी निकाय तथा राष्ट्रीय चयन समिति (एनएससी) के बीच उत्पन्न मतांतर की स्थिति में मामले को संस्कृति मंत्री के स्तर पर निपटाया जाएगा।

ट. चयन की प्रक्रिया

11.1 प्रत्येक संस्थान द्वारा संस्थान स्तरीय खोज–सह–चयन जांच समिति (आईएलएसएससी) गठित की जाएगी। संबंधित संस्थान का निदेशक आईएलएसएससी का संयोजक होगा तथा इसमें कम से कम तीन शिक्षाविद या सांस्कृतिक

विशेषज्ञ और अधिकतम दो अधिकारी होंगे। एक ही स्टेशन पर संस्थान या सम्बद्ध संस्थान में अधिकारियों की उपलब्धता के आधार पर यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाएंगे कि आईएलएसएससी में मनोनीत दो में से कम से कम एक अधिकारी व्यावसायिक/विषय विशेषज्ञ हो। स्वायत्त संस्थान के मामले में आईएलएसएससी का गठन, संस्थान द्वारा उसके शासी निकाय/न्यासी बोर्ड के अनुमोदन से किया जाएगा। तथापि, यदि शासी निकाय/न्यासी बोर्ड की कोई बैठक नहीं होती है या उनका अनुमोदन लेना संभव न हो तो, अध्यक्ष के अनुमोदन से आईएलएसएससी का गठन किया जा सकता है और जब भी भविष्य में शासी निकाय/न्यासी बोर्ड की बैठक हो तब इसे उसकी अभिपुष्टि के लिए उसके समक्ष रखा जा सकता है। सम्बद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों से यह आशा होगी कि वे जहां तक संभव हो आईएलएसएससी का गठन उनके सलाहकार बोर्डों/समितियों के सदस्यों में से करेंगे और इसके लिए संबंधित प्रशासनिक प्रभाग में संस्कृति मंत्रालय का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा।

11.2 चयन, अध्ययन की प्रासंगिकता व नोडल संस्थान के लिए इसकी अपेक्षा तथा साथ ही संबंधित विद्वान की ख्याति व प्रतिष्ठा के आधार पर किया जाएगा। केवल ऐसे प्रस्तावों का चयन किया जाए जो (क) ऐसे विद्वानों को नियोजित करने की अपेक्षा रखते हों ऐसे विद्वानों की सेवाएं लेने, जिन्होंने राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की हो और राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय में जिनके कार्य की प्रामाणिक रूप से सराहना की गई हो। (ख) ऐसे संसाधनों को प्रकाशित करने जिनका सार्वजनिक क्षेत्र में पूरी तरह उपयोग न किया गया हो; से संबंधित हो और जिनसे (ग) ऐसे प्रकाशन मिले जो संबंधित संस्थान के लिए लाभप्रद हों। यह प्रक्रिया दो चरणों में की जाएगी।

11.3 प्रथम चरण में, खोज–सह–जांच प्रक्रिया के भाग के रूप में व्यापक रूप से विनिर्दिष्ट मानदण्ड के अनुसार आईएलएसएससी द्वारा परियोजनाओं तथा उम्मीदवारों की लघु सूची तैयार किया जाना शामिल हो सकता है। प्राप्त आवेदनों पर विचार करने के अलावा, आईएलएसएससी से आशा है कि वह सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाएगी तथा संगत परियोजनाओं की पहचान करेगी, इस क्षेत्र में प्रतिष्ठित विद्वानों की खोज करेगी, ऐसे विद्वानों से सम्पर्क करेगी तथा उन्हें अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। यदि विचार किए जाने के योग्य कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं होता है तो आईएलएसएससी को मजबूरन ऐसे प्रस्तावों की सिफारिश करने की आवश्यकता नहीं है जो वांछित स्तर के नहीं हैं या एन एस सी द्वारा विचार किए जाने के लिए अप्रासंगिक हैं। समुचित क्षेत्रों/शोध परियोजनाओं का पता लगाना तथा ऐसे उपयुक्त विद्वानों की खोज करना आईएलएसएससी के अधिदेश का भाग होगा जो उन शोध परियोजनाओं को करने के योग्य हों। आईएलएसएससी अपने सदस्यों की निजी जानकारी के आधार पर ऐसा कर सकती है और/या संबंधित संस्थान के शासी निकाय/न्यासी बोर्ड के सदस्यों तथा संस्कृति मंत्रालय द्वारा गठित विभिन्न विशेषज्ञ समितियों के सदस्यों सहित इस क्षेत्र में अन्य ज्ञानवान/प्रख्यात व्यक्तियों की सलाह ले सकती है। आईएलएसएससी की प्रक्रिया अपनाने का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि परियोजनाओं तथा अध्येताओं के चयन में उच्चतम मानकों का पालन किया गया है और यह कि स्कीम की ब्राण्ड इक्विटी से कोई समझौता नहीं किया गया है। जबकि आईएलएसएससी के शैक्षिक सदस्यों को स्वयं अयोग्य नहीं माना जाएगा, यदि वे स्कीम के तहत किसी परियोजना पर कार्य करने हेतु अपनी सेवाएं देने के लिए हैं, फिर भी आईएलएसएससी को यह सुनिश्चित करने का ध्यान रखना चाहिए कि ऐसे किसी प्रस्तावित परियोजना की सिफारिश न की जाए जिसे संबंधित संस्थान के शासी निकाय/न्यासी बोर्ड के किसी सदस्य द्वारा किए जाने का प्रस्ताव हो, जिससे हितों के टकराव की स्थिति पैदा होती हो। आईएलएसएससी के सदस्य से संबंधित प्रस्ताव, यदि कोई हो, पर बैठक में तभी विचार किया जाएगा जब उम्मीदवार सदस्य उपस्थित न हो। अतः उम्मीदवार सदस्य को आईएलएसएससी की उस बैठक में आमंत्रित नहीं किया जाएगा जिसमें उसका स्वयं के नाम पर विचार किया जाना हो; और यदि उसे अध्येतावृत्ति दी जाती है तो आईएलएसएससी से उसका कोई संबंध नहीं रहेगा। तथापि, संस्कृति मंत्रालय को इस स्कीम के तहत उसकी परियोजना के समाप्त होने के बाद उसे आईएलएसएससी के सदस्य के रूप में पुनः शामिल करने की छूट होगी।

11.4 द्वितीय चरण में, एन एस सी द्वारा प्रत्येक संस्थान के संबंध में लघु सूचीबद्ध उम्मीदवारों के आवेदनों/नामों पर विचार किया जाएगा। सचिव (संस्कृति) एन एस सी के संयोजक तथा संस्थान का निदेशक या प्रमुख उसके पदेन सदस्य

होंगे। एन एस सी के अन्य सदस्य प्रतिष्ठित विद्वान या कलाकार, या ऐसे विशेषज्ञ होंगे जिन्हें संस्कृति मंत्रालय द्वारा नियुक्त किया जाए। एन एस सी, अध्येताओं के चयन व अध्येतावृत्तियों के संचालन की निगरानी करने के लिए वर्ष में कम से कम दो बार बैठक करेगी। एन एस सी का पुनर्गठन किया जा सकता है और वह विभिन्न भागों में कार्य कर सकती है तथा एन एस सी का प्रत्येक भाग संस्थानों के समूह विशेष के प्रस्तावों को देखेगा। तथापि, यदि एक समूह में श्रेणीबद्ध किसी संस्थान का प्रस्ताव ज्यादातर उन परियोजनाओं के स्वरूप का है जिस पर एन एस सी के अन्य भागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है तो ऐसी परियोजनाओं को एन एस सी के ऐसे अन्य भाग को सौंपा जा सकता है। आईएलएसएससी के मामले में एन एस सी के सदस्य ऐसे क्षेत्रों का सुझाव भी दे सकते हैं जिनका संस्थान विशेष में अध्ययन किए जाने की आवश्यकता है और ऐसे विद्वानों के नामों का प्रस्ताव कर सकते हैं जो उन क्षेत्रों में परियोजना के साथ न्याय करने के योग्य हों। प्रख्यात विद्वानों का समूह छोटा होने से शायद स्कीम के तहत एन एस सी (या आईएलएसएससी) के सदस्यों को इसके दायरे से बाहर रखना संभव न हो। तथापि, एन एस सी से संबंधित किसी भी सदस्य के प्रस्तावों, यदि कोई हो, पर तभी विचार किया जाएगा, जब उम्मीदवार सदस्य उपस्थित न हो। वास्तव में ऐसे उम्मीदवार सदस्य को एन एस सी की उस बैठक में आमंत्रित नहीं किया जाएगा, जिसमें उसके अपने नाम पर विचार किया जाना हो और यदि उसे अध्येतावृत्ति प्रदान की जाती है तो एन एस सी से उसका कोई संबंध नहीं रहेगा। तथापि, संस्कृति मंत्रालय को इस स्कीम के तहत उसकी परियोजना के समाप्त होने के बाद उसे एनएससी के सदस्य के रूप में पुनः शामिल करने की छूट होगी।

ठ. स्कीम का संचालन

प्रत्येक संस्थान द्वारा प्रबंधित अध्येपतावृत्ति की कुल संख्या, भाग लेने वाली संस्थाओं के परामर्श से समय–समय पर संस्कृति मंत्रालय द्वारा तय की जाएगी। यह, अप्रयुक्त संपत्तियों के परिणाम संस्था में पहले ही विद्यमान भौतिक सुविधाओं, अध्येता की योग्यताओं को भरपूर लाभ उठाने के लिए उन्हें गाइड और प्रेरित करने की संस्थान की क्षमता, प्रकाशन तथा अनुसंधान में इसके पिछले रिकार्ड के विशेष क्षेत्र आदि में अनुसंधान/अध्ययन की आवश्यकता जैसे कतिपय मानदंडों पर आधारित होगी। कुल आबंटन के 2 प्रतिशत की राशि, स्कीम के संचालन से संबंधित खर्चों को वहन करने के लिए अलग से रखी जाए तथा इसमें आउटसोर्सिंग अथवा परामर्श के माध्यम से अध्येता द्वारा पूरे किए गए अनुसंधान कार्य की निगरानी, कार्यान्वयन, निरीक्षण, पुनरीक्षा आदि शामिल है।

ड. अध्येतावृत्ति राशि जारी करना

अध्येतावृत्ति की राशि नोडल संस्थान द्वारा प्रत्येक अध्येता को मासिक आधार पर जारी की जाए। सभी अध्येता, नोडल संस्थान के प्रमुख को अध्येतावृत्ति की अवधि के लिए एक कार्य योजना प्रस्तुत करेंगे। अध्येता से यह अपेक्षा की जाएगी कि वह अपने संबंधित नोडल संस्थान को छमाही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करे जो बाद में इनका मूल्यांकन करेंगे और नोडल संस्थान द्वारा एनएससी के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए इस पर इसकी टिप्पणियों के साथ स्कीम घटक की देखरेख करने वाले नोडल संस्थान को इसे भेजेंगे। पहली और द्वितीय छमाही किस्तें इन दो छमाही रिपोर्टों की प्राप्ति के पश्चात जारी की जाएगी। इसके बाद एनएससी द्वारा मध्या वधि समीक्षा में इन रिपोर्टों पर विचार करने के साथ–साथ इनका मूल्यांकन किया जाएगा। तीसरी छमाही किस्त एनएससी द्वारा सफल मध्यावधि समीक्षा के पश्चात जारी की जाएगी। चौथी और अंतिम किस्त एनएससी द्वारा अंतिम रिपोर्ट के सफल मूल्यांकन और अनुमोदन के पश्चाात जारी की जाएगी। यदि अध्येता द्वारा प्रस्तुत की गई छमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा में यह निष्कर्ष निकलता है कि किया गया कार्य असंतोषजनक है और यदि एन एस सी की यह राय हो कि आगे के अनुदान बन्द अथवा कम कर दिये जाएं, तो नोडल संस्थान को तदनुसार निर्देश दिया जाएगा। तथापि, यदि एनएससी की बैठक प्रशासनिक या अन्य कार्यों के चलते आयोजित नहीं की जा सकती है, तो छमाही रिपोर्ट देखी जाएगी और सुचारू रूप से निधि के प्रवाह हेतु परिचालन द्वारा एनएससी के संबंधित समूह सदस्यों द्वारा इसका मूल्यांकन किया जाएगा। अन्यथा, अध्येता को निधि प्रवाह निर्बाध रूप से जारी रहना चाहिए।

ढ. अध्येताओं को सहायता

14.1 नोडल संस्थान द्वारा अध्येताओं को बुनियादी ढांचागत सहायता प्रदान की जाएगी ताकि वे अपना शोध कार्य कर सकें। इसमें पेरिफिरल व कनेक्टिविटी युक्त कम्प्यूटर तथा संस्थान की सुविधाओं में कार्य स्थल प्रदान करना शामिल होगा, ताकि शोध करने के लिए अनुकूल वातावरण मिल सके। बैठने की उपयुक्त व्यवस्था, पुस्तकालय सुविधाओं जैसी अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। इन अध्येतावृत्तियों का एक महत्वपूर्ण लाभ अध्येताओं को अध्ययन व शोध सामग्री के लिए राष्ट्रीय संस्थानों में सुगम्यता होगी। इस स्कीम के तहत रखे गए विदेशी अध्येताओं के संबंध में संस्कृति मंत्रालय द्वारा संबंधित मंत्रालयों/विभागों से अनिवार्य राजनीतिक/सुरक्षा निकासी, प्राप्त की जाएगी। संबंधित संस्थाओं के प्रमुख संस्थान में कार्यरत सभी अध्येताओं के लिए नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। संस्कृति मंत्रालय में इस स्कीम के प्रभारी निदेशक/उप सचिव, स्कीम के कार्यान्वयन को मॉनीटर करने के लिए नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।

14.2 अध्येताओं को प्रोत्साहन तथा वित्तीय सहायता भी दी जा सकती है ताकि वे संबंधित संस्थान या अन्य सम्बद्ध संस्थानों और संगठनों द्वारा आयोजित सम्मेलनों में शोध–पत्र प्रस्तुत कर सकें, जिसकी ''वास्तविक आंकड़ों'' के आधार पर प्रतिवर्ष अधिकतम 1.00 लाख रु. तक की पूर्ति की जाएगी/उसका भुगतान किया जाएगा बशर्ते कि पर्याप्त शैक्षिक पारस्परिकता की व्यवस्था की गई हो।

ण. आवास

कोई अध्येता अपने वेतन, जिसमें ग्रेड वेतन अथवा दिया गया मानदेय शामिल है, 30 प्रतिशत तक किराए की रसीद प्रस्तुत करने पर आवास भत्ते का पात्र होगा।

त. अन्यत्र व्यवस्था भत्ता

बाहर के किसी अध्येता को एक लाख रूपये का एकमुश्त अनुदान अध्येतावृत्ति की अवधि के दौरान उसके रहने के पुराने स्टेशन से नये स्टेशन तक उसके व्यक्तिगत सामान की पैकिंग तथा परिवहन के लिए व्यवस्था भत्ते के रूप में दिए जाएंगे, यदि वह स्टेशन छोड़ता है अथवा अन्यथा, किताबों, शैक्षिक वस्तुओं को ले जाता है। स्टेशन छोड़ने के लिए भत्ते के बराबर की राशि अध्येतावृत्ति की समाप्ति पर दी जाएगी। अध्येतावृत्ति की समाप्ति पर और कार्यभार ग्रहण करने पर अपने स्थान/आवासीय देश से इकॉनॉमी हवाई यात्रा किराया प्रदान किया जाएगा/उसकी प्रतिपूर्ति की जाएगी।

थ. प्रकाशन

किसी अध्येता के लिए निम्नलिखित अपेक्षित होगा :–

(क) अध्येतावृत्ति के अन्तर्गत अपने अनुसंधान के विषय पर प्रतिवर्ष एक सार्वजनिक व्याख्यान देना।

(ख) अपनी कार्य अवधि की समाप्ति पर, अध्येता को अध्येतावृत्ति के अधीन पूरे किए गए कार्य पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी जिसमें प्राप्त की गई और प्रत्याशित आउटपुट निर्दिष्ट की जाएगी। वह एन एस सी को अपने अनुसंधान के निष्कर्ष पर एक प्रस्तुति भी देगा।

(ग) नोडल संस्थान से अपेक्षा की जाती है कि वह परियोजना के पूरी होने पर प्रत्येक अध्येता के अनुसंधान कार्य को प्रकाशित करेगा। अध्येतावृत्ति दिए जाने के फलस्वरूप अनुसंधान कार्य के अधिकारों का स्वामित्व नोडल संस्थान का होगा। बशर्ते कि एन एस सी लिखित में दिये जाने वाले न्यायोचित कारणों से कोई अन्य व्यवस्था की अनुमति न दे। कॉपीराइट के मामले पर राष्ट्रीय सांस्कृतिक संस्था के सहयोग से अध्येता के कार्य से हुई शैक्षिक आउटपुट को इंटरनेट/वेब प्रकाशन के माध्यम से सार्वजनिक भी बनाया जाएगा।

(घ) यदि नोडल संस्थान प्रकाशन नहीं करता है या सह–प्रकाशन हेतु प्रबंध नहीं करता है और अध्येतावृत्ति के

पूरा होने के बाद एक वर्ष के भीतर पुस्तक के वास्तविक मुद्रण के लिए सहायता प्रदान नहीं करता है तो अध्येता उस पुस्तक को संस्कृति मंत्रालय के सहयोग का विधिवत रूप से आभार प्रकट करते हुए तथा नोडल संस्थान के अधिकारों को स्वीकार करते हुए निजी प्रकाशन के माध्यम से प्रकाशित करवाने के लिए स्वतंत्र होगा।

(ड.) परियोजना के सह–प्रकाशन को भी प्रोत्साहित किया जाएगा तथा अध्येता ऐसे किसी निजी प्रकाशकों की व्यवस्था भी कर सकता है जो नोडल संस्थान के साथ कार्य को सह–प्रकाशित करने पर सहमत हो और इसे परियोजना के पूरा होने के एक वर्ष के भीतर उसे ऐसे प्रकाशन के लिए स्वीकार करे। प्रकाशन में प्रतिष्ठित नामों के साथ सहयोगों का स्वागत किया जाएगा।

(च) परियोजना की भाषा, परियोजना के स्वरूप तथा/या अध्येता के भाषा कौशल द्वारा निर्धारित किए जाने की अनुमति होगी। जहां कोई परियोजना अंग्रेजी भाषा को छोड़कर किसी अन्य भाषा में की जाती है तो नोडल संस्थान, अनुवाद तथा अनूदित कृति के प्रकाशन की व्यवस्था भी करेगा।

द. भाग लेने वाले संस्थान

18.1 यदि आईएलएसएससी या एन एस सी का यह मत हो कि :

(क) अध्येता इतनी प्रतिष्ठा का व्यक्ति नहीं है कि उसे टैगोर राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति प्रदान की जाए, परन्तु उसका स्तर उत्कृष्ट है और वह ऐसे कतिपय विषय पर काम करने के लिए पर्याप्त रूप से उपयुक्त है जिसे संबंधित संस्थान सर्वाधिक उपयोगी समझे, चाहे वह मूल शोध हो, संस्थान में उपलब्ध संसाधनों की पहचान और उनका सूची पंजीकरण या ऐसे नए संसाधनों के अभिलेख तैयार करने या उनके सृजन से संबंधित हो, जो संस्थान के पास होने चाहिए; या

(ख) परियोजना तीन महीने से दो वर्ष तक की कम अवधि की है, तो वे अध्येता को, परियोजना के लिए यथा पर्याप्त अवधि के लिए प्रति माह 50,000/– रु. (कुल) तक के कम मानदेय पर अध्येता की सेवा लेने का प्रस्ताव रख सकते हैं। तथापि, यदि ऐसा अध्येता भारत में किसी विश्वविद्यालय, कॉलेज, शोध संस्थान या सरकारी तन्त्र से है तो वह ग्रेड वेतन आदि सहित उसी वेतन का हकदार होगा जो उसे अपने मूल संगठन में कार्य करते हुए मिलता। नियोक्ता के भविष्य निधि में मूल या अनिवार्य अंशदान आदि का भी नोडल संस्थान द्वारा उतना ही भुगतान किया जाएगा जो नियोक्ता द्वारा अध्येता के अपने मूल संगठन में कार्य करते हुए अदा किया जाता। ऐसे सभी अध्येताओं को वास्तविक आंकड़ों के आधार पर अधिकतम 10,000/– रु. प्रतिमाह तक आकस्मिक अनुदान तथा इस स्कीम में **अध्येताओं हेतु** प्रावधानशुदा अन्य भत्तों/लाभों का उस सीमा तक परियोजना के स्वरूप व अवधि के आधार पर भुगतान किया जाएगा जो प्रत्येक मामले में आईएलएसएससी/एन एस सी द्वारा विशेष रूप से निर्धारित किया जाए (टैगोर राष्ट्रीय अध्येताओं के मामले में लागू सीमाओं के भीतर)।

18.2 इन अध्येताओं तथा टैगोर राष्ट्रीय अध्येताओं में अन्तर रखने के लिए उन्हें टैगोर शोध अध्येता कहा जाएगा, परन्तु उनके यथा लागू वही सभी दायित्व होंगे जो स्कीम के तहत टैगोर राष्ट्रीय अध्येताओं को सौंपे गए हैं।

18.3 टैगोर राष्ट्रीय अध्येताओं की भांति, टैगोर शोधार्थियों के मामलों (तथा उनकी नियुक्ति की शर्तें) की सिफारिश अधिमानतः आईएलएसएससी (अभूतपूर्व मामलों में एन एस सी पैरा 10.3 के अनुसार चुन सकती है और संबंधित संस्थान की सहमति का सुझाव दे सकती है) द्वारा की जा सकती है और अन्ततः इसका निर्णय एन एस सी द्वारा किया जा सकता है जबकि छह माह से अधिक की अवधि की परियोजनाओं वाले टैगोर शोध अध्येताओं के मामले में छमाही/अंतिम रिपोर्टों की समीक्षा एन एस सी द्वारा की जाएगी, 6 माह या इससे कम अवधि की परियोजनाओं के मामले में ऐसी रिपोर्टों की समीक्षा अपने स्तर पर आईएलएसएससी द्वारा की जा सकती है।

18.4 ऐसे उम्मीदवारों के अलावा जो टैगोर राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति के लिए आवेदन करते हैं परन्तु उन्हें टैगोर शोध शिक्षावृत्ति की पेशकश की जाती है तो अन्य उम्मीदवारों को उसी पद्धति से सीधे टैगोर शोध शिक्षावृत्ति का आवेदन करने की छूट होगी, जैसाकि टैगोर राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति के पैरा 10.1 में निर्धारित किया गया है।

18.5 एक वर्ष के भीतर चुने जाने वाले वे शोध अध्येता जिन्हें स्कीम बजट में से संस्कृति मंत्रालय द्वारा भुगतान किया जाना है, की कुल संख्या किसी भी वर्ष में 25 से अधिक नहीं होगी।

ध. पुनः आवेदन करना

एक बार टैगोर राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति प्रदान किए जाने पर उम्मीदवार, उसी या इस स्कीम के तहत शामिल अन्य किसी संस्थान में इस स्कीम के तहत अध्येतावृत्ति/छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं कर सकता परन्तु यह प्रतिबंध टैगोर शोधछात्रों पर लागू नहीं होगा।

4

सांस्कृतिक अवसंरचना के सृजन हेतु वित्तीय सहायता की स्कीम

इस स्कीम में निम्नलिखित दो घटक शामिल हैं :–

घटक–I	:	स्टूडियो थियेटर सहित भवन अनुदान हेतु वित्तीय सहायता।
घटक–II	:	टैगोर सांस्कृतिक परिसर हेतु वित्तीय सहायता।

4.1

स्टूडियो थिएटर सहित भवन अनुदान हेतु वित्तीय सहायता

1 उद्देश्य

इस स्कीम का उद्देश्य स्वैच्छिक सांस्कृतिक संगठनों तथा सरकारी सहायता प्राप्त सांस्कृतिक संगठनों को कलाकारों के लिए समुचित रूप से सुसज्जित प्रशिक्षण, पूर्वाभ्यास व कला प्रस्तुति स्थलों के सृजन में उनके प्रयासों में सहायता करना है।

2 पात्र परियोजनाएं

2.1 यह अनुदान सांस्कृतिक स्थल सृजित करने के लिए दिया जाएगा, जिनमें निम्नलिखित शामिल होंगे :

2.1.1 मंच कलाओं हेतु पारम्परिक सांस्कृतिक स्थल :

(क) प्रस्तुति स्थल जैसे ऑडिटोरियम, ओपन–एयर थिएटर, कन्सर्ट हॉल।

(ख) रंगमंच/संगीत/नृत्य हेतु रिहर्सल हॉल।

(ग) रंगमंच/संगीत/नृत्य हेतु प्रशिक्षण केन्द्र/स्कूल।

2.1.2 रूपान्तर स्थल अर्थात स्टूडियो थिएटर आदि : गैर अग्रमंचीय पूर्वाभ्यास–सह–प्रस्तुति स्थल जिन्हें स्टूडियो थिएटर या प्रायोगिक थिएटर कहा गया है, जिनमें निम्नलिखित मुख्य विशेषताएं होती हैं :–

(क) लघु थिएटर जिसमें संगीत, नृत्य या रंगमंच या इन कलाओं की समग्र प्रस्तुति हेतु सभी अनिवार्य उपस्कर हों;

(ख) अनौपचारिक स्थल जिसे पारंपरिक दृष्टि से ऑडिटोरियम नहीं कहा जा सकता, अतः सामान्यतया यह मंच या कला प्रस्तुति क्षेत्र न तो मुख्य रंगपीठ के अन्दर होता है और न ही इसे बहुत ऊंचाई पर बनाया जाता है या यह दर्शकों से दूर किसी भाग का विभाजन करके बनाया जाता है।

(ग) दर्शकों के बैठने की व्यवस्था इस प्रकार पूरी तरह से परिवर्तनीय होती है कि इसे कला प्रस्तुति विशेष के कलात्मक उद्देश्य के अनुसार स्थल में एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है, इसलिए सीटों/कुर्सियों को एक ही जगह स्था यी रूप से नहीं रखा जाना चाहिए।

(घ) स्थल की सामान्य क्षमता अधिकतम 100 से 200 सीट की होती है, अतः ऐसे स्थल को प्रायः ''लघु थिएटर'' या ''अंतरंग थिएटर'' कहा जा सकता है क्योंकि इसमें दर्शक, कला प्रस्तुति का नजदीक से पूरा आनंद उठा सकते हैं।

(ड.) कलाकारों के लिए प्रसाधन सुविधा सहित साथ लगे एक या दो नेपथ्यशाला/ ड्रेसिंग रूम, श्रृंगार कक्ष और भण्डार क्षेत्र; अतः समूची यूनिट छोटी होती है परन्तु यह पूरी तरह थिएटर का काम करती है।

2.2 ऑडिटोरियम, स्टूडियो थिएटर या अन्य सांस्कृतिक स्थल (स्थलों) सृजित करने संबंधी परियोजना प्रस्तावों में निम्नलिखित घटकों का कोई भी समुचित मिश्रण शामिल हो सकता है :–

(क) नव निर्माण या निर्मित स्थल की खरीद।

(ख) मौजूदा भवन/स्थल/सुविधा केन्द्र का नवीकरण/उन्नयन/आधुनिकीकरण/विस्तार/परिवर्तन।

(ग) मौजूदा निर्मित स्थल/सांस्कृतिक केन्द्र के आंतरिक भागों को फिर से तैयार करना।

(घ) विद्युत, वातानुकूलन, ध्वनि तंत्र, प्रकाश व ध्वनि प्रणाली तथा उपस्करों की अन्य मदें जैसे संगीत वाद्य यंत्र, परिधान, ऑडियो/वीडियो उपस्कर, फर्नीचर तथा स्टूडियो थिएटर के लिए अपेक्षित मंचीय सामग्री, ऑडिटोरियम, पूर्वाभ्यास कक्ष, कक्षा कमरे आदि जैसी सुविधाओं की व्यवस्था।

3. पात्र संगठन

3.1 इस स्कीम घटक में निम्नलिखित शामिल हैं :–

निम्नलिखित मानदण्ड पूरा करने वाले सभी गैर–लाभार्थी संगठन :–

(क) कम से कम तीन वर्ष की अवधि के लिए मुख्य रूप से नृत्य, नाटक, रंगमंच, संगीत, ललित कला, भारत विद्याशास्त्र तथा साहित्य के क्षेत्र में कला व संस्कृति के संवर्धन में कार्यरत संगठन का स्वरूप मुख्यतः सांस्कृतिक कार्यकलाप का होना चाहिए।

(ख) संगठन कम से कम तीन वर्ष से सोसायटी पंजीकरण अधिनियम (1860 का XXI) अथवा सदृश अधिनियम के तहत सोसायटी अथवा न्यास अथवा गैर–लाभार्थ कम्पनी के रूप में पंजीकृत हो।

(ग) संगठन की अपनी प्रतिष्ठा हो तथा अपने कार्यकलाप के क्षेत्र में सार्थक कार्य करने की उसकी ख्याति हो और उसने स्थानीय, क्षेत्रीय अथवा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई हो।

(घ) अपने घोषणा पत्र में संगठन, भारतीय कला व संस्कृति के परिरक्षण, प्रसार व संवर्धन के प्रति समर्पित हो।

(ड.) मंच कलाओं के संवर्धन में कार्यरत सरकारी प्रायोजित निकाय।

(च) मंच कलाओं के प्रति समर्पित विश्वविद्यालय विभाग या केन्द्र।

(छ) मंच कलाओं के संवर्धन हेतु स्थापित कॉलेज।

3.2 मंत्रालय की ''कला और संस्कृति के संवर्धन के लिए वित्तीय सहायता'' की स्कीम के अंतर्गत पिछले 3 वर्ष से रेपर्टरी अनुदान प्राप्त करते आ रहे संगठन को यह माना जाएगा कि उसने उपर्युक्त सभी शर्तें पूरी कर दी हैं।

3.3 मंच कलाओं हेतु समर्पित, सरकार द्वारा प्रायोजित निकाय, विश्वविद्यालय विभाग/केन्द्र या कॉलेज भी स्वतः पात्र हो सकता है बशर्ते कि गत तीन वर्षों का उसका रिकार्ड संतोषजनक हो।

3.4 धार्मिक संस्थाएं, सार्वजनिक पुस्तकालय, संग्रहालय, स्कूल, कॉलेज या विश्वविद्यालय विभाग/ केन्द्र जो मंच कलाओं तथा संबद्ध सांस्कृतिक कार्यकलापों के प्रति विशिष्ट रूप से समर्पित नहीं है तथा केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/ संघ–राज्यक्षेत्र प्रशासन/ स्थानीय निकाय के विभाग या कार्यालय पात्र नहीं होंगे।

3.5 वह संगठन जिसने पूर्व की ''सांस्कृतिक संगठनों को भवन अनुदान स्कीम''/स्टूडियो थियेटर सहित भवन अनुदान की स्कीम या इस स्कीम घटक के अंतर्गत अपनी भवन परियोजना के लिए अनुदान प्राप्त किया हो, इस स्कीम घटक के तहत पूर्व में मंजूर परियोजना के पूरा होने से पहले दूसरे अनुदान के लिए पात्र नहीं होगा बशर्ते कि उक्त दूसरा अनुदान स्टूडियो थिएटर (प्रायोगिक थिएटर) के लिए मांगा गया हो और आवेदक संगठन ने चल रही स्वीकृत परियोजना के संबंध में चूक न की हो।

4. सहायता का स्वरूप और सीमा

4.1 इस स्कीम के तहत सभी अनुदान गैर–आवर्ती प्रकृति के होंगे। आवर्ती व्यय, यदि कोई हो, की जिम्मेदारी अनुदानग्राही संगठन की होगी।

4.2 इस स्कीम घटक के तहत अधिकतम सहायता इस प्रकार होगी :

शहर	परियोजना के प्रकार	सहायता की सीमा
बेंगलूरू, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, मुम्बई	नव निर्माण या निर्मित स्थल की खरीद संबंधी परियोजनाएं	50 लाख रु. (पचास लाख रुपए मात्र)
	अन्य सभी परियोजनाएं	
महानगरीय शहरों को छोड़कर अन्य सभी शहर, नगर या स्थान	सभी परियोजनाएं	25 लाख रु. (पच्चीस लाख रुपए मात्र)

4.3 पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) के संगठन को छोड़कर केन्द्रीय वित्तीय सहायता की राशि अनुमोदित अनुमानित परियोजना लागत के अधिकतम 60 प्रतिशत तक सीमित होगी, जो उपरोक्त पैरा 4.2 में दी गई अधिकतम वित्तीय सीमाओं के अध्यधीन होगी। परियोजना की अनुमोदित प्राक्कलित लागत की शेष राशि, इसकी 'समतुल्य हिस्सेदारी' के रूप में आवेदक संगठन द्वारा स्वयं व्यवस्थित करके वहन की जाएगी।

पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) की परियोजनाओं के संबंध में जिसमें अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के राज्यअ शामिल हैं, केन्द्रीय वित्तीय सहायता की अधिकतम राशि अनुमोदित अनुमानित परियोजना लागत के 90 प्रतिशत तक सीमित होगी, जो उपरोक्ता पैरा 4.2 में दी गई अधिकतम वित्तीय सीमा के अध्याधीन होगी। परियोजना की अनुमोदित प्राक्कलित लागत की शेष राशि, इसकी 'समतुल्य हिस्सेदारी' के रूप में आवेदक संगठन द्वारा स्वयं व्यवस्थित करके वहन की जाएगी।

उदाहरण :— महानगरीय शहरों में नव निर्माण/निर्मित स्थयल की खरीद संबंधी परियोजनाओं हेतु

मामला : 1 यदि परियोजना की अनुमोदित लागत 100 लाख रु. है, तो संस्वीकृति योग्य अनुदान की अधिकतम राशि 50 लाख रु. होगी और अनुदानग्राही संगठन की बराबर की हिस्सेदारी 50 लाख रु. होगी।

मामला : 2 यदि परियोजना की अनुमोदित लागत 70 लाख रु. है, तो संस्वीकृति योग्य अनुदान की अधिकतम राशि 42 लाख रु. होगी और अनुदानग्राही संगठन की समतुल्य हिस्सेदारी 28 लाख रु. होगी।

नव निर्माण/निर्मित स्थील की खरीद संबंधी परियोजनाओं तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र को छोड़कर गैर—महानगरीय शहरों में उपर्युक्त पैरा 2.2 (ख, ग तथा घ) के तहत सभी परियोजनाओं हेतु

मामला : 3 यदि परियोजना की अनुमोदित लागत 60 लाख रु. है, तो संस्वीकृति योग्य अनुदान की अधिकतम राशि 25 लाख रु. होगी और अनुदानग्राही संगठन की समतुल्य हिस्सेदारी 35 लाख रु. होगी।

मामला : 4 यदि परियोजना की अनुमोदित लागत 40 लाख रु. है, तो संस्वीकृति योग्य अनुदान की अधिकतम राशि 24 लाख रु. होगी और अनुदानग्राही संगठन की समतुल्य हिस्सेदारी 16 लाख रु. होगी।

4.4 भूमि की लागत (प्राप्तकर्त्ता संगठन द्वारा अदा की गई वास्तविक धनराशि, न कि बाजार मूल्य) तथा संगठन द्वारा वहन किए गए विकास शुल्क को समतुल्य हिस्सेदारी के रूप में माना जाएगा।

4.5 संगठन द्वारा आवेदन की तारीख से एक वर्ष के भीतर निर्माण/भूमि भवन के विकास तथा जुड़कर व फिटिंग पर पहले से किए गए व्यय को भी समतुल्य हिस्सेदारी की राशि माना जाएगा। संगठन इस संबंध में किए गए व्यय का सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित लेखा—जोखा प्रस्तुत करेगा।

4.6 यदि बाद में परियोजना की लागत बढ़ जाती है तो भारत सरकार की देयता मूलतः स्वीकृत राशि तक सीमित होगी और अतिरिक्त व्यय, अनुदानग्राही संगठन द्वारा अपने संसाधनों से पूरा किया जाएगा।

4.7 परियोजना प्रस्ताव पर विचार किए जाने तथा कतिपय राशि के लिए उसे अनुमोदित किए जाने के बाद सामान्यतया परियोजना की समीक्षा और उसकी लागत बढ़ाने के लिए किसी भी अनुवर्ती अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

4.8 वित्तीय सहायता की मंजूरी की वैधता, प्रथम किस्त जारी होने की तारीख से 3 वर्ष की होगी और सभी परियोजनाएं 3 वर्ष की अवधि के भीतर पूरी की जानी अनिवार्य हैं।

5. आवेदन की प्रक्रिया

5.1 संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय नाटय विद्यालय (एनएसडी), नई दिल्ली वार्षिक रूप से एनएसडी / मंत्रालय की वेबसाइटों : nsd.gov.in@indiaculture.nic.in पर 'स्कीम' को अधिसूचित करेगा।

5.2 स्कीम के घटक का प्रचार–प्रसार करने के लिए एक संक्षिप्त विज्ञापन संस्कृति मंत्रालय द्वारा वर्ष में कम से कम एक बार प्रकाशित किया जाएगा।

5.3 विहित प्रपत्र में आवेदनों को ''निदेशक, राष्ट्रीय नाटय विद्यालय, बहावलपुर हाउस, प्लॉट न.1, भगवान दास रोड, नई दिल्ली–110001 को प्रस्तुत किया जाएगा (आवेदक संगठन द्वारा राष्ट्रीय नाटय विद्यालय को प्रस्तुत आवेदन पत्र में किसी कमी की जानकारी सीधे निदेशक, एनएसडी को प्रस्तुत की जाएगी)

5.4 आवेदन के साथ नीचे खण्ड (पैरा) 6 के तहत उल्लिखित सभी दस्तावेज संलग्न किए जाने अनिवार्य हैं। इन अनिवार्य दस्तावेजों के बिना प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और उसे आवेदक संगठन को लौटा दिया जाएगा।

6 संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज

आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किए जाने चाहिए :

6.1 परियोजना रिपोर्ट/प्रस्ताव जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे :

(क) संगठन की रूपरेखा जिसमें संगठन, इसकी क्षमताओं, उपलब्धियों तथा गत तीन वर्षों के इसके कार्यकलापों के वर्ष–वार ब्यौरे का विवरण हो।

(ख) परियोजना/प्रस्ताव की तर्कसंगतता/औचित्य सहित इसका विवरण।

(ग) लागत अनुमान (भवन/उपस्कर/सुविधाओं) का सार।

(घ) वित्त/निधियों के स्रोत।

(ड.) परियोजना पूरी होने की समय अनुसूची, और

(च) समापन उपरान्त–संगठन किस प्रकार परियोजना के माध्यम से सृजित सुविधा के प्रचालन एवं अनुरक्षण का प्रबंध करेगा और आवर्ती अनुरक्षण/प्रचालन लागत को पूरा करेगा।

6.2 सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 या अन्य संगत अधिनियमों के तहत पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रति।

6.3 संगठन के नियम व विनियम, यदि कोई हों, सहित इसके संगम ज्ञापन (या न्यास विलेख) की प्रति।

6.4 प्रबंधन बोर्ड के वर्तमान सदस्यों/पदाधिकारियों/न्यासियों की सूची जिसमें प्रत्येक सदस्य का नाम व पता हो।

6.5 संगठन के सभी कार्यकलापों को शामिल करते हुए प्राप्ति एवं भुगतान तथा आय एवं व्यय के स्रोत और पद्धति, तुलनपत्र आदि सहित विगत तीन वित्त वर्षों के वार्षिक लेखाओं (सनदी लेखाकार/सरकारी लेखा परीक्षक द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित/संपरीक्षित) की प्रति।

6.6 विगत तीन वर्षों के आय कर आकलन आदेशों की प्रतियां।

6.7 स्वामित्व विलेख (पंजीकृत हस्तांतरण विलेख, उपहार विलेख, पट्टा विलेख आदि) जिसमें निम्नलिखित का उल्लेख हो:

(क) परियोजना की भूमि/भवन पर आवेदक संगठन का स्वामित्व और इस आशय की पुष्टि कि उक्त सम्पत्ति

का इस्तेमाल वाणिज्यिक, संस्थागत या शैक्षिक प्रयोजन हेतु किया जा सकता है। निर्मित स्थल की खरीद के प्रस्ताव के मामले में आबंटन पत्र/विक्रय करार की प्रति प्रस्तुत की जाए।

(ख) भूमि/भवन की लागत। यदि स्वामित्व विलेख में भूमि/भवन की लागत का उल्लेख नहीं किया गया है तो लागत के समर्थन में संगत दस्तावेज संलग्न किए जाएं।

6.8 समुचित नागरिक निकाय/स्थानीय प्राधिकरण (नगर–पालिका, पंचायत, विकास प्राधिकरण, सुधार न्यास आदि) द्वारा विधिवत रूप से अनुमोदित भवन/विकास योजनाओं की प्रति। निर्मित स्थल की खरीद के प्रस्ताव के मामले में सक्षम नागरिक निकाय/स्थानीय प्राधिकारी द्वारा विधिवत रूप से अनुमोदित/जारी नक्शा योजना तथा निर्माण पूर्णता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया जाए।

6.9 पंजीकृत वास्तुविद द्वारा विधिवत रूप से अनुमोदित लागत प्राक्कलन (भवन/उपस्कर) जो यह भी प्रमाणित करेगा किः

(क) मात्राएं, परियोजना की ढांचागत अपेक्षाओं/आवश्यकताओं के अनुरूप हैं।

(ख) दरें, प्रचलित बाजार मूल्यों के अनुरूप हैं, और

(ग) लागत अनुमान तर्क संगत हैं।

6.10 दावे के समर्थन में इस आशय का दस्तावेजी साक्ष्य कि संगठन ने अपनी समतुल्य हिस्सेदारी प्राप्त कर ली है या इसे प्राप्त करने के प्रबंध कर लिए हैं अर्थात बैंक विवरण, परियोजना पर पहले से किए जा चुके खर्च का प्रमाण पत्र (ब्यौरे के साथ, जो सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित हो) ऋण मंजूरी पत्र, परियोजना के लिए निधियों की मंजूरी दर्शाने वाला राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासन/स्थानीय निकाय आदि का पत्र।

6.11 संगठन के प्रबंधन बोर्ड/कार्यकारी बोर्ड/शासी निकाय का संकल्प (निर्धारित प्रपत्र में) जिसमें संगठन की ओर से अनुदान हेतु आवेदन, बंध–पत्र आदि पर हस्ताक्षर करने के लिए किसी व्यक्ति को प्राधिकृत किए जाने का उल्लेख हो।

6.12 निर्धारित मूल्य राशि के स्टाम्प पेपर पर मांगी गई सहायता का बंध–पत्र (निर्धारित प्रपत्र में)।

6.13 एनजीओ–दर्पण पोर्टल से प्राप्त संगठन की विशिष्ट आईडी संख्या की एक प्रति।

6.14 आयकर विभाग द्वारा संगठन को जारी किए गए स्थायी खाता संख्या (पैन) की प्रति।

6.15 संगठन के बैंक खाते का ईसीएस ब्यौरा दर्शाने वाला बैंक प्राधिकार पत्र (निर्धारित प्रपत्र में)।

नोट :

(क) आवेदक संगठन, अपने प्रस्ताव के समर्थन में ऐसा कोई भी अन्य दस्तावेज संलग्न कर सकता है जो वह प्रस्तुत करना चाहे (अर्थात राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय सरकारी निकाय या अकादमी से प्रमाण–पत्र या संस्तुति पत्र, वार्षिक रिपोर्ट, प्रेस कतरनें/समीक्षाएं, कार्य आबंटन पत्र, संबद्धता पत्र आदि)।

(ख) जहां कहीं दस्तावेज क्षेत्रीय भाषा में हैं, उनका अंग्रेजी व हिन्दी रूपान्तरण भी उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है। जहां कहीं कतिपय दस्तावेज की प्रति प्रस्तुत की जा रही हों, उन्हें किसी राजपत्रित अधिकारी या नोटरी पब्लिक द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित कराया जाना चाहिए।

(ग) मंच कलाओं के प्रति समर्पित सरकार द्वारा प्रायोजित निकायों, विश्वविद्यालय विभागों या केन्द्रों और कॉलेजों के मामले में, उपर्युक्त बिंदु संख्या 6.2 से 6.15 पर विनिर्दिष्ट दस्तावेजों में से केवल ऐसे दस्तावेजों को उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है जो आवेदक संगठन से संबंधित हों।

7. मूल्यांकन पद्धति

7.1 राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी), नई दिल्ली में प्राप्त सभी आवेदनों की, स्कीम घटक की अपेक्षाओं के अनुसार पूर्णता

की दृष्टि से जांच की जाएगी। अधूरे आवेदनों (उपरोक्त खंड/पैरा सं. 6 के अंतर्गत उल्लिखित अपेक्षित दस्तावेजों के बिना) पर विशेषज्ञ समिति द्वारा मूल्यांकन हेतु आगे कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

7.2 मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन से पहले, जहां कहीं समिति ऐसा चाहे, आवेदनों की, संस्कृति मंत्रालय के अधीन किसी संगठन या इस प्रयोजनार्थ नियुक्त किसी विशेषज्ञ समूह या किसी एजेंसी की सहायता से सत्यापन पूर्व जांच भी की जा सकती है। वैकल्पिक तौर पर इससे पहले प्रस्ताव के मामले विशेष में या स्थायी व्यवस्था के बतौर किसी समकक्ष समूह (पीयर ग्रुप) द्वारा मूल्यांकन कराया जा सकता है। ऐसे पूर्व सत्यापन या पूर्व मूल्यांकन का प्रयोजन आवेदन करने वाले संगठन की प्रतिष्ठा व क्षमताओं तथा परियोजना की सुयोग्यता का आन्तरिक मूल्यांकन करना होगा।

7.3 सभी तरह से पूर्ण आवेदन पर विशेषज्ञ समिति द्वारा बैच–वार विचार किया जाएगा, जिसे संस्कृति मंत्रालय द्वारा गठित किया जाएगा और यह समिति, अनुदान हेतु प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर वर्ष के दौरान समय–समय पर बैठक करेगी।

7.4 विशेषज्ञ समिति निम्नलिखित के विशेष सन्दर्भ में प्रत्येक परियोजना प्रस्ताव के गुणावगुण के आधार पर उसका मूल्यांकन करेगी :

क. क्या आवेदक संगठन संबंधित क्षेत्र में सुप्रतिष्ठित है और उसकी एक अपनी पहचान है;

ख. क्या प्रस्ताव की संकल्पना सु–विचारित है;

ग. क्या लागत अनुमान तर्कसंगत है; और

घ. क्या परियोजना पूरी करने के लिए संगठन की अपनी समतुल्यी हिस्सेदारी जुटाने की क्षमता है या इसने इसकी व्यवस्था की है (जहां आवेदक संगठन ने समतुल्यी हिस्सेदारी की सम्पूर्ण राशि पहले ही खर्च कर दी है, उस मामले में इस अपेक्षा को पूरा किया मान लिया जाएगा)।

7.5 विशेषज्ञ समिति में मंच कलाओं व संस्कृति के विभिन्न क्षेत्रों के कलाकार शामिल होंगे और इसमें एक वास्तुविद, एक सिविल इंजीनियर तथा एक प्रकाश/ध्वनि/मंच शिल्प में तकनीकी विशेषज्ञ तथा साथ ही संस्कृति मंत्रालय के संबंधित अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं।

8. अनुदान की संस्वीकृति व उसे जारी करना

8.1 परियोजना प्रस्ताव का अनुमोदन होने पर, मंत्रालय इस निर्णय की सूचना, संबंधित संगठन को देगा जिसमें परियोजना की कुल अनुमोदित लागत, मंजूर की गई सहायता की राशि, संगठन की समतुल्य हिस्सेदारी की राशि तथा सहायता की संस्वीकृत राशि जारी करने संबंधी अन्य नियम एवं शर्तों का उल्लेख होगा।

8.2 संस्वीकृति पत्र में उस भवन/उपस्करों को भी विनिर्दिष्ट किया जाएगा जिनके लिए सहायता मंजूर की गई है।

8.3 सहायता की संस्वीकृत राशि निम्नलिखित तरीके से किस्तों में जारी की जाएगी :–

8.3.1 प्रथम किस्त : संस्वीकृत सहायता की 40 प्रतिशत राशि की प्रथम किस्त, बिना किसी आगे के पत्राचार के मंत्रालय द्वारा परियोजना प्रस्ताव के अनुमोदन/संस्वीकृति पर जारी की जाएगी।

8.3.2 दूसरी किस्त : संस्वीकृत अनुदान की 30 प्रतिशत राशि की दूसरी किस्त निम्नलिखित प्रस्तुत किए जाने पर जारी की जाएगी :

क. किसी पंजीकृत वास्तुविद से परियोजना के संबंध में वास्तविक व वित्तीय प्रगति की रिपोर्ट जिसमें परियोजना स्थल के फोटो सहित पहले से किए गए कार्य/पूरे किए गए कार्य का ब्यौरा हो।

ख. पंजीकृत वास्तुविद से इस आशय का प्रमाण पत्र कि: परियोजना कार्य, अनुमोदित योजना के

अनुसार पूरा किया गया है/चल रहा है; स्थानीय कानूनों या निर्माण/विकास की अनुमोदित योजना का उल्लंघन नहीं किया गया है; किया गया कार्य संतोषजनक स्तर का है; और जिसमें किए गए कार्य की लागत का मूल्यांकन और परियोजना कार्य पूरा करने के लिए आगे और राशि की अपेक्षा भी दशाई गई हो।

ग. सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित परियोजना का संपरीक्षित लेखा विवरण।

घ. जीएफआर–12ए के निर्धारित प्रपत्र में सनदी लेखाकार द्वारा उपयोग प्रमाण–पत्र, जिसमें प्रमाणित किया गया हो कि सहायता राशि की पहली किस्त पूरी तरह परियोजना पर खर्च की गई है।

ङ. सनदी लेखाकार का एक प्रमाण–पत्र जिसमें यह प्रमाणित किया गया हो कि संगठन ने अपनी समतुल्य हिस्सेदारी का 40 प्रतिशत खर्च कर दिया है।

8.3.3 तीसरी/अंतिम किस्त : संस्वीकृत अनुदान के 30 प्रतिशत राशि के बराबर तीसरी और अंतिम किस्त अनुदानग्राही संगठन द्वारा निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने के बाद जारी की जाएगी :

क. किसी पंजीकृत वास्तुविद से परियोजना के संबंध में वास्तविक व वित्तीय प्रगति की रिपोर्ट जिसमें स्थल के फोटो सहित पहले से किए गए/पूरे किए गए कार्य का ब्यौरा हो।

ख. पंजीकृत वास्तुविद से निम्नलिखित आशय का प्रमाण पत्र :

- परियोजना कार्य, अनुमोदित योजना के अनुसार पूरा किया गया है/चल रहा है;
- स्थानीय कानूनों या निर्माण/विकास की अनुमोदित योजना का उल्लंघन नहीं किया गया है;
- किया गया कार्य संतोषजनक स्तर का है; और यह दर्शाता है कि
- किए गए कार्य की लागत का मूल्यांकन और परियोजना कार्य पूरा करने के लिए आगे और राशि अपेक्षित है।

ग. सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित परियोजना के लेखाओं का संपरीक्षित विवरण।

घ. जीएफआर–12ए के निर्धारित प्रपत्र में सनदी लेखाकार द्वारा उपयोग प्रमाण–पत्र, जिसमें प्रमाणित किया गया हो कि सहायता राशि की दूसरी किस्त पूरी तरह परियोजना पर खर्च की गई है।

ङ. सनदी लेखाकार का प्रमाण–पत्र, जिसमें प्रमाणित किया गया है कि संगठन ने अपनी बराबर की हिस्सेदारी का 70 प्रतिशत खर्च कर दिया है।

च संस्कृति मंत्रालय ने अपने प्रतिनिधि(यों) के माध्यम से परियोजना का वास्तविक रूप से निरीक्षण करा लिया है। परियोजना की प्रकृति और आकार के आधार पर, मंत्रालय ऐसी फील्ड जांच के लिए, मंत्रालय से अथवा इसके संगठनों से और/अथवा विभिन्न कार्यालयों/शाखाओं से लिए गए अधिकारियों और/या विशेषज्ञों के एक दल को प्रतिनियुक्त कर सकता है, अथवा यह निरीक्षण करने के लिए अन्य पक्ष की सेवाएं ले सकता है।

टिप्पणी : यदि आकलित निधियों की अंतिम मांग, अनुमोदित परियोजना लागत से कम है अथवा संगठन द्वारा बराबर की हिस्सेदारी की खर्च की गई राशि अनुमोदित परियोजना लागत के 40

प्रतिशत से कम है, तो अनुदान की तीसरी और अंतिम किस्त की राशि उसी के अनुरूप कम कर दी जाएगी।

8.4 25.00 लाख रू. तक की राशि के प्रस्तावों को विशेषज्ञ समिति की सिफारिश पर संबंधित संयुक्त सचिव द्वारा अनुमोदित किया जाएगा और 25.00 लाख रू. से अधिक एवं 50.00 लाख रू. तक की राशि के प्रस्ताव सचिव (संस्कृति) के स्तर पर अनुमोदित किए जाएंगे।

9. अनुदान की शर्तें

9.1 भारत सरकार द्वारा जारी अनुदानों के लिए अलग खाता रखा जाएगा।

9.2 परियोजना के खाते और स्थल, संस्कृति मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा किसी भी समय जांच के लिए तैयार होंगे।

9.3 यदि परियोजना, पहली किस्त के जारी होने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के भीतर पूरी नहीं की जाती है तो, संगठन को आगे कोई अनुदान जारी नहीं किया जाएगा तथा उक्त दावा काल–बाधित हो जाएगा।

9.4 संगठन के खाते, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक अथवा उनके विवेकानुसार उनके नामिती द्वारा किसी भी समय लेखा–परीक्षा के लिए तैयार होने चाहिए।

9.5 अनुदान अथवा उसके बाद किसी किस्त के जारी होने के वित्तीय वर्ष की समाप्ति के छः महीने के भीतर अनुदानग्राही, अगले वर्ष में भारत सरकार को अनुमोदित परियोजना पर किए गए व्यय को दर्शाने वाला सनदी लेखाकार द्वारा संपरीक्षित लेखा तथा प्रमाणित विवरण और भारत सरकार के अनुदान की उपयोगिता को दर्शाने वाला उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा। यदि उक्त अवधि के भीतर उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो अनुदानग्राही को भारत सरकार की मौजूदा ब्याज दर पर ब्याज सहित प्राप्त कुल अनुदान राशि को तुरंत वापिस करना होगा, बशर्ते कि भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से छूट न दी गई हो।

9.6 मामला बंद करने के लिए, आवेदक को वित्तीय वर्ष, जिसमें अंतिम किस्त जारी की गई है, की समाप्ति के 6 महीने के भीतर निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगेः यदि परियोजना में नया निर्माण शामिल है, यथोचित नागरिक प्राधिकारी को भेजी गई भवन निर्माण पूरा होने की सूचना की प्रति अथवा इसके द्वारा जारी सम्पूर्णता प्रमाण पत्र; और पूर्व–निर्मित स्थल की खरीद वाली परियोजनाओं के मामले में, भवन–निर्माता/विक्रेता को किए गए सभी भुगतानों की रसीदों, स्वामित्व पत्र और पंजीकरण/मालिकाना शपथ–पत्र की प्रतियां।

(क) वास्तुकार से परियोजना पूरी करने संबंधी रिपोर्ट।

(ख) सनदी लेखाकार से प्रमाण पत्र कि संगठन ने अपनी बराबर की हिस्सेदारी की पूर्ण राशि खर्च कर दी है।

9.7 भारत सरकार के अनुदान में से पूर्णरूपेण अथवा मुख्य रूप से अधिगृहीत स्थायी और अर्ध–स्थायी परिसंपत्तियों का एक रजिस्टर निर्धारित फार्म में तैयार किया जाना चाहिए। अनुदानग्राही को इस रजिस्टर की एक प्रति प्रतिवर्ष संस्कृति मंत्रालय को प्रस्तुत करनी चाहिए।

9.8 अनुदानग्राही दो जमानतदारों के साथ निर्धारित प्रपत्र में भारत के राष्ट्रपति के नाम इस आशय का बंध पत्र निष्पादित करेगा कि वह अनुदान की शर्तों का पालन करेगा। उसके द्वारा अनुदान की शर्तों का पालन न किए जाने या बंध–पत्र का उल्लंघन किए जाने की स्थिति में अनुदान प्राप्तकर्ता और जमानती अलग–अलग या मिलकर भारत के राष्ट्रपति को भारत सरकार की वर्तमान उधार दर पर ब्याज सहित अनुदान की समूची राशि लौटाएगा।

9.9 केन्द्रीय सहायता से अधिगृहीत भवनों व अन्य परिसम्पत्तियों पर प्रथम पुनर्ग्रहणाधिकार भारत के राष्ट्रपति का होगा और भारत सरकार की पूर्व अनुमति के बिना भवन या उपस्कर को किसी अन्य पक्ष को पट्टे पर नहीं दिया जाएगा या उसे गिरवी नहीं रखा जाएगा। तथापि, इस प्रकार अधिगृहीत स्टूडियो थिएटर या अन्य सुविधाओं को अस्थायी इस्तेमाल हेतु किसी अन्य पक्ष को पट्टे पर देने का प्रावधान इस शर्त से मुक्त होगा।

9.10 यदि किसी स्तर पर सरकार दिए गए अनुदान या उससे सृजित सुविधाओं के समुचित उपयोग से संतुष्ट नहीं है तो सरकार, भारत सरकार की वर्तमान ऋण दर पर ब्याज सहित अनुदान की समूची राशि लौटाने की मांग कर सकती है।

9.11 अनुदानग्राही संगठन, इस स्कीम के तहत विकसित स्टूडियो/थिएटर/सांस्कृतिक स्थल में समुचित रूप से मंत्रालय का नाम दर्शाते हुए भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय की वित्तीय सहायता का आभार प्रकट करेगा।

9.12 केवल अनुदानग्राही, भवनों के निर्माण या भूमि और भवनों के उपयोग संबंधी स्थानीय क्षेत्र में यथा लागू कानूनों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार होगा।

9.13 ऐसी अन्य शर्तें जो भारत सरकार समय–समय पर लागू करे।

9.14 संगठनों द्वारा उनके इलाके के किसी भी स्कूल में कम से कम 2 कार्यकलाप (कार्यक्रम, व्याख्यान, सेमिनार, कार्यशाला, प्रदर्शनी आदि), अनिवार्य रूप से आयोजित किए जाएं। स्कूल के प्रधानाचार्य से इस आशय का प्रमाण पत्र, दूसरी किस्त जारी करने हेतु अनिवार्य रूप से अपेक्षित होगा।

10 विविध

सामान्यतया पूर्व की स्टूडियो थियेटर सहित भवन सांस्कृतिक संगठनों के भवनों की अनुदान स्कीम के तहत स्वीकृत किए गए मामलों को फिर से नहीं खोला जाएगा और न ही सामान्यतया इस स्कीम घटक के प्रावधानों के तहत संस्वीकृत राशि को बढ़ाया जाएगा, परन्तु भवन अनुदान के ऐसे मामले में वितरण हेतु लंबित किस्तों को अनुदानग्राही संगठन के अनुरोध पर, विभिन्न किस्तें जारी करने के लिए पद्धति व इस स्कीम के तहत परिकल्पित दस्तावेजी अपेक्षाओं का पालन करके जारी किया जाएगा। तथापि, ऐसे मामलों में जब कोई किस्त जारी नहीं की गई हो, तो अनुदानग्राही संगठन पूर्व स्वीकृति को रद्द करने व इस स्कीम घटक के तहत उसकी परियोजना पर नए सिरे से विचार करने का अनुरोध कर सकता है। विगत के मामलों में, जब पूरा संस्वीकृत अनुदान जारी नहीं किया गया हो और परियोजना अधूरी पड़ी हो तथा अनुदानग्राही संगठन अपने मामलों की समीक्षा तथा इस स्कीम घटक के तहत संस्वीकृत अनुदान को बढ़ाने की मांग करे, तो मामला–दर–मामला आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

4.2

टैगोर सांस्कृतिक परिसरों के लिए वित्तीय सहायता

1. पृष्ठभूमि

1.1 आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992–97) में राज्य सरकारों/राज्य प्रायोजित निकायों को बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसरों (एम पी सी सी) की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता अनुदान स्कीम शुरू की गयी थी जिसका उद्देश्य सृजनात्मक कार्यो के सर्वोत्तम स्वरूप को दर्शाने और समाज में कलात्मक और नैतिक रूप से जो अच्छा है, उसके लिए उन्हें संवेनदशील बनाते हुए अपने युवाओं के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। संगीत, नृत्य, नाटक, साहित्य, ललित कला आदि जैसे विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में समन्वय और प्रोत्साहन देने के लिए स्कीम के तहत राज्यों में सांस्कृतिक परिसरों की स्थापना की गयी थी। स्कीम में जैसा प्रावधान किया गया था, राज्य अथवा उस स्थान में मौजूद सुविधाओं, सम्बंधित सांस्कृतिक विभागों की वित्तीय स्थिति, अनुदान के समान निधि उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता और बहुउद्देश्यीय सांस्कृतिक परिसरों के आवर्ती व्यय को ध्यान में रखते हुए एक सलाहकार समिति द्वारा राज्य सरकारों के अनुरोध पर विचार किया गया। इस स्कीम के तहत राज्य सरकार को अधिकतम 1.00 करोड़ रूपये का अनुदान उपलब्ध कराया गया, बशर्ते कि राज्य सरकार द्वारा समान अनुदान के रूप में उपलब्ध कराई जाने वाली परियोजना लागत का 50 प्रतिशत हो।

1.2 विगत निष्पादनों और स्कीम में वर्ष 2004 में निर्धारित किए गए मानदंडों को ध्यान में रखते हुए स्कीम की समीक्षा की गयी थी। संशोधित स्कीम में बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसरों की दो श्रेणियों (I और II) का प्रावधान किया गया। श्रेणी I के लिए परियोजना की लागत 5.00 करोड़ रूपये तथा श्रेणी II के लिए 2.00 करोड़ रुपए थी।

1.3 10वीं योजना के अंत में, योजना आयोग द्वारा स्कीम को बंद करने से पूर्व विभिन्न राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में कुल 49 बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसरों को सहायता दी गयी थी। परिणामस्वरूप, 11वीं योजना के मध्य अवधि मूल्यांकन के दौरान योजना आयोग स्कीम को समुचित सुधारों के साथ पुनः संचालित करने पर सहमत हुआ।

1.4 गुरूदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर की 150वीं जयन्ती समारोह मनाने के लिए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में गठित राष्ट्रीय समिति और वित्त मंत्री की अध्क्षता वाली राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति ने सम्बंधित विकास के मामले में अनुभव किया है कि 1961 में गुरू रबीन्द्रनाथ टैगोर के शताब्दी समारोह के अवसर पर शुरू किये गये राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के एक भाग के रूप में केन्द्रीय सहायता से पूरे देश में सृजित बड़ी संख्या में रबीन्द्र 'भवनों,' 'सदनों,' 'रंगशालाओं,' 'मंचों,' और अन्य सांस्कृतिक केन्द्रों के नवीकरण, उन्नयन और विस्तार किए जाने की आवश्यकता है। ये केन्द्र 30 वर्षों से अधिक समय से संचालन में रहे हैं और समाज की अच्छी तरह सेवा की है।

1.5 टैगोर की 150वीं जयंती समारोह के भाग के रूप में यह निर्णय लिया गया कि वर्तमान रबीन्द्र भवनों का पुनर्निर्माण/नवीनीकरण/उन्नयन/आधुनिकीकरण/विस्तार किया जाए और संशोधित एम पी सी सी स्कीम की रूपरेखा के अनुसार जिन राज्य की राजधानियों और अन्य शहरों में ऐसे परिसर नहीं हैं वहां भी नये सांस्कृतिक परिसरों का निर्माण किया जाए। इसलिए पहले की एम पी सी सी स्कीम को दिनांक 07.05.2011 से टैगोर सांस्कृतिक परिसर (टीसीसी) के नाम से नवीकृत और पुनरारंभ करने का निर्णय लिया गया ताकि अलग–अलग पैमाने पर नये सांस्कृतिक परिसरों की स्थापना और वर्तमान रबीन्द्र सभागारों के उन्नयन, आधुनिकरण किया जा सके और इन्हें आधुनिकतम सांस्कृतिक परिसरों के रूप में बदला जा सके। 12वीं पंचवर्षीय योजना के बाद स्कीम की समीक्षा के तदुपरान्त इसे ''सांस्कृतिक अवसंरचना के सृजनार्थ वित्तीय सहायता स्कीम'' के अंतर्गत ''टैगोर सांस्कृतिक परिसर (टीसीसी) के लिए वित्तीय सहायता'' की स्कीम घटक के रूप में जारी रखा गया है।

1.6 संस्कृति मंत्रालय यह भी महसूस करता है कि देश में कला संबंधी अवसंरचना में गंभीर अभाव की स्थिति है। इस अभाव को इस स्कीम घटक के माध्यम से निधियां उपलब्ध करवाकर कम किया जाना चाहिए क्योंकि यह स्कीम विशिष्ट रूप से मंच कलाओं और सामान्य रूप से कला एवं संस्कृति के प्रचार और संवर्धन से सीधे जुड़ी हुई है। इस प्रयोजन हेतु, भारत सरकार, उक्त टैगोर सांस्कृतिक परिसर (टीसीसी) के लिए वित्तीय सहायता'' के स्कीम घटक को जारी रखने पर विचार कर रही है जो साधारणतया कला के संवर्धन हेतु लगभग सभी प्रयोजनों के लिए एक बड़े पैमाने पर मंच प्रदान करवाने से संबंधित है। इस स्कीम घटक का उद्देश्य विद्यमान स्थानों के स्तरोन्नयन के साथ–साथ हर प्रकार के नए स्थानों का सृजन करना है। इससे पूरे देश में कलाओं के संवर्धन को प्रोत्साहन मिलेगा। चूंकि इसमें से बहुत सा कार्य लोक क्षेत्र से बाहर किया जा रहा है, अतः गैर–लाभार्थी संगठनों और ऐसे ही निकायों को स्कीम के तहत पात्र आवेदकों में शामिल किया गया है। यह भी महसूस किया गया है कि पूर्व एमपीसीसी स्कीम के अधीन देश में कई परियोजनाओं को भी विद्यमान एमपीसीसी, रबीन्द्र 'भवनों' 'सदनों' 'रंगशालाओं' के स्तरोन्नयन के साथ–साथ विद्यमान भौतिक सुविधाओं के पुनरुद्धार, नवीकरण, विस्तार, परिवर्तन, स्तरोन्नयन, आधुनिकीकरण आदि के लिए अवसंरचना हेतु कुछ निधियों की आवश्यकता है।

1.7 इन आवश्यकताओं को टैगोर सांस्कातिक परिसर (टीसीसी) हेतु वित्तीय सहायता संबंधी वृहद, व्यापक आधार वाली स्कीम घटक में तदनुसार शामिल कर लिया गया था। अनुदान प्राप्तकर्ता राज्य सरकारों/संघ प्रदेश प्रशासनों/गैर लाभार्थी संगठनों के लिए आवश्यक हिस्सेदारी/समतुल्य। हिस्सेदारी का भी प्रावधान किया गया है ताकि उनकी संपूर्ण सहभागिता और समर्पण तथा परियोजना का बौद्धिक स्वामित्व सुनिश्चित किया जा सके।

2. उद्देश्य

2.1 ''टैगोर सांस्कृतिक परिसर के लिए वित्तीय सहायता संबंधी स्कीम घटक'' संगीत, नाटक, नृत्य, साहित्य, ललित कला आदि जैसे विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में राज्यों/केन्द्र शासित क्षेत्रों में कार्यकलापों को प्रोत्साहन और समन्वय प्रदान करना जारी रखेगा और उनके माध्यम से देश की सांस्कृतिक एकता को संवर्धित करेगा तथा युवा पीढ़ी को सृजनात्मक अभिव्यक्ति और ज्ञान के अवसर प्रदान करेगा।

2.2 ये सांस्कृतिक परिसर मंच अभिनय (नृत्य, नाटक और संगीत), प्रदर्शनियों, सेमिनारों, साहित्यिक कार्यकलापों, फिल्म प्रदर्शन आदि के लिए कला और संस्कृति के सभी स्वरूपों की बेहतरी के लिए उत्कृष्ट केन्द्रों के रूप में कार्य करेंगे। इसलिए ये मूल टैगोर सभागार स्कीम से परे कार्य करने के लिए अभिप्रेत हैं और सृजनात्मकता तथा सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों में बहुआयामी रूचियों को प्रोत्साहन देंगे।

3. पात्र संगठन

स्कीम घटक के तहत निम्नलिखित को वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी :

3.1 राज्य सरकार/ संघ राज्य प्रशासन ;

3.2 राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासनों द्वारा स्थापित अथवा प्रायोजित निकाय;

3.3 केन्द्र सरकार के अधीन संगठनों द्वारा स्थापित अथवा प्रायोजित निकाय, विश्वविद्यालयों, नगर निगमों और अन्य सरकारी मान्यता प्राप्त एजेंसियां; और

3.4 परियोजना की स्थापना और संचालन करने में सक्षम ऐसे गैर लाभकारी प्रतिष्ठित संगठन जो उपलब्ध कराई गयी परियोजना की लागत का 40 प्रतिशत या 10 प्रतिशत अपने समभाग (नीचे के पैरा 5 का संदर्भ लें) के रूप में जैसा भी मामला हो, जुटा सकें, और आवर्ती लागत को पूरा कर सकें। ये संगठन केन्द्र सरकार अथवा सम्बंधित राज्य सरकार/संघ शासित सरकार की उपयुक्त एजेंसी द्वारा निरीक्षित तथा अनुशंसित रहे हों और निम्नलिखित मानदण्डों को पूरा करते हों :

3.5 ऐसा संगठन जो सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम (1860 का xxi) अथवा समान अधिनियमों के तहत या न्यास अथवा गैर–लाभार्थी कम्पनी के रूप में कम से कम तीन वर्षों की अवधि से एक सोसाइटी के रूप में पंजीकृत है।

3.6 जिसका घोषणापत्र मूलरूप से भारतीय कला और संस्कृति के परिरक्षण, प्रसार और संवर्धन के लिए समर्पित है।

3.7 संगठन की प्रमुख रूप से सांस्कृतिक रूपरेखा हो तथा कम से कम तीन वर्षों से नृत्य, नाटक, रंगमंच, संगीत, ललित कला, भारतविद्या और साहित्य जैसे क्षेत्रों में कला और संस्कृति के संवर्धन के लिए मूल रूप से कार्य कर रहा हो। संगठन पूर्णतया स्थापित हो और अपने कार्यकलापों के क्षेत्र में अर्थपूर्ण कार्य करने के लिए जाना जाता हो तथा स्थानीय, क्षेत्रीय अथवा राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और प्रतिष्ठा/स्थायित्व रखता हो।

4. पात्र परियोजनाएं

इस स्कीम घटक के अंतर्गत वित्तीय सहायता निम्नलिखित प्रकृति की परियोजनाओं हेतु दी जायेगी :

4.1 नये टैगोर सांस्कृतिक परिसर (टीसीसी) : प्रत्येक परियोजना में जिला/नगर परिसरों जिनमें लघु प्रेक्षागृह अथवा ओपन एयर एम्फीथियेटर अथवा इंप्रोवाइज्ड मंच के अलावा सभागार शामिल हों। टीसीसी एक बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर होगा, किंतु किसी विशेष परियोजना में सुविधाएं उपलब्ध कराना स्थानीय आवश्यकताओं तथा सांस्कृतिक लोकाचार पर निर्भर करेगा। आदर्शतः, इस स्कीम घटक के उद्देश्योंक के लिए टी सी सी का लक्ष्य निम्नलिखित आधुनिक सुविधाएं और आधारभूत संरचना प्राप्त करना है :

4.2 लाइव संगीत, नृत्य अथवा रंगमच या इन कलाओं के सम्मिश्रण के प्रदर्शन के लिए एक सभागार (अथवा विभिन्न क्षमताओं के सभागारों का एक समूह) जिसमें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार बैठने की उपयुक्त क्षमता हो, जिसका प्रयोग व्याख्यानों, फिल्म प्रदर्शनों आदि के लिए केन्द्र के रूप में भी किया जा सके।

4.3 सेमिनारों, सम्मेलनों कार्यशालाओं आदि के लिए विभिन्न क्षमताओं वाले कक्ष।

4.4 कलाकारों के लिए नेपथ्यशाला(एं) श्रृंगार कक्ष/रूप सज्जा कक्ष और एक भण्डारण क्षेत्र।

4.5 रंगमंच/संगीत/नृत्य के लिए पूर्वाभ्यास हाल।

4.6 रंगमंच/संगीत/नृत्य के लिए प्रशिक्षण केन्द्र/विद्यालय।

4.7 आगन्तुक कलाकारों के लिए शयनागार।

4.8 कला और छायाचित्रण के लिए प्रदर्शनी क्षेत्र।

4.9 पुस्तकालय/अध्ययन कक्ष।

4.10 कार्यालय, कैफेटेरिया/भोजन–प्रबंध, शौचालय, स्वागत कक्ष/प्रतीक्षालय, पार्किंग आदि के लिए सामान्य सुविधाएं।

4.11 मौजूदा सभागारों/सांस्कृतिक परिसरों का उन्नयन। स्कीम घटक में निम्नलिखित मौजूद के उन्नयन की परियोजनाएं शामिल हैं :

4.12 रवीन्द्र 'भवन' 'सदन' 'रंगशालाएं',

4.13 बहुउद्देश्यीय सांस्कृतिक परिसर तथा

4.14 अन्य प्रेक्षागृहों/सांस्कृतिक परिसरों के उन्नयन की परियोजना इस स्कीम में शामिल होगी और निम्नलिखित संघटकों के कोई अन्य अथवा उपयुक्त संयोजन शामिल हो सकते हैं:

(क) मौजूदा वास्तविक सुविधाओं का पुनरुद्धार, नवीकरण, विस्तार, परिवर्तन, उन्नयन और आधुनिकीकरण;

(ख) अन्तरस्थलीय पुनर्निर्माण/पुनर्प्रारूपण; और/अथवा

(ग) विद्युतीय, वातानुकूलन, ध्वनि, प्रकाश एवं ध्वनि प्रणाली और अन्य मदों के उपकरण जैसे दृश्य/ श्रव्य उपकरण, फर्नीचर (उपस्कार) तथा मंच सामग्री जैसी सुविधाओं का प्रावधान/उन्नयन।

4.15 **स्वीकृत/जारी एमपीसीसी परियोजनाओं का समापन** : पहले की एम पी सी सी स्कीम के तहत स्वीकृत परियोजनाएं पुनः नहीं खोली जायेंगी, न ही इस स्कीम घटक के प्रावधानों के तहत स्वीकृत राशि को बढ़ाया जायेगा। तथापि, विशेषज्ञ समिति द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं के मामले में, स्कीम स्थगित होने से पूर्व अथवा जारी परियोजनाएं जिनमें भुगतान के लिए कुछ किस्तें शेष हैं, उनको उपर्युक्त एमपीसीसी स्कीम घटक के प्रावधानों और सीमा के अनुसार इस स्कीम घटक के तहत केन्द्रीय सहायता का भुगतान जारी रहेगा।

5. वित्तीय सहायता की प्रकृति और मात्रा

5.1 पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) को छोड़कर राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र या संबंधित संगठन को केन्द्रीय वित्तीय सहायता की राशि अनुमोदित परियोजना लागत के अधिकतम 60 प्रतिशत तक सीमित होगी, जो नीचे के पैरा 5.4 में दी गई अधिकतम वित्तीय सीमाओं के अध्यधीन होगी। परियोजना की अनुमोदित परियोजना लागत की शेष राशि अर्थात 40 प्रतिशत की राशि 'समतुल्य हिस्सेदारी' के रूप में आवेदक संगठन द्वारा स्वयं व्यवस्थित करके वहन की जाएगी।

5.2 पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) की परियोजनाओं के संबंध में जिसमें अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के राज्यय शामिल हैं, केन्द्रीय वित्तीय सहायता की अधिकतम राशि अनुमोदित अनुमानित परियोजना लागत के 90 प्रतिशत तक सीमित होगी, जो नीचे के पैरा 5.4 में दी गई अधिकतम वित्तीबय सीमा के अध्यधीन होगी। परियोजना की अनुमोदित परियोजना लागत की शेष राशि अर्थात 10 प्रतिशत की राशि 'समतुल्य हिस्सेदारी' के रूप में आवेदक संगठन द्वारा स्वयं व्यवस्थित करके वहन की जाएगी।

5.3 समतुल्य हिस्सेदारी में भूमि की लागत शामिल नहीं होगी। सम्पर्क मार्ग के साथ विकसित भूमि सम्बंधित राज्य सरकार द्वारा मुफ्त उपलब्ध कराई जायेगी अन्यथा संगठन के पास अपने स्वामित्व की भूमि हो।

5.4 किसी भी परियोजना के लिए स्कीम घटक के तहत वित्तीय सहायता सामान्य रूप से अधिकतम 15 करोड़ रूपये तक होगी। विशेष योग्यता और प्रासंगिकता के अति विशिष्ट मामले में, वित्तीय सहायता 50 करोड़ रू. तक बढ़ाई जा सकती है किन्तु तब 15 करोड़ रू. से अधिक वित्तीय सहायता का ऐसा प्रत्येक व्यक्तिगत मामला नई योजना स्कीमों के लिए निर्धारित सामान्य मूल्यांकन/अनुमोदन तंत्र के अधीन होगा।

5.5 सभी आवर्ती व्यय राज्य सरकार अथवा संबंधित संगठन द्वारा वहन किये जायेंगे।

5.6 परियोजना लागत का 0.5 प्रतिशत संबंधित क्षेत्रीय उप समिति और राष्ट्रीय मूल्यांकन समिति (एनएसी) के अनुमोदन के पश्चात ही विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की तैयारी के लिए जारी किया जा सकता है।

6 आवेदन की प्रक्रिया

6.1 विहित आवेदन प्रपत्र/अन्य संबंधित पत्र/प्रपत्र संस्कृति मंत्रालय की वेबसाइट अर्थात www.indiaculture.nic.in पर उपलब्ध है।

6.2 'स्कीम घटक' के पैरा 8 में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेज सहित निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 'अवर सचिव, पी आर्ट्स अनुभाग–II कमरा संख्या 207, द्वितीय तल, पुरातत्व भवन, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली–110023 को प्रस्तुत किया जा सकता है (किसी भी मामले में अपूर्ण आवेदन पत्र/प्रस्तावों तथा बिना अपेक्षित अनुलग्नकों के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और इसे तुरन्त अस्वीकार कर दिया जाएगा तथा संबंधित संगठन को मूल रूप में लौटा दिया जाएगा)।

6.3 नीचे पैरा 8 में उल्लिखित सभी दस्तावेज एवं अन्य प्रासंगिक दस्तावेज, आवेदन के साथ अवश्य संलग्न होने चाहिए।

6.4 इन संगत दस्तावेजों में से किसी एक के भी न होने पर आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा और इसे तुरन्त अस्वीकार

कर दिया जाएगा तथा संबंधित संगठन को मूल रूप में लौटा दिया जाएगा।

7. आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज

आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज लगे होने चाहिए :

7.1 प्रस्तावित परियोजना की व्यवहार्यता रिपोर्ट के साथ परियोजना प्रस्ताव जिसमें निम्नलिखित शामिल है :

7.2 भवन/विकास योजनाएं (वर्तमान/प्रस्तावित); (ख) लागत अनुमानों का सार (भवन, उपकरण, सुविधाएं आदि) ;

7.3 समतुल्य हिस्सेदारी हेतु वित्त/निधि के स्रोत;

7.4 परियोजना की पूर्णता के लिए समयावधि;

7.5 परियोजना के माध्यम से सृजित सुविधा के संचालन और रख–रखाव का प्रबंधन संगठन कैसे करेगा यह प्रदर्शित करने के लिए पूर्णता पश्चात योजना ; और

7.6 अपने प्रस्ताव के एक समन्वित भाग के रूप में कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और अतिरिक्त पाठयक्रम संगठन द्वारा शामिल किया जाना चाहिए।

8. सहायक दस्तावेज

क. सरकारी विभागों/निकायों/एजेंसियों द्वारा आवेदन के लिए :

8.1 विद्यमान प्रेक्षागृह अथवा बहुउद्देशीय सांस्कृतिक केन्द्र के उन्नयन के लिए यदि प्रस्ताव है तो पहले से उपलब्ध सुविधाओं तथा आधारभूत संरचना के ब्यौरे और नई परियोजना के मामले में भूमि आवंटन के समर्थन में साक्ष्य और अभिन्यास योजना; तथा

8.2 समतुल्य हिस्सेदारी उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता पत्र।

8.3 आवेदन करते समय राज्य सरकार/विभागों/निकायों द्वारा ''कार्यान्वयन एजेंसी'' (यह एजेंसी राज्य सरकार के अंतर्गत राज्य सरकार विभाग/कार्यालय/संगठन हो सकती है, जिसमें पीएफएमएस के तहत पंजीकरण के लिए सभी अपेक्षित ब्यौरे शामिल होंगे) को यह सूचित किया जाएगा कि उनकी पूरी परियोजना का कार्य किसके द्वारा पूरा किया जाएगा।

8.4 ''एजेंसी'' के बैंक खाते का ईसीएस विवरण दर्शाने वाला बैंक प्राधिकार पत्र (विहित प्रपत्र में) जिसमें अनुदान का अंतरण किया जाएगा।

ख. प्रतिष्ठित गैर–लाभकारी संगठनों द्वारा आवेदन के लिए :

8.5 सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860, **पंजीकृत न्यास विलेख** अथवा अन्य संबद्ध अधिनियमों के तहत पंजीकरण के प्रमाण–पत्र की प्रति।

8.6 नियम–विनियम, यदि कोई हो, सहित संगठन के संगम ज्ञापन (या न्यास विलेख) की प्रति।

8.7 प्रत्येक सदस्य के नाम और पते के साथ प्रबंधन बोर्ड के वर्तमान सदस्यों/ पदधारियों/न्यासियों की सूची।

8.8 पिछले तीन वित्तीय वर्षों के (सनदी लेखाकार/सरकारी लेखा परीक्षक द्वारा प्रमाणित/संपरीक्षित) वार्षिक लेखाओं की प्रति ;

8.9 संगठन की रूपरेखा जिसमें कार्यालय का विवरण, इसके सामर्थ्य, उपलब्धियों और पिछले तीन वर्षों से अधिक के कार्य–कलापों का वर्ष–वार ब्यौरा;

8.10 आयकर अधिनियम की धारा XII ए, 80जी के तहत पैन कार्ड और पंजीकरण, यदि कोई हो ;

8.11 आवेदक संगठन के नाम भूमि/भवन का स्वामित्व दर्शाने वाला स्वामित्व विलेख (रजिस्ट्रीकृत अभिहस्तांतरण विलेख, उपहार विलेख, पट्टा विलेख आदि) की प्रति जिसमें यह पुष्टि की गयी हो कि सम्पत्ति का उपयोग वाणिज्यिक/सांस्थानक उद्देश्य के लिए किया जा सकता है। यदि प्रस्ताव किसी मौजूदा सभागार या बहुउद्देश्यीय सांस्कृतिक केन्द्र के उन्नयन के लिए है, सुविधाओं की रूपरेखा योजना एवं विवरण तथा अवसंरचना यथापूर्व उपलब्ध प्रदान की जाए।

8.12 इस दावे के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य जो संगठन ने अपना समतुल्य भाग जुटा लिया/प्रबंध कर लिया है अर्थात बैंक विवरण, परियोजना पर पहले हुए व्यय का प्रमाण पत्र (सनदी लेखाकार द्वारा प्रमाणित वर्ष–वार विवरण सहित), ऋण स्वीकृति पत्र, अथवा परियोजना के लिए स्वीकृत की जाने वाली निधि सम्बंधी राज्य सरकार/संघ शासित सरकार, स्थानीय निकाय आदि का पत्र ;

8.13 संगठन की ओर से अनुदान के लिए आवेदन, बंध–पत्र आदि पर हस्ताक्षर करने के लिए किसी व्यक्ति को प्राधिकृत करने वाले संगठन के प्रबंधन बोर्ड/ कार्यकारी बोर्ड/प्रशासकीय निकाय का संकल्प पत्र (निर्धारित प्रारूप में) ;

8.14 मांगी गयी सहायता की राशि के लिए बंध पत्र (निर्धारित मूल्ये के स्टाम्प पेपर पर निर्धारित प्रारूप में); और

8.15 संगठन के बैंक खाते का ईसीएस ब्यौरा दर्शाने वाला बैंक का प्राधिकरण पत्र (निर्धारित प्रारूप में)।

9. मूल्यांकन प्रक्रिया

9.1 संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों की दस्तावेजी आवश्यकतानुसार इसकी पूर्णता के लिए छानबीन की जायेगी। अपूर्ण आवेदन की कमियों (जैसे–उपर्युक्त पैरा 8 के तहत बताये गये अपेक्षित दस्तावेज के बिना) को जब तक आवेदक संगठनों के परामर्श से दूर नहीं किया जाता, तब तक आगे की कार्रवाई नहीं की जायेगी।

9.2 दस्तावेजों की छानबीन के पश्चाजत सभी पूर्ण आवेदन पत्रों को परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के मूल्यांकन/अनुशंसा के लिए संबंधित क्षेत्रीय उप समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। यदि उप समिति द्वारा सकारात्मक सिफारिशों के साथ डीपीआर को अनुमोदित किया जाता है, तो उसके बाद आवेदन/प्रस्ताव को अंतिम सिफारिशों के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन समिति (एनएसी) के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

9.3 सभी तरह से पूर्ण आवेदनों/परियोजना प्रस्तावों का संस्कृति मंत्रालय (निम्न पैरा 9.5 के तहत) द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय मूल्यांकन समिति द्वारा निम्नलिखित के लिए जांच की जायेगी :

क) योग्यता निर्धारण ;

ख) प्रस्ताव की योग्यता का मूल्यांकन; और

ग) परियोजना के लिए केन्द्रीय सहायता की राशि की सिफारिश करना।

9.4 राष्ट्रीय मूल्यांकन समिति समय–समय पर बैठक करेगी और निम्नलिखित विशिष्ट संदर्भो सहित अपनी कसौटी पर परियोजना प्रस्ताव का मूल्यांकन करेगी :

क) क्या आवेदक संगठन क्षेत्र में पूर्णतया स्थापित है और इसकी अपनी एक निजी पहचान है ;

ख) क्या प्रस्ताव पूर्णतया सुविचारित है ;

ग) क्या लागत अनुमान समुचित है ; और

घ) क्या संगठन के पास परियोजना को पूरा करने और पूर्णता के पश्चात, आवर्ती संचालन लागत को वहन करने के लिए अपने सम भाग की क्षमता है या प्रबंध कर चुका है। स्कीम घटक के तहत नई परियोजना की स्वीकृति देते समय राष्ट्रीय मूल्यांकन समिति भी विद्यमान परिसरों के सदुपयोग और उत्पादन का मूल्यांकन, नये परिसर के लिए वास्तविक जरूरतें तथा राज्य की जनसंख्या और आकार पर विचार करेगी।

9.5 संस्कृति मंत्रालय सचिव (संस्कृति) की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मूल्यांकन समिति (एनएसी) गठित करेगा और इनमें संस्कृति मंत्रालय के अधिकारी, शहरी विकास (के.लो.नि. वि./हडको/रा.भ.नि.नि, स्कूल ऑफ प्लानिंग एण्ड आर्किटेक्चर) के प्रतिनिधि, कला और संस्कृति के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि कलाकार तथा बिजली/ध्वनि/मंच शिल्प के कम से कम एक तकनीकी विशेषज्ञ, जैसा उचित हो, को शामिल किया जायेगा।

9.6 केन्द्रीय सहायता प्राप्त करने वाले परियोजना प्रस्तावों की जांच एनएसी द्वारा की जाएगी तथा आंतरिक वित्त से परामर्श करके निधियां जारी की जाएंगी। परियोजना प्रस्तावों की जांच में, एनएसी का सहयोग उसकी उप–समिति द्वारा किया जाएगा। केन्द्रीय सहायता पाने वाले परियोजना प्रस्तावों की जांच राष्ट्रीय मूल्यांकन समिति द्वारा प्रथमतया सैद्धांतिक अनुमोदन और डीपीआर जमा करने पर तथा उसके आखिरी अनुमोदन हेतु डीपीआर प्रस्तुत करते समय किया जाएगा। समिति द्वारा अनुशंसित राशि आन्तरिक वित्त के परामर्श से मंत्रालय द्वारा जारी कर दी जायेगी।

9.7 15 करोड़ रूपये से अधिक की केन्द्रीय सहायता पाने वाली परियोजना का संस्कृति मंत्रालय की पूर्व अनुमति से, इसके सैद्धांतिक अनुमोदन के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन समिति द्वारा जांच की जायेगी। डीपीआर जमा कराने पर इसका मूल्यांकन व्यावहारिक एस एफ सी/ ई एफ सी तंत्र के जरिये किया जायेगा और सक्षम प्राधिकारी अर्थात संस्कृति मंत्री के अनुमोदन पर आंतरिक वित्त के परामर्श से निधि जारी कर दी जायेगी। (ऐसी परियोजना के लिए विशेष अतिरिक्त निधि मंत्रालय को उपलब्ध कराने की आवश्यकता होगी)।

9.8 राष्ट्रीय मूल्यांकन समिति द्वारा परियोजना प्रस्ताव को सैद्धांतिक रूप से अनुमोदन के पश्चात योजना आयोग के प्रारूप/दिशानिर्देशों के अनुसार जहां भी तैयार करना अपेक्षित होगा, राष्ट्रीय नाट्रय विद्यालय आवेदक संगठन को निर्णय की सूचना देगा। इस उद्देश्य के लिए अस्थाई तौर से अनुमोदित परियोजना लागत का 0.5% तक राशि संगठन के अनुरोध पर जारी की जा सकती है। डीपीआर जमा करने के अलावा आवेदक संगठन से प्रस्तुतीकरण भी मांगा जा सकता है।

9.9 तदनुसार सैद्धांतिक अनुमोदन अथवा अंतिम अनुमोदन से पूर्व राष्ट्रीय मूल्यांकन समिति संस्कृति मंत्रालय या उसके संगठनो के अधिकारियों सहित विशेषज्ञों की उप–समिति तदर्थ समिति और अधिकारियों द्वारा अथवा इस उद्देश्य के लिए नियुक्त एक बाह्य स्रोत एजेंसी द्वारा मूल्यांकन/कार्यस्थल निरीक्षण/सत्यापन आदि कराने के लिए स्वतंत्र होगी।

10. वित्तीय सहायता की स्वीकृति

10.1 डीपीआर के अनुमोदन पर **संस्कृति मंत्रालय,** परियोजना की अनुमोदित कुल लागत, स्वीकृत केन्द्रीय सहायता की राशि, संगठन की समतुल्य हिस्सेदारी की राशि और सहायता की स्वीकृति राशि को जारी करने के लिए अन्य नियम व शर्तें दर्शाते हुए संगठन को निर्णय की सूचना देगा।

11. वित्तीय सहायता जारी करना

11.1 वित्तीय सहायता, केन्द्रीय सहायता की स्वीकृत राशि के 50% की दो बराबर किस्तों में जारी की जायेगी।

11.2 स्वीकृत राशि की पहली किस्त डीपीआर तैयार करने के लिए जारी राशि, यदि कोई हो, को समायोजित करने के पश्चात संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रस्ताव और डीपीआर के अनुमोदन के बाद जारी की जायेगी। किस्त जारी करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि भवन योजना संबंधित नागरिक प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित कर दी गयी है।

11.3 स्वीकृत राशि की दूसरी किस्त निम्नलिखित दस्तावेजों को जमा कराने के पश्चात जारी की जायेगीः

11.4 स्थान के फोटोग्राफ आदि के साथ पहले किये गये/पूर्ण किये गये कार्य का ब्यौरा देते हुए परियोजना की वास्तविक और वित्तीय प्रगति रिपोर्ट।

11.5 सनदी लेखाकार से जारी उपयोग प्रमाण–पत्र जिसमें यह प्रमाणित किया गया हो कि सहायता की पहली किस्त परियोजना के लिए पूर्णतया इस्तेमाल कर ली गई है।

11.6 आवेदक संगठन के इस वचनबंध के साथ कि यह परियोजना प्रथम किस्त जारी होने की तारीख से 3 वर्ष की अवधि के भीतर पूरी हो जाएगी।

11.7 सनदी लेखाकार द्वारा हस्ताक्षरित परियोजना के लेखे का संपरीक्षा विवरण जिसमें यह दर्शाया गया हो कि पहली किस्त और आनुपातिक सम भाग भी परियोजना के लिए इस्तेमाल किया गया है।

11.8 राज्य लो.नि.वि./के.लो.नि.वि. अथवा पंजीकृत वास्तुकार द्वारा जारी प्रमाण–पत्र जिसमें दर्शाया गया हो कि :

(क) परियोजना अनुमोदित योजना के अनुसार प्रगति पर है;

(ख) स्थानीय कानूनों और निर्माण/विकास की अनुमोदित योजना का उल्लंघन नहीं किया गया है;

(ग) किया गया कार्य सन्तोषजनक गुणवत्ता का है; और

(घ) किये गये कार्य की लागत का मूल्यांकन और परियोजना को पूरा करने के लिए अपेक्षित अगली राशि।

नोट : यदि निधि की अंतिम अपेक्षित राशि मिलने के पश्चात अनुमोदित परियोजना लागत से कम पड़ती है अथवा संगठन द्वारा खर्च किया गया सम भाग अनुमोदित परियोजना लागत के 40 % से कम है तो अनुदान की दूसरी किस्त की राशि तदनुसार कम कर दी जायेगी।

11.9 दूसरी किस्त जारी करने से पूर्व मंत्रालय अपने प्रतिनिधि(ओं) अथवा विशेषज्ञ दल से परियोजना का निरीक्षण करायेगा।

12. समापन

मामले की समाप्ति के लिए अनुदान प्राप्तकर्ता संगठन को अंतिम किस्त जारी होने के 12 माह के भीतर निम्नलिखित दस्तावेज जमा कराने होंगे:

12.1 राज्य लो.नि.वि./के.लो.नि.वि. अथवा पंजीकृत वास्तुकार द्वारा जारी परियोजना पूर्णता रिपोर्ट।

12.2 सनदी लेखाकार/सरकारी लेखा–परीक्षक द्वारा प्रमाणित अन्तिम लेखा विवरण।

12.3 दूसरी किस्त की राशि का सनदी लेखाकार द्वारा जारी उपयोग प्रमाण–पत्र।

12.4 संगठन ने अपने समभाग की सदृश राशि खर्च कर दी है इस आशय का सनदी लेखाकार द्वारा जारी प्रमाण–पत्र।

12.5 उपयुक्त नागरिक प्राधिकरण द्वारा जारी पूर्णता प्रमाण–पत्र अथवा संगठन द्वारा जारी परियोजना की पूर्णता की नागरिक प्राधिकरण को सूचना देने वाले पत्र की प्रति (नये निर्माण के मामले में)।

13. अनुदान की शर्तें

13.1 सांस्कृतिक परिसरों का संचालन और रख–रखाव सम्बंधित राज्य सरकार विभाग, निकाय, एजेंसी, स्वायत्तशासी संगठन अथवा गैर–लाभकारी संगठन द्वारा किया जायेगा। परियोजना के लिए उपलब्ध कराई गयी भूमि पंजीकृत सोसाइटी अथवा राज्य सरकार के संबंधित विभाग के नाम हस्तांरित होगी। केन्द्र सरकार सोसाइटी/संगठन के विभिन्न निकायों (सामान्य परिषद, वित्तीय समिति, कार्यकारी बोर्ड आदि) से परिसर संचालन के लिए अपने प्रतिनिधि नामांकित कर सकती है।

13.2 केन्द्र सरकार द्वारा जारी अनुदान के सम्बंध में सोसाइटी/ संगठन द्वारा पृथक खाते रखने होंगे।

13.3 संस्थान के खातों को भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक अथवा उसके विवेक पर उसके नामित व्यक्ति द्वारा किसी भी समय लेखा–परीक्षा हेतु खुला रखना होगा।

13.4 राज्य सरकार अथवा संगठन को अनुमोदित परियोजना पर आये व्यय का समायोजन करते हुए और केन्द्र तथा राज्य

सरकार द्वारा जारी अनुदानों के उपयोग दर्शाते हुए सनदी लेखाकार/सरकारी लेखा–परीक्षक द्वारा अपने संपरीक्षित लेखा विवरण भारत सरकार को सौंपने होंगे।

13.5 परियोजना की कार्य पद्धति को संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निश्चित किये गये किसी भी तरीके से जैसे और जब भी आवश्यक समझा जायेगा, समीक्षा हेतु खुला रखना होगा।

13.6 संस्थान/संगठन/राज्य सरकार अपने कार्यों में समुचित मितव्ययिता बरतेगी।

13.7 केन्द्रीय सहायता से अधिगृहीत भवन और परिसंपत्तियों पर पहला ग्रहणाधिकार भारत के राष्ट्रपति का होगा और भारत सरकार की पूर्व अनुमति के बिना न भवन, न ही उपस्कर दूसरी पार्टियों को पट्टे या बंधक पर दिया जाएगा। तथापि, अन्य पार्टियों को अस्थायी इस्तेमाल के लिए सभागार के पट्टे और अन्य परियोजना सुविधाओं पर यह नियम लागू नहीं होगा।

13.8 आवेदक संगठन प्रथम किश्त जारी होने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के भीतर परियोजना पूरी करने के लिए बाध्य होगा, जिसके न होने पर परियोजना समय बाधित हो जाएगी और इसके लिए कोई अतिरिक्त अनुदान जारी नहीं किया जाएगा तथा संबंधित परियोजना प्राधिकरण/संस्था /संगठन/राज्य सरकार संस्कृति मंत्रालय द्वारा दी गई सम्पूर्ण राशि भारत सरकार की प्रचलित उधार दर से उस पर शास्तिक ब्याज दर सहित वापस भी करेगी। परन्तु, दूर दराज के क्षेत्रों/पहाड़ी क्षेत्रों (ऐसे क्षेत्र/स्थान जहां खराब भौगोलिक परिस्थितियों के कारण कार्य की गति धीमी हो सकती है) दुर्भाग्यपूर्ण कारकों की वजह से विलंब या प्राकृतिक आपदा के अंतर्गत क्षेत्रों से संबंधित परियोजना के मामले में विलंबकारी स्थिति एवं कारकों के आधार पर इस अवधि को तब 1 वर्ष तक और बढ़ाया जा सकता है। परन्तु किसी भी तरह से 3+1 वर्ष की अवधि से अधिक अतिरिक्त समय विस्तार नहीं किया जा सकता है।

13.9 अनुदान प्राप्तकर्ता संगठन द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि परिसरों का इस्तेमाल पूरे वर्ष इष्टतम रूप से किया जाता रहे।

13.10 अनुदान प्राप्तकर्ता संगठन आरंभ में ही यह शपथ पत्र/विस्तृत औचित्य प्रदान करेंगे कि परियोजना/परिसर का कार्य पूरा होने पर अर्थात् परिसर में कार्य प्रचालन शुरू होने के समय से वे परिसर के दैनिक कार्यकलापों/ परिसर चलाने के लिए आवश्यक निधियां प्रदान करेंगे और कार्य पूरा होने के बाद परियोजना परिसर के बिजली/पानी घर के रख–रखाव संबंधी बिल, किसी टूट–फूट, मरम्मत आदि जैसे आवर्ती खर्चों को पूरा करने के लिए किस प्रकार आत्मनिर्भर होगी तथा यदि ऐसे खर्चों की पूर्ति के लिए उस अवसंरचना के माध्यम से आय सृजित करने वाले कारकों के कोई अन्य स्रोत हैं, तो इसका शपथपत्र/औचित्य में वर्णन किया जाना चाहिए।

13.11 केन्द्र सरकार की वित्तीय जिम्मेदारी अनुमोदित परियोजना लागत के भाग की सीमा तक आधारभूत संरचना सुविधाएं उपलब्ध कराने तक सीमित होगी और परिसर के संचालन या लागत वृद्धि होने के कारण अतिरिक्त व्यय को पूरा करने आदि के लिए नहीं होगी।

13.12 अनुदान प्राप्तकर्ता को भारत के राष्ट्रपति के पक्ष में अनुदान की शर्तों का पालन करने के लिए एक बंध–पत्र (बॉंड) निर्धारित प्रारूप में भरना होगा। अनुदान शर्तों का पालन न करने की स्थिति में बन्ध–पत्र का उल्लंघन करने पर भारत सरकार की प्रचलित उधार दर और इस पर ब्याज सहित अनुदान की वसूली का भारत सरकार निर्णय ले सकती है तथा विलम्ब के मामले में भारत सरकार द्वारा निर्धारित ब्याज की दण्डात्मक दर से वसूली कर सकती है।

13.13 स्कीम के तहत सभी लाभार्थी संगठनों को अनुदान की स्वीकृति के छः माह के भीतर अपनी प्रगति रिपोर्ट भेजना अपेक्षित है तथा उसके पश्चात योजना के पूरा होने तक हर तीन महीने पर अर्थात त्रैमासिक आधार पर रिपोर्ट भेजनी होगी।

13.14 अनुदानग्राही संगठन परिसर में महत्वपूर्ण स्थान पर मंत्रालय के नाम को उपयुक्त ढंग से दर्शाते हुए संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की वित्तीय सहायता को ज्ञापित करेगा।

13.15 अनुदान प्राप्तकर्ता संगठन इस आशय का प्रारंभ में ही वचनबंध देंगे कि वे परिसर/सुविधा में अग्नि सुरक्षा को यथोचित महत्व देंगे और जहां कहीं अपेक्षित/आवश्यक हो, वहां परिसर के अंदर/ परिसर में अपेक्षित सुरक्षा उपकरण संस्थापित किए जाएंगे।

13.16 सहायतानुदान/केन्द्रीय वित्तीय सहायता केवल उन्हीं परियोजनओं को उपलब्ध कराई जाएगी, जिन्हें ''रवीन्द्र नाथ टैगोर'' अर्थात् ''नए टैगोर सांस्कृतिक परिसर का निर्माण कार्य'' के नाम से मान्यता प्राप्त हो। किसी अन्य परियोजना/किसी अन्य' नाम वाली परियोजना पर इस स्कीम घटक के अंतर्गत विचार नहीं किया जाएगा और तुरन्त ही बिना मूल्यांकन के अस्वीकृत करते हुए मूल रूप में आवेदक संगठन को इसे वापिस कर दिया जाएगा।

13.17 अनुदान प्राप्तकर्ता संगठन द्वारा इस आशय का शुरू में ही वचनबंध प्रस्तुत किया जाएगा कि वे परिसर के निर्माण कार्य में स्थानीय सामग्री, श्रम, विशेषज्ञता को वरीयता/प्राथमिकता देंगे।

13.18 अनुदान प्राप्तकर्ता संगठन द्वारा इस आशय का शुरू में ही वचनबंध प्रस्तुत किया जाएगा कि वे परिसर के अपने कार्यालयों/कार्यालय के भीतर/पूरे परिसर के साथ–साथ उन स्थलों पर जहां संगोष्ठियां/अनुसंधान/कार्यशालाएं/सभागार/मुक्ताकाश/रंगमंच/महोत्सव एवं प्रदर्शनी आदि आयोजित की जाएंगी, वहां पर साफ–सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखेंगे/सुनिश्चित करेंगे और लोगों में स्वच्छ भारत के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देंगे तथा इसका प्रसार करेंगे।

13.19 अनुदान प्राप्तकर्ता संगठन द्वारा इस आशय का शुरू में ही वचनबंध प्रस्तुत किया जाएगा कि वे परिसर में नवीनीकरण ऊर्जा, ऊर्जा बचत करने वाले यंत्रों/उपकरणों जैसे कि एलईडी लाइट, ऊर्जा बचाने वाली मशीनरी आदि का इस्तेमाल करेंगे।

13.20 जारी अनुदान का उपयोग प्रशासकीय भवन, आवासीय क्वार्टर, निदेशक के बंगले अथवा किसी बाह्य विकास जैसे सम्पर्क मार्ग आदि के लिए नहीं किया जायेगा।

13.21 भारत सरकार द्वारा समय–समय पर ऐसी अन्य शर्तें लगायी जा सकती हैं।

5

संग्रहालय अनुदान स्कीम

पृष्ठभूमि

संग्रहालय राष्ट्र की संस्कृति के संग्रह होते हैं क्योंकि ये वर्तमान और भविष्य को बीते समय से जोड़ते करते हैं। संग्रहालय कलात्मक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक या वैज्ञानिक महत्व की कलाकृतियों और अन्य वस्तुओं के संग्रहों का परिरक्षण करते हैं तथा इन्हें स्थायी या अस्थायी प्रदर्शनियों के माध्यम से जनता के अवलोकनार्थ उपलब्ध कराते हैं। संग्रहालय मानव जाति, मानव गतिविधियों और प्राकृतिक जगत के भौतिक साक्ष्यों का परिरक्षण और व्याख्या करते हैं। संग्रहालय वर्तमान पीढ़ी के लिए बीते समय को समझने और भविष्य की तैयारी करने हेतु ज्ञान स्त्रोत केन्द्र के रूप में योगदान देते हैं। इस तरह देशभर में संग्रहालय अभियान को सुदृढ़ करना संस्कृति मंत्रालय के कार्यक्षेत्राधीन एक महत्वपूर्ण कार्यकलाप है।

उद्देश्यः—

स्कीम का उद्देश्य, राज्य सरकारों और सोसाइटी अधिनियम धारा 8 के तहत कंपनी अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत सोसाइटियों, स्वायत्त निकायों और न्यासों द्वारा नए संग्रहालय स्थापित करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना, क्षेत्रीय, राज्य और जिला स्तार पर मौजूद संग्रहालयों को सुदृढ़ करना और आधुनिक बनाना, देशभर में कला वस्तुओं के चित्रों/सूचियों को वेबसाइट पर उपलब्ध करना और संग्रहालय व्यावसायिकों के क्षमता निर्माण हेतु कला वस्तुओं का डिजीटलीकरण करना है।

कार्य क्षेत्रः—

वित्तीय सहायता नए संग्रहालयों की स्थापना, मौजूदा संग्रहालयों का विकास, कला वस्तुओं का डिजीटलीकरण करने और राज्यों सरकारों, सोसाइटी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत सोसाइटियों, स्वायत्त निकायों, स्थानीय निकायों, शैक्षणिक संस्थाओं और न्यासों द्वारा प्रबंधित संग्रहालयों में संग्रहालय व्यावसायिकों के प्रशिक्षण हेतु प्रदान की जाएगी। व्याापक श्रेणी में (क) पुरावस्तुओं, मुद्राशास्त्र, चित्रों, नृजातीय संग्रहों, लोककला और कला एवं शिल्प, वस्त्र, मुहरों आदि सहित अन्य वस्तुएं (ख) उपरोक्त क्षेत्रों में से एक या सभी क्षेत्रों में वस्तुओं को प्रदर्शित करने वाले ऑनलाईन आभासी संग्रहालय और (ग) विषय वस्तु आधारित संग्रहालय सम्मिलित हैं।

अनुवीक्षणः

इस स्कीम के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त संग्रहालयों को परियोजना के पूर्ण होने के बाद 05 वर्षों तक संग्रहालयों में आए आगंतुकों की वार्षिक संख्या भेजना अपेक्षित होगा। स्कीम के अन्तर्गत वित्तीय सहायता प्रदान प्रस्तावों की कार्य प्रगति की निगरानी परियोजना अनुवीक्षण समिति करेगी।

स्कीम के निम्नानुसार 3 घटक होंगेः—

क. क्षेत्रीय, राज्य और जिला स्तर पर संग्रहालयों का विकास और स्थापना

ख. संग्रहालय के संग्रहों का डिजीटलीकरण

ग. क्षमता निर्माण और संग्रहालय व्यवसायिकों का प्रशिक्षण

प्रत्येक घटक की पात्रता के मानदण्ड, अनुमेय अनुदान की राशि और अन्य ब्यौरों का वर्णन नीचे किया गया हैः—

5.1

क्षेत्रीय, राज्य और जिला स्तर पर संग्रहालयों का विकास और स्थापना

1. पात्रता के मानदण्ड

इस घटक के अन्तर्गत सहायता हेतु संग्रहालयों को तीन श्रेणियों में बांटा गया हैः–

(i) श्रेणीः– I राज्यों की राजधानियों में केन्द्रीय अथवा राज्य सरकारों के स्वामित्व वाले संग्रहालय

(ii) श्रेणीः– II राज्य सरकारों के स्वामित्व वाले संग्रहालय (राज्य की राजधानी के अलावा अन्य स्थानों पर)

(iii) श्रेणीः– III अन्य सभी संग्रहालय

श्रेणी– I

राज्यों की राजधानियों में स्थित केन्द्र या राज्य सरकारों के मौजूदा नामी संग्रहालय जो निम्न शर्तों के अधीन होंगेः

(i) संग्रहालय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र की राजधानी में स्थित हो।

(ii) वह अत्यधिक ख्याति प्राप्त हो जिसमें वस्तुओं/कलाकृतियों का महत्वपूर्ण संग्रह हो।

(iii) इसमें पूर्ववर्ती 2 वर्षों में प्रतिवर्ष 1 लाख आगंतुकों ने वार्षिक रूप से उसका दौरा किया हो।

श्रेणी– II

राज्य सरकारों के स्वामित्व वाले संग्रहालय (राज्य की राजधानी के अलावा अन्य स्थानों पर)

श्रेणी– III

भारतीय सोसाइटी अधिनियम, 1860 (XXI) या राज्य (सरकारों के समतुल्य विधान के अंतर्गत पंजीकृत सोसाइटियों, स्वायत्त निकायों, शैक्षेणिक संस्थाओं और न्यासों या उस समय पर लागू किसी कानून के अंतर्गत सार्वजनिक न्यास के रूप में पंजीकृत होना चाहिए जो निम्न शर्तों के अधीन होगाः–

(i) आवेदक संस्थान् को आवेदन करने से पहले यह कम से कम तीन वर्ष पूर्व से अस्तित्व में होना चाहिए। तथापि, विशेषज्ञ समिति अपने विवेक के आधार पर असाधारण मामलों में इसमें छूट दे सकती है, जिसके कारणों को लिखित में दर्ज किया जाना चाहिए;

(ii) इसके कार्यकरण के लिए इसका एक स्पष्ट संविधान और निर्धारित नियमावली / उप नियम होने चाहिए;

(iii) इसके पास संग्रहालय में प्रदर्शन हेतु ऐतिहासिक और/अथवा सांस्कृतिक महत्व की वस्तुओं के एक महत्वपूर्ण संग्रह का स्वामित्व और आधिपत्य/ होना चाहिए और वस्तुओं की संख्या को परियोजना रिपोर्ट में स्प्ष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए;

(iv) इसे संग्रहालय के रख–रखाव करने और आवर्ती लागतों को वहन करने में सक्षम होना चाहिए;

(v) इसके पास उस कार्य को सम्पन्न करने के लिए आवश्यक अवसंरचनात्मक सुविधाएं, संसाधन और कार्मिक होने चाहिए जिसके लिए अनुदान की आवश्यकता है;

(vi) इसे राज्य सरकार की ओर से (संस्कृति विभाग अथवा समकक्ष) इसके संतोषजनक कार्य–निष्पादन के संबंध में दिया गया प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना चाहिए।

(vii) इसे व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं चलाया जाना चाहिए।

(viii) इसे उस भूमि का स्वामी होना चाहिए जहां यह संग्रहालय अवस्थित है अथवा निर्मित किया जाना प्रस्तावित है और इस तक आगन्तुकों की पहुंच सुगम होनी चाहिए।

2. स्वीकार्य घटक

स्कीम के अंतर्गत प्रदान किये गए अनुदान से निम्नलिखित कार्यकलाप शुरू किये जा सकते हैः–

(i) संग्रहालय के लिए नये भवन/दीर्घाओं का निर्माण।

(ii) दीर्घाओं का नवीनीकरण/मरम्मत, विस्तार और आधुनिकीकरण, वस्तुओं के लिए भण्डारण स्थापन का आधुनिकीकरण।

(iii) प्रकाशन

क. सूचीपत्र
ख. संग्रहालय संदर्शिका
ग. गैलरी – शीट्स
घ. फोटो – इंडेक्स काड्र्स
ड. चित्र पोस्ट कार्ड
च. संग्रहालय वस्तुओं के चित्र सहित पत्रक
छ. मोनोग्राफ्स
ज. संक्षिप्त सूची आदि

(iv) संरक्षण प्रयोगशालाएं/संरक्षण परियोजनाएं

इस स्कीम के अंतर्गत सहायता संरक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना, विस्तार तथा स्तरोन्नयन और वस्तुओं के संरक्षण के लिए प्रदान की जाएगी। अनुदान मौजूदा संग्रहालय पुस्तकालयों के स्तरोन्नयन और संग्रह बढ़ाने के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

(v) उपकरणों की खरीद

निम्नलिखित उपकरणों को खरीदने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगीः

I. उपकरण (सामान्य)

क) पोडियम और पैनल जैसे प्रदर्शक सामान
ख) संग्रहालय वस्तुओं के प्रदर्शन हेतु विशेष लाइटिंग
ग) प्रलेखीकरण के लिए कंप्यूटर
घ) कैमरे, स्लाइड प्रोजेक्टर और स्क्रीन
ड) सी.सी.टी.वी.

II. सुरक्षा प्रणाली के लिए उपकरण

डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर, हस्त चालित मेटल डिटेक्टनर, वाहन निरीक्षण शीशे, रेडियो सेट, हैंड बैगेज एक्सरे मशीन, सीसीटीवी और रिकॉर्डिंग प्रणालियां, दरवाजों के लिए चुम्बकीय चिटकनी, ग्लोस ब्रेक डिटेक्टेर्स, चुम्बकीय स्विच, वाइब्रेशन डिटेक्टरर्स, अलार्म सिस्टम, विडियो मोशन डिटेक्टर्स, पैसिव इंफ्रारेड उपकरण, इंफ्रारेड बीम बैरियर आरएफआईडी टैग्स आदि।

III. कोई अन्य उपकरण जिसे विशेषज्ञ समिति द्वारा आवश्यक माना जाए।

vi) वस्तुओं का प्रलेखीकरण

vii) छत के ऊपर सौर प्रणाली लगाना

3. वित्तीय अनुदान की राशि

(i) संग्रहालयों को वित्तीय सहायता निम्नानुसार प्रदान की जायेगीः—

	वित्तीय सहायता की अधिकतम राशि (करोड़ रू. में)
श्रेणी— I	15
श्रेणी— II	
नए संग्रहालयों की स्थापना करना	10
मौजूदा संग्रहालयों का विकास	8
श्रेणी— III	
नए संग्रहालयों की स्थापना करना	5
मौजूदा संग्रहालयों का विकास	4

(ii) श्रेणी—I संग्रहालय के लिए, वित्तीय सहायता की अधिकतम राशि प्रति संग्रहालय 15 करोड रू. तक सीमित होगी।

(iii) श्रेणी— II एवं III संग्रहालयों के लिए, इस घटक के अंतर्गत दी जाने वाली वित्तीय सहायता की अधिकतम राशि उपरोक्त पैरा 3 (I) में दी गई अधिकतम वित्तीय सीमा के अनुसार कुल परियोजना लागत का 80% होगी। सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में संग्रहालयों के मामलों में, वित्तीय सहायता की अधिकतम राशि उपरोक्त पैरा 3 (I) में दी गई अधिकतम वित्तीय सीमा के अनुसार कुल परियोजना लागत का 90% होगी। परियोजना लागत की बाकी राशि की व्यवस्था स्वयं आवेदक द्वारा की जायेगी ओर आवेदक को इसके लिए शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

4. वित्तीय अनुदान जारी करने की प्रक्रिया

i) सभी प्रयोजनों के लिए, केन्द्र सरकार का अंशदान 2 : 1 : 1 के अनुपात में 3 किस्तों में जारी किया जाएगा। पहली किस्त, जो केन्द्र सरकार के अंशदान का 50 प्रतिशत है, विशेषज्ञ समिति द्वारा परियोजना के अनुमोदन पर तुरंत संस्वीकृत और जारी कर दी जाएगी।

ii) दूसरी किस्त, जो केन्द्र सरकार के अंशदान का 25 प्रतिशत है, तब जारी की जाएगी जब अनुदान प्राप्तकर्ता केन्द्र सरकार द्वारा जारी की गई प्रथम किस्त की 80 प्रतिशत राशि तथा अनुदान प्राप्तकर्ता की धनराशि से आनुपातिक सदृश अंश का उपयोग कर चुका हो।

iii) तीसरी एवं अंतिम किस्त, जो केन्द्र सरकार के अंशदान का शेष 25 प्रतिशत है, केवल तब जारी की जाएगी जब अनुदान प्राप्तकर्ता केन्द्र सरकार द्वारा जारी पहली और दूसरी किस्तों तथा सदृश अंशदान का पूर्ण उपयोग कर चुका हो।

iv) उपयोगिता प्रमाण पत्र (जी.एफ.आर. 2017 के अनुसार) तथा पिछली किस्त के संबंध में भारत के नियंत्रक

एवं महालेखापरीक्षक (यदि किस्त 1 करोड रू. से अधिक हो)/सनदी लेखाकारों की फर्म (यदि किस्त एक करोड से कम हो) द्वारा लेखापरीक्षित लेखाओं के संपरीक्षित विवरण की प्रति के पश्चात् दूसरी और तीसरी किस्तें जारी की जाएंगी। इस विवरण में यह भी प्रमाणित किया जाना चाहिए कि पिछली किस्तों का उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया गया है जिस उद्देश्य के अनुदान लिए राशि स्वीकृित की गई थी। दूसरी और तीसरी किस्तें निर्माण स्थल के फोटो सहित प्रगति रिपोर्ट जैसे अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने के पश्चात् ही जारी की जाएंगी।

5. परियोजना अवधिः—

परियोजना को प्रथम किस्त जारी हो जाने के समय से तीन वर्ष की अवधि के भीतर पूरा हो जाना चाहिए। परियोजना के सम्पन्न होने में यदि कोई विलंब होता है, तो विलंब के लिए पूर्ण औचित्य का वर्णन करते हुए मंत्रालय से समय विस्तार की अनुमति मांगी जा सकती है और इसमें चूक होने पर बाद वाली किश्त जारी नहीं की जाएगी। यदि परियोजना पूरी होने में विलंब हुआ है और विलंब के लिए संग्रहालय द्वारा मंत्रालय से अनुमति नहीं ली गई है, तो संबंधित संग्रहालय को संस्कृति मंत्रालय द्वारा दी गई सम्पूर्ण अनुदान राशि दंडस्वरूप ब्याज (10%) सहित वापस करनी होगी।

6. आवेदन करने और इस घटक के तहत प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करने की प्रक्रिया :—

(i) यह स्कीम वर्ष भर खुली रहेगी। परियोजना प्रस्ताव प्राप्त करने की कोई निर्धारित अंतिम तिथि नहीं होगी। इस घटक के तहत वित्तीय सहायता के लिए निर्धारित फॉर्म I में आवेदन किया जा सकता है। आवेदनों को पहले आओ पहले पाओ आधार पर आगे बढ़ाया व आंका जाएगा।

(ii) निर्धारित आवेदन प्रपत्र—1 एवं उनमें वर्णित अनुबंधों के अलावा, आवेदकों द्वारा उक्त प्रस्ताव प्रत्येक मद के विस्तृत अनुमानों सहित एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। डीपीआर का एक नमूना संस्कृति मंत्रालय की साईट **http://indiaculture.nic.in** पर दिया गया है। आवेदन के साथ प्रस्तुत किए जाने वाली विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, योजना एवं अनुमानों को लोक निर्माण विभाग (या समतुल्य संगठन) द्वारा सत्यापित तथा प्रमाणित किया जाना चाहिए।

(iii) परियोजना प्रस्ताव में संबंधित संग्रहालय की विद्यमान विजिटर प्रोफाइल एवं परियोजना के कार्यान्वयन के पश्चात् ऐसे प्रोफाइलों में दर्शाये गए परिवर्तन भी सम्मिलित होने चाहिए। इन आवेदनों को संस्कृति मंत्रालय द्वारा संयुक्त सचिव की अध्यक्षता के अधीन स्थापित एक विशेषज्ञ समिति द्वारा संवीक्षित किया जाएगा तथा इस समिति की सिफारिश के आधार पर ही अनुदान संस्वीकृत किए जाएंगे। सक्षम प्राधिकारी (माननीय संस्कृति मंत्री) द्वारा एक बार विशेषज्ञ समिति की सिफारिशें स्वीकार कर लिए जाने पर, संबंधित संयुक्त सचिव मंत्रालय के एकीकृत वित्त प्रभाग के परामर्श से समय—समय पर, किस्तों में निधियां जारी करने के लिए सक्षम हो जाएंगे। अंतिम किस्त, संस्कृति मंत्रालय के अधिकारियों की समिति द्वारा वास्तविक निरीक्षण किए जाने के पश्चात ही जारी की जाएगी।

7. परियोजना प्रस्ताव के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की सूचीः—

i प्रत्येक मद के संबंध में विस्तृत अनुमानों और रेखाचित्रों सहित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर)। इस डीपीआर और अनुमानों को इस क्षेत्र की विख्यात एजेन्सी द्वारा तैयार किया जाना चाहिए और अनुमानों को सरकारी/सीपीडब्ल्यूडी/पीडब्ल्यूडी अभियन्ता द्वारा विधिवत प्रमाणीकृत किया जाना चाहिए। परियोजना प्रस्ताव में संग्रहालय के वर्तमान आगंतुक प्रोफाइल तथा परियोजना के कार्यान्वयन के पश्चात् ऐसे प्रोफाइलों में दर्शाए गए परिवर्तन भी सम्मिलित होने चाहिए। संग्रहालय की कलाकृतियों के चित्र और संग्रह डीपीआर/अनुमानों के साथ संलग्न किये जाने चाहिए।

ii निदानात्मक अध्ययन समेत संग्रहालय की स्थिति के संबंध में रिपोर्ट;

iii संग्रहालय का आधुनिकीकरण और विकास किस प्रकार किया जाएगा इसका उल्लेख करते हुए एक कार्यनीति पत्र जिसमें संग्रहालय के दीर्घकालिक प्रबंधन को सुनिश्चित करने की पद्धति को प्रदर्शित करने की योजना भी शामिल होगी;

iv संग्रहालयों के आधुनिकीकरण के लिए उठाए जाने वाले प्रस्तावित प्रत्येक कदम की विस्तृत लागत, क्रम और समय–सीमा को शामिल करते हुए एक कार्य योजना;

v परियोजना प्रस्ताव में वीथियों का नवीकरण/ मरम्मत, विस्तार एवं आधुनिकीकरण, संचित संग्रह का आधुनिकीकरण, प्रकाशन, संरक्षण, प्रयोगशाला /संरक्षण परियोजनाएं, संग्रहालय पुस्तकालय, उपकरण और प्रलेखीकरण, छत पर सौर प्रणाली संस्थापित करने की संभावना आदि के विभिन्न पक्षों का उल्लेख होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, परियोजना रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लिखित किया जाना चाहिए कि समतुल्यक संसाधन किस प्रकार जुटाए जाएंगे और इसमें निर्धारित समय–सीमा को भी दर्शाया जाना चाहिए।

vi गत तीन वर्षों के लिए लेखापरीक्षित लेखा विवरणियों की प्रतियां।

vii नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट/गत तीन वर्षों के लिए अनुमोदित कार्यकलाप रिपोर्ट।

viii परियोजना को वित्तपोषित करने वाले (समतुल्य अंश) के अन्य स्त्रोतों का ब्यौरा और संग्रहालय के लिए भावी निरंतरता योजना।

ix संगठन के नाम पर भूमि के स्वामित्व और आधिपत्य संबंधी दस्तावेज (अभिप्रमाणित अंग्रेजी/हिन्दी पाठ)।

x भूमि के अधिग्रहण के समय इसका मूल्य दर्शाता ब्यौरा।

xi भारत सरकार के अंतर्गत किसी अन्य संस्थान से इसी उद्देश्य के लिए अनुदान प्राप्त न करने संबंधी निर्धारित प्रारूप में नियम 230 (1) जीएफआर 2017 के अनुसार प्रमाण पत्र।

xii नए जीएफआर 2017 के अनुसार अनुलग्नक सहित पिछले अनुदान, यदि कोई हो, का उपयोगिता प्रमाण पत्र।

xiii बैंक में सीधे अनुदान भेजने हेतु प्राधिकार पत्र।

xiv संगठन के संगम ज्ञापन और संगम अनुच्छेदों/सोसाइटी/न्यास जैसा भी मामला हो, के नियमों ओर उपनियमों की प्रति।

xv पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रति।

xvi निर्धारित प्रपत्र में राज्य सरकार की सिफारिश।

xvii संस्कृति मंत्रालय की केन्द्रीय योजना अनुवीक्षण स्कीम के अंतर्गत एजेन्सी का पंजीकरण (निर्धारित प्रपत्र में)।

xviii नीति आयोग के पोर्टल http://ngo.india.gov.in पर **एनजीओ–भागीदारी प्रणाली (एनजीओ–पीएस) पोर्टल (एनजीओ–दर्पण)** की पंजीकरण संख्या की प्रति।

8. टिप्पणी

(i) अनुदान केवल एक बार दिया जाएगा। किसी अतिरिक्त आवश्यकता को आवेदक संस्थान द्वारा पूरा किया जाएगा।

(ii) इस घटक के अंतर्गत अनुदान प्राप्त करने वाला संग्रहालय पिछले अनुदान की अंतिम किस्त के भुगतान से

10 वर्ष बाद परवर्ती अनुदान के लिए पात्र होगा।

(iii) कोई संगठन जिसे इस घटक के अंतर्गत संग्रहालय की स्थापना करने या नवीनीकरण हेतु अनुदान प्रदान किया गया हो वह दूसरे संग्रहालय के लिए अनुदान प्राप्त करने हेतु तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक कि वह कार्य पूरा होने संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत न कर दे और जिस संग्रहालय के लिए अनुदान प्राप्त किया है, उसके संबंध में वास्तविक जाँच पूरी न कर ली गई हो।

(iv) भारत सरकार की वित्तीय प्रतिबद्धता अवसरंचनात्मक सुविधाओं के विकास के लिए वित्तपोषण तक सीमित होगी, न कि संग्रहालय चलाने के लिए।

(v) अनुदान राशि का प्रयोग, किराया, वेतन, बिजली के बिल आदि जैसे आवर्ती खर्चों के भुगतान के लिए नहीं किया जाएगा।

(vi) स्वीकृत अनुदान राशि के अधिकतम 60% राशि का प्रयोग सिविल कार्यों के लिए किया जा सकता है।

(vii) अनुदान राशि का प्रयोग संग्रहालय के लिए भूखंड और कलाकृतियां खरीदने के लिए नहीं किया जाएगा।

(viii) जहां अन्य सरकारी एजेंसियों को छोडकर, एजेंसियों को कार्य सौंपा गया हो, वहाँ कार्यान्वयन एजेन्सी का चयन खुली निविदा/ बोलियां आमंत्रित करते हुए पारदर्शी प्रतिस्पर्धी प्रणाली के माध्यम से किया जाना चाहिए।

(ix) भवन निर्माण में स्थानीय सामग्री, श्रम, विशेषज्ञता को प्राथमिकता दी जाए। जहां तक सम्भव हो, सामुदायिक भागीदारी को भी प्रोत्साहित किया जाए। संग्रहालय भवन के भीतर, संकुल परिसरों और इसके इर्दगिर्द साफ–सफाई एवं स्वच्छता सुनिश्चित की जानी चाहिए। नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा बचाने वाले डिवाइसेस को उच्च वरीयता दी जाए।

(x) आवेदक संस्थान को इस मंत्रालय से प्राप्त अनुदान की मदद से जिस भवन में निर्माण या नवीनीकरण कार्य किया जा रहा हो, उसमें यथासंभव पर्याप्त प्राकृतिक प्रकाश सुनिश्चित करना चाहिए और एलईडी बल्बों और अन्य ऊर्जा बचत प्रावधानों का प्रयोग करना चाहिए।

(xi) भवन में अग्नि सुरक्षा उपायों को यथोचित महत्व दिया जाए तथा भवन के अंदर और संकुल परिसरों में सभी अपेक्षित अग्नि सुरक्षा उपकरण आवश्यक रूप से लगाए जाने चाहिए।

(xii) अंतिम किस्त जारी होने से पूर्व प्रकाशित दस्तावेज की 10 प्रतियां केन्द्र सरकार के पास भेजी जानी चाहिए। इस प्रकार प्रकाशित दस्ताावेज के कवर पृष्ठ पर निम्नलिखित पंक्ति जोड़ी जाए "संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त वित्तीय सहायता से प्रकाशित"।

(xiii) निधियों के दुरूपयोग या उपयोगिता प्रमाण पत्र समय पर प्रस्तुत न किये जाने को गंभीरता से लिया जाएगा। दोषी संस्थान को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा और भविष्य में भारत सरकार से अनुदान प्राप्त करने से वंचित कर दिया जाएगा तथा उसके विरूद्ध कानून के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

(xiv) कार्य पूरा होने के तीन माह के भीतर सरकारी संग्रहालयों के लिए पीडब्ल्यूडी से तथा अन्य) संग्रहालयों के लिए पीडब्ल्यूडी/पंजीकृत वास्तुकार से संपूर्णता–सह–मूल्यांकन प्रमाण पत्र दिया जाना चाहिए।

5.2

संग्रहालय संग्रहण का अंकीकरण

1. पात्रता मानदंड :

स्कीम के अंतर्गत वित्तीय सहायता के प्रयोजन हेतु संग्रहालयों को दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है :

(i) श्रेणी– I : सरकार के स्वामित्व वाले राज्य स्तरीय संग्रहालय

(ii) श्रेणी–II : सभी अन्य संग्रहालय

श्रेणी I

सरकार के स्वामित्व वाले राज्य स्तरीय संग्रहालय

श्रेणी II

भारतीय सोसाइटी अधिनियम, 1860 (XXI) या राज्य सरकारों के सदृश विधान के अंतर्गत सोसाइटी या उस समय प्रभावी किसी कानून के अंतर्गत सार्वजनिक न्यास के रूप में पंजीकृत सोसाइटियां, स्वायत्त निकाय, स्थानीय निकाय, अकादमिक संस्थाएं या न्यास निम्नलिखित के अध्यधीन अनुदान के लिए विचार किए जाने हेतु पात्र होंगे :

(i) आवेदनकर्ता संस्था पंजीकरण के पश्चात्, आवेदन करने से कम से कम 3 वर्ष पहले से मौजूद होनी चाहिए। तथापि, विशेषज्ञ समिति की सिफारिश पर सचिव संस्कृति द्वारा विशेष और पात्र मामलों में छूट दी जा सकती है, जिसके कारण लिखित रूप में दर्ज किए जाएं।

(ii) उस संस्था के पास कार्यकरण हेतु एक पूर्णतः स्पष्ट संविधान और निर्धारित नियम / उप–नियम होने चाहिए।

(iii) ऐसी आवेदनकर्ता संस्थाएं जो ऐतिहासिक और/अथवा सांस्कृतिक महत्व की वस्तुओं के एक बड़े संग्रहण का स्वामित्व और अधिकार रखती हों, जिन्हें संग्रहालय में प्रदर्शित किया गया हो। इस स्कीम के तहत वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करते समय संग्रहालय द्वारा अधिकार में ली गई प्रदर्शित वस्तुओं की प्रकृति और संख्या उस प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से दर्शाई जानी चाहिए।

(iv) वे अपने संतोषजनक कार्य निष्पादन के सत्यापन के संबंध में राज्य सरकार (संस्कृति विभाग या समतुल्य) का एक प्रमाण–पत्र भी उपलब्ध करवाएं।

(v) उक्त संस्था किसी लाभ के लिए न चलाई जा रही हो।

(vi) आवेदनकर्ता संस्थाएं अपने संग्रहणों को जन–सूचना हेतु वेबसाइट पर देखने हेतु साझा करने पर सहमत होनी चाहिए।

2. स्वीकार्य घटक

(i) संस्कृति मंत्रालय और सी–डैक द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर 'जतन' का प्रापण और उपयोग करते हुए संग्रहालय के संग्रहों का अंकीकरण और जिसका देश भर में प्रतिष्ठित संग्रहालयों द्वारा उपयोग किया जा रहा हो।

(ii) डिजीटलीकरण के उद्देश्य के लिए संग्रहालय के कला कृतियों की फोटोग्राफी।

(iii) संग्रहालय वेबसाइट के माध्यम से सार्वजनिक प्रसार के लिए संग्रहालय में उपलब्ध कार्यों के डिजीटल कैटलॉग का सृजन करना।

(iv) संग्रहालय के डिजीटलीकरण कार्यों के लिए सर्वर्स, क्लाइंटस, लैन, स्कैनर्स, कैमरे आदि जैसे हार्डवेयर का प्रापण।

(v) ऑनलाइन संग्रहालय पुस्तकालय का विकास।

(vi) संग्रहालय के लिए संवादमूलक सूचना पटलों का विकास।

(vii) संग्रहालय के लिए क्यूआर कोड का विकास।

3. वित्तीय अनुदान की राशि

(i) निम्नलिखित तरीके से संग्रहालयों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी :

	वित्तीय सहायता की अधिकतम राशि (रु. लाख में)
श्रेणी I	50
श्रेणी II	25

(ii) इस घटक के अंतर्गत दी जा सकने वाली वित्तीय सहायता की अधिकतम राशि कुल परियोजना लागत की 80 प्रतिशत होगी, जो उपर्युक्त पैरा 3(i) में दी गई अधिकतम वित्तीय सीमा के अध्यधीन होगी। सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में संग्रहालयों के मामले में वित्तीय सहायता कुल परियोजना लागत की 90 प्रतिशत होगी, जो उपर्युक्त पैरा 3(i) में दी गई अधिकतम वित्तीय सीमा के अध्यधीन होगी। परियोजना लागत की शेष धनराशि की व्यवस्था आवेदक को स्वयं करनी होगी और आवेदक को इसके लिए एक वचनबंध प्रस्तुत करना होगा।

4. वित्तीय अनुदान जारी करने की प्रक्रिया :

(i) स्कीम के अन्तर्गत यह वित्तीय अनुदान मंत्रालय द्वारा दो बराबर की किस्तों में जारी किया जाएगा। केन्द्र सरकार की 50 प्रतिशत की पहली किस्त इस उद्देश्य के लिए गठित संस्कृति मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति द्वारा परियोजना प्रस्ताव की सिफारिशों पर सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ही मंजूर और जारी की जाएगी।

(ii) वित्तीय अनुदान के शेष 50 प्रतिशत की दूसरी किस्त अनुदान प्राप्तकर्ता संस्थान द्वारा अपनी समतुल्य) हिस्सेदारी के साथ संस्कृति मंत्रालय द्वारा पहली किस्त के अन्तर्गत दिए गए अनुदान के 100 प्रतिशत उपयोग करने के बाद जारी की जाएगी। दूसरी और अंतिम किस्त का जारी होना केन्द्र सरकार द्वारा दिए गए अनुदान की पूर्व किस्त तथा संग्रहालय के समतुल्य हिस्सेदारी के संबंध में सनदी लेखाकार की फर्म द्वारा संपरीक्षित उपयोग प्रमाण–पत्र तथा लेखा विवरण प्राप्त होने पर निर्भर करेगी।

5. स्कीम के अंतर्गत आवेदन करने तथा स्कीम के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों हेतु प्रक्रिया

(i) यह स्कीम वर्ष भर खुली रहेगी और प्रस्तावों को प्रस्तुत करने की कोई निर्धारित अंतिम तिथि नहीं होगी। इस घटक के तहत वित्तीय सहायता के लिए आवेदन निर्धारित प्रपत्र II में किया जा सकता है। आवेदकों को पहले आओ पहले पाओ आधार पर आगे बढ़ाया व मूल्यांकित किया जाएगा।

(ii) इन आवेदनों को संस्कृति मंत्रालय द्वारा अपर सचिव की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा संवीक्षित किया जाएगा तथा इस समिति की सिफारिश के आधार पर ही अनुदान संस्वीकृत किए जाएंगे। सक्षम प्राधिकारी, (सचिव (संस्कृति) द्वारा विशेषज्ञ समिति की सिफारिश स्वीकार कर लिए जाने पर, संबंधित अपर सचिव, मंत्रालय के समेकित वित्त प्रभाग से परामर्श करके, किस्तों में निधियां जारी करने हेतु सक्षम हो जाएंगे। अंतिम किस्त संस्कृति मंत्रालय के अधिकारियों वाली समिति द्वारा वास्तविक निरीक्षण के पश्चात ही जारी की जाएगी।

6. परियोजना प्रस्ताव के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची

i. विहित प्रपत्र में अनुलग्नकों सहित आवेदन पत्र।

ii. पिछले तीन वर्षों की संपरीक्षित लेखा विवरण की प्रतियां।

iii. पिछले तीन वर्षों की अनुमोदित नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट/कार्यकलाप रिपोर्ट

iv. परियोजना के वित्तपोषण के अन्य स्रोतों (समतुल्य हिस्सेदारी) तथा संग्रहालय के लिए भावी धारणीय योजना का ब्यौरा।

v. भारत सरकार के अधीन किसी अन्य संस्थान से किसी प्रयोजन के लिए अनुदान की अप्राप्ति संबंधी विहित प्रपत्र में जीएफआर 2017 के नियम 230 (1) के अनुसार प्रमाणपत्र।

vi. पूर्ववर्ती अनुदान/अनुदानों के संबंध में नए जीएफआर 2017 के अनुसार अनुलग्नकों सहित उपयोग प्रमाणपत्र, यदि कोई हो।

vii. बैंक में सीधे अनुदान भेजने के लिए प्राधिकार पत्र।

viii. संगठन के संगम ज्ञापन और संगम अनुच्छेद/सोसाइटी/न्यास के नियम/उप नियमों की प्रति, जैसा भी मामला हो।

ix. पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति।

x. विहित प्रपत्र में राज्य सरकार की अनुशंसा।

xi. संस्कृति मंत्रालय की केन्द्रीय योजना मॉनीटरिंग स्कीम के अंतर्गत एजेंसी का पंजीकरण (विहित प्रपत्र में)।

xii. नीति आयोग के पोर्टल http://ngo.india.gov.in पर **एनजीओ–भागीदारी पद्धति (एनजीओ–पीएस) पोर्टल (एनजीओ–दर्पण)** पंजीकरण संख्या की प्रति।

7. परियोजना अवधि :

आवेदक संस्थान द्वारा शुरू की गई अंकीकरण परियोजना संस्कृति मंत्रालय द्वारा अनुदान की पहली किस्त के जारी होने की तारीख से 2 वर्षों की अवधि के भीतर पूरी हो जानी चाहिए। यदि परियोजना को पूरा करने में कोई विलंब हो रहा है तो विलंब के कारणों का पूरा औचित्य संबंधी ब्यौरा देते हुए मंत्रालय से समय बढ़ाने की अनुमति मांगी जा सकती है और ऐसा नहीं करने पर बाद वाली किस्ते जारी नहीं की जाएगी। यदि परियोजना के पूरा होने में विलम्ब होता है और इस विलंब के संबंध में संग्रहालय द्वारा मंत्रालय से कोई अनुमति नहीं ली गई है, तो संबंधित संग्रहालय को दण्ड स्वरूप ब्याज (10 प्रतिशत) के साथ मंत्रालय द्वारा इसे प्रदान किए गए अनुदान की समस्त राशि वापस लौटानी होगी।

8. टिप्पणी :

(i) इस स्कीम के अंतर्गत संग्रहालय संग्रहण के अंकीकरण और वेबसाइट के विकास के प्रयोजनार्थ वित्तीय अनुदान 10 वर्ष में केवल एक बार ही दिया जाएगा। बाद के वर्षों में हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर आदि के उन्नयन हेतु उन्नयन संबंधी किसी भावी आवश्यकता को आवेदक संग्रहालय द्वारा अपने स्वयं की निधियों में से पूरा करना होगा।

(i) यह अनुदान पूंजीगत प्रकृति के कार्यों जैसे कम्प्यूटर हॉर्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर और स्कैनर, कैमरों आदि जैसे अन्य उपकरणों के प्रापण तथा वेबसाइट के विकास हेतु दिया जाएगा और इसे व्यय की आवर्ती मदों जैसे कि वेबसाइट प्रदर्शन तथा प्रबंधन शुल्क, इस प्रयोजन के लिए नियुक्त आईटी स्टाफ के वेतन आदि हेतु इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

(iii) वस्तुओं को इलेक्ट्रानिक्स तथा सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की एक वैज्ञानिक सोसाइटी, आधुनिक संगणक विकास केन्द्र, जिसका मुख्यालय पुणे विश्वविद्यालय परिसर, गणेशखंड, पुणे 411007, सी–डैक पुणे में स्थित है, द्वारा संचालित जतन सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए अंकीकृत किया जाएगा। अंकीकरण के पश्चात कलावस्तुओं को वेबसाइट : museumsofindia.gov.in पर अपलोड किया जाएगा।

5.3

संग्रहालय व्यावसायिकों का क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण

संस्कृति मंत्रालय संग्रहालय कार्मिकों के व्यावसायिक विकास को उचित महत्व देता है। भारतीय संग्रहालयों में मानव संसाधनों को स्तरोन्नत करने की आवश्यकता है ताकि उनके उद्देश्यों को वृहत्तर बनाया जा सके, उनके कौशल और नेतृत्व प्रबंधन योग्यताओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों तक स्तरोन्नत किया जा सके। संग्रहालय व्यवसायिकों को उपलब्ध कराए गए सेवाकालीन कौशल विकास और प्रशिक्षण अवसर बेहद सीमित हैं। अतः, सेवाकालीन कार्यक्रमों में क्षमता निर्माण की आवश्यकता महसूस की गई है जिससे हमारे संग्रहालयों में महत्वपूर्ण परिवर्तन आएंगे और उन्हें आगंतुकों के लिए अधिक रोचक, शिक्षाप्रद और लोकप्रिय बनाया जा सकेगा; हमारे समाज के सभी वर्गों के लिए सुगम्य बनाया जा सकेगा और अद्यतन प्रणालियों एवं श्रेष्ठतम प्रचलनों सहित हमारे बहुमूल्य कला संग्रहों को प्रबंधित और परिरक्षित किया जा सकेगा। स्कीम के इस घटक का उद्देश्य संग्रहण प्रबंधन, अभिकल्प, शिक्षा, विपणन जैसे संग्रहालय कार्य के विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता और विशिष्टता का सृजन करना है जिसकी कमी लगभग सभी भारतीय संग्रहालयों में पाई जाती है।

1. कार्य क्षेत्र

इस स्कीम का कार्य क्षेत्र निम्नलिखित की सहायता करना होगा :

I. उन संस्थानों की निधियों से संबंधित आवश्यकता जो निम्नलिखित क्षेत्रों में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रसिद्ध संस्थानों और संग्रहालयों के सहयोग से अपनी निपुणता/कौशल को उन्नत बनाने के लिए गहन क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए अपने पेशेवरों को लगाना चाहते हैं :

i. संग्रहालय प्रबंधन : प्रलेखीकरण, निवारक देखभाल और भण्डारण

ii. संग्रहालय /प्रदर्शनी डिजाइनः प्रदर्शन, लाइटिंग, व्याख्या और पहुंच

iii. संग्रहालय प्रबंधन, विपणन और नेतृत्व प्रशिक्षण

iv. संग्रहालय शिक्षा एवं आउटरीच

v. संग्रहालय संग्रहों के बेहतर संरक्षण के लिए संग्रहालय संग्रह/वैज्ञानिक अध्ययन का परिरक्षण और संरक्षण

II. संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रतिष्ठित विदेशी संस्थानों/संग्रहालयों के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों के अंतर्गत प्रशिक्षण के लिए संग्रहालय व्यावसायिकों के प्रशिक्षण हेतु निधियों की आवश्यकता को पूरा करना।

2. कार्य क्षेत्र के उप घटक (i) के अंतर्गत वित्तीय सहायता हेतु पात्रता मानदंड

I. श्रेणी I

केन्द्रीय और राज्य सरकारों के अंतर्गत सभी संग्रहालय।

II. श्रेणी II

केन्द्र और राज्य सरकारों के तहत संग्रहालय, भारतीय सोसाइटी अधिनियम, 1860 या सदृश कानून के तहत सोसाइटियों, स्वैच्छिक संस्थानों अथवा न्यास के रूप में पंजीकृत संग्रहालय या ऐसे ही संस्थान इस स्कीम के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे, बशर्ते कि :

i) आवेदक संस्थान आवेदन करने से पहले पंजीकरण के पश्चात कम से कम 3 (तीन) वर्ष पूर्व से अस्तित्व में

होना चाहिए। तथापि, असाधारण और पात्र मामलों में सचिव (संस्कृति) के निर्णय से इस शर्त में छूट दी जा सकती है, और जिसके कारणों को लिखित में रिकॉर्ड किया जाए।

ii) इसके पास इसके कार्यकरण के लिए एक स्पष्ट संविधान और नियमावली / उपनियम होने चाहिए।

iii) इसके पास संग्रहालय में प्रदर्शन हेतु ऐतिहासिक / सांस्कृतिक / वैज्ञानिक महत्व की वस्तुओं के वास्तविक संग्रह का स्वामित्व और अधिकार होना चाहिए जो हर समय जनप्रदर्शन के लिए उपलब्ध हो। संग्रहालय द्वारा कब्जे वाली और प्रदर्शित वस्तुओं की प्रकृति और संख्या को इस स्कीम के तहत वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करते वक्त प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से दर्शाया गया होना चाहिए।

iv) संग्रहालय जन सेवा के लिए और गैर–लाभार्थी होना चाहिए।

3. स्वीकार्य घटक

I. सेवाकालीन संग्रहालय पेशेवरों को प्रख्यात अन्तरराष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से अच्छे से संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रमों/इंटर्नशिप/अध्येतावृत्तिओं/कार्यशालाओं में उनकी भागीदारी के लिए सहायता (कार्य क्षेत्र का उप घटक (i))। अनुदान में निम्नलिखित व्यय शामिल होंगे :

i. मेज़बान संस्थान का प्रशिक्षण शुल्क

ii. प्रशिक्षण के उद्देश्य से विदेश और घरेलू यात्रा

iii. प्रशिक्षण के दौरान निर्वाह लागत (भोजन एवं आवास) के लिए

iv. ऐसे प्रशिक्षण के लिए आवश्यक पुस्तकें अथवा अन्य बौद्धिक सामग्री की खरीद

v. स्टेशनरी और शिक्षण सामग्री की खरीद के लिए लागत

vi. विदेश यात्रा के लिए यात्रा बीमा (जहां विदेश द्वारा आवश्यक हो)

vii. वीजा शुल्क और ऐसी ही अनुमति के लिए लागत

II. सेवारत संग्रहालय व्यावसायिकों/संग्रहालय अनुदान स्कीम के तहत वित्तीय सहायता प्रदान प्राप्त संग्रहालयों के संग्रहालय व्यावसायिकों को संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संग्रहालयों (कार्य क्षेत्र का उप घटक (ii) के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रमों/इनटर्नशिप में उनकी सहभागिता के लिए सहायता देना।

4. वित्तीय अनुदान की राशि

(i) संग्रहालयों को वित्तीय सहायता निम्नानुसार उपलब्ध कराई जाएगी :

	वित्तीय सहायता की अधिकतम राशि (रु. लाख में)
श्रेणी I	30
श्रेणी II	25

(ii) श्रेणी प संग्रहालयों के मामले में, इस घटक के अंतर्गत दी जा सकने वाली वित्तीय सहायता की अधिकतम राशि कुल परियोजना लागत की 80 प्रतिशत होगी, जो उपर्युक्त पैरा 4(i) में दी गई अधिकतम वित्तीय सीमा के अध्यधीन होगी। श्रेणी II संग्रहालयों के मामले में वित्तीय सहायता कुल परियोजना लागत की 70 प्रतिशत होगी, जो उपर्युक्त पैरा 4(i) में दी गई अधिकतम वित्तीय सीमा के अध्यधीन होगी। परियोजना लागत की शेष धनराशि की व्यवस्था संबंधित संग्रहालय को स्वयं करनी होगी और आवेदक को इसके लिए एक वचनबंध प्रस्तुत करना होगा।

(iii) संग्रहालय अनुदान स्कीम के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त संग्रहालयों के सेवारत व्यावसायिकों/ संग्रहालय व्यावसायिकों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संग्रहालयों/संस्थानों के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों के मामले में वित्तीय सहायता अंतरराष्ट्रीय संग्रहालयों के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों की शर्तों और निबंधनों के अनुसार प्रदान की जाएगी।

5. वित्तीय अनुदान को जारी करने की प्रक्रिया :

I. कार्य क्षेत्र के उप घटक (i) के लिए, यह वित्तीय अनुदान मंत्रालय द्वारा दो किस्तों में निम्नानुसार जारी किया जाएगा।

(i) पहली किस्त मंत्रालय के हिस्से का 75 प्रतिशत होगी। यह राशि सक्षम प्राधिकारी का अनुदान प्राप्त करने के बाद ही मंजूर और जारी की जाएगी।

(ii) मंत्रालय के हिस्से के शेष 25 प्रतिशत की दूसरी किस्त तब जारी की जाएगी, जब अनुदान प्राप्तकर्ता संस्थान द्वारा अपनी समतुल्य हिस्सेदारी के साथ संस्कृति मंत्रालय द्वारा पहली किस्त के अन्तर्गत दिए गए अनुदान का 100 प्रतिशत उपयोग कर लिया गया हो (केन्द्रीय/राज्य सरकार पुस्तकालयों के मामले में 20 प्रतिशत और अन्य संग्रहालयों के मामले में 30 प्रतिशत)। दूसरी और अंतिम किस्त का जारी होना केन्द्र सरकार द्वारा दिए गए अनुदान की पूर्व किस्त तथा संग्रहालय के समतुल्य हिस्सेदारी के संबंध में सनदी लेखाकार की फर्म द्वारा संपरीक्षित उपयोग प्रमाण–पत्र तथा लेखा विवरण प्राप्ती होने; तथा अभ्यर्थी द्वारा अपने प्रशिक्षण संबंधी पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर निर्भर करेगी।

II. कार्य क्षेत्र के उप घटक (ii) के लिए जारी निधि का निर्धारण अंतरराष्ट्रीय संग्रहालयों के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन की शर्तों एवं निबंधनों के अनुसार किया जाएगा।

6. स्कीम के तहत आवेदन करने तथा इस घटक के तहत प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करने के लिए प्रक्रिया (कार्य क्षेत्र के उप घटक (i) के अंतर्गत सहायता के मामले में लागू)

स्कीम पूरे वर्ष खुली रहेगी और प्रस्ताव जमा करने की कोई निर्धारित अंतिम तारीख नहीं होगी। संस्कृति मंत्रालय में स्कीम के तहत आवेदनों का पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आगे बढ़ाया और मूल्यांकन किया जाएगा। आवेदनकर्ता संस्थान निर्धारित प्रपत्र iii में उल्लिखित अनुलग्नक में उनके अभ्यर्थी/अभ्यार्थियों के क्षमता निर्माण तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु नामांकन सहित एक कवरिंग लैटर भिजवाएंगे जिसमें प्रशिक्षण हेतु उनकी उपयुक्तता का विवरण दिया गया हो, बशर्ते कि :

i) प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय संस्थान / संग्रहालय जिनके साथ प्रशिक्षण में भागीदारी प्रस्तावित है, संग्रहालय उम्मीदवार की मेजबानी के लिए लिखित में सहमत होना चाहिए अथवा इस अनुदान के लिए आवेदन करने से पहले भागीदारों की मेजबानी की इच्छा को व्यक्त करने वाला आमंत्रण पत्र उपलब्ध कराना चाहिए।

ii) अनुदान की स्वीकृति और जारी करना विदेशी संस्थान / संग्रहालय से प्राप्ति मूल पुष्टि प्रवेश पत्र और प्रशिक्षण के लिए यदि आवश्यक हो, विदेश यात्रा करने के लिए (जो आवेदन करने से छः माह की अवधि के भीतर समाप्त न हो रहा हो) वैध पासपोर्ट जमा करने के अध्यधीन होगा।

III. इस घटक के तहत वित्तीय सहायता के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच एक विशेषज्ञ समिति द्वारा की जाएगी जिसमें अध्यक्ष के रूप में संयुक्त सचिव (संग्रहालय) तथा सदस्यों के रूप में निदेशक/उप सचिव (संग्रहालय) और निदेशक/उप सचिव (वित्त) शामिल होंगे तथा इस समिति की सिफारिशों के आधार पर अनुदान संस्वीकृत किए जाएंगे। सक्षम प्राधिकारी, (सचिव (संस्कृति) द्वारा विशेषज्ञ समिति की सिफारिश स्वीकार कर लिए जाने पर, संबंधित संयुक्त सचिव, मंत्रालय के समेकित वित्त प्रभाग से परामर्श करके किस्तों में समय–समय पर निधियां जारी करने हेतु सक्षम हो जाएंगे।

IV. राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान के प्रतिनिधि सहित संस्कृति मंत्रालय के अधिकारियों वाली दो सदस्यीय समिति संस्थाओं को मंत्रालय द्वारा जारी किए जाने वाले सहायता अनुदान की निगरानी करेगी।

7. परियोजना प्रस्ताव के साथ संलग्न की जाने वाली दस्तावेजों की सूची (कार्य क्षेत्र के उप घटक (i) के अंतर्गत सहायता के मामले में लागू)।

i. संग्रहालय / संस्थान का पंजीकरण प्रमाण पत्र

ii. संस्थान के संगम ज्ञापन की प्रति

iii. सोसाइटी/ न्यास की नियमावली/ उप–विधियों की प्रति

iv. गत तीन वर्षों के सम्प्रीक्षित लेखा–विवरण की प्रतियां

v. गत तीन वर्षों के वार्षिक रिपोर्ट/ कार्यकलाप रिपोर्ट

vi. संपूर्ण बजट अनुमान के साथ प्रस्तावित क्षमता निर्माण/ प्रशिक्षण कार्यक्रम का विवरण

vii. नामित अभ्यर्थी का संपूर्ण जीवन–वृत्त और अभ्यर्थी द्वारा विधिवत सत्यापित उसके पासपोर्ट की प्रति।

viii. प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अभ्यर्थी के प्रशिक्षण से संग्रहालय किस प्रकार लाभान्वित होगा, इस आशय का संस्थान के प्रमुख द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित विवरण।

ix. परियोजना को वित्त पोषित करने संबंधी अन्य स्रोतों के विवरण

x. प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थी की मेजबानी करने के लिए इच्छुक अंतरराष्ट्रीय संस्थान से आशय/ आमंत्रण पत्र या स्वीकृति पत्र।

xi. बैंक में सीधे अनुदान भेजने के लिए प्राधिकार पत्र (संलग्न प्रपत्र में)।

xxii. सामान्य वित्तीय नियमावली (जीएफआर) 2005 के नियम 209 (1) के अनुसार प्रमाण–पत्र (संलग्न प्रपत्र में)

xiii. नीति आयोग के पोर्टल http://ngo-india.gov.in पर एनजीओ–भागीदारी पद्धति (एनजीओ–पीएस) पोर्टल (एनजीओ–दर्पण) पंजीकरण संख्या की प्रति।

7. प्रशिक्षण की अवधि

i. कार्य क्षेत्र के उप घटक (i) के लिए, किसी भी क्षमता निर्माण या प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि न्यूनतम दो सप्ताह से लेकर अधिकतम 2 वर्ष के बीच हो सकती है।

ii. कार्य क्षेत्र के उप घटक (ii) के लिए, किसी भी क्षमता निर्माण या प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि अंतरराष्ट्रीय संग्रहालयों के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन की शर्तों और निबंधन के अधीन होगी।

8. टिप्पण

I. आवेदक संस्थानों द्वारा नामित अभ्यर्थियों को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी चाहिए :–

i) अभ्यर्थी भारतीय नागरिक होना चाहिए।

ii) अभ्यर्थी किसी भी विषय में कम से कम स्नातक होना चाहिए।

iii) संस्थान द्वारा प्रशिक्षण पर भेजने के लिए प्रस्तावित अभ्यर्थी / अभ्यर्थियों को संग्रहालय में / के लिए कार्य

करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए और इसके साक्ष्य स्वरुप संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने चाहिए, तब भी यदि उसने आवेदक संस्थान के साथ 3 वर्ष तक कार्य न किया हो।

iv) वे व्यक्ति जो संग्रहालय/संस्थान के साथ कार्य नहीं करते हैं और केवल स्वतंत्र रूप से कार्य करते हैं, उन्हें इस अनुदान के माध्यम से कोई सहायता नहीं दी जाएगी।

v) उपरोक्त (i) में पात्रता मानदंड के अनुसार न्यासों /सोसाइटियों के रूप में पंजीकृत गैर–सरकारी संग्रहालयों के अभ्यर्थियों के मामलों में, संग्रहालय को निम्नलिखित तरीके से इस स्कीम के तहत मंत्रालय से प्राप्त सहायता को स्वीकार करना चाहिए :–

क. संग्रहालय के प्रवेश द्वार के महत्वपूर्ण स्थान पर संस्कृति मंत्रालय का लोगो और नाम प्रदर्शित होना चाहिए और इसे मंत्रालय के आभार स्वरूप अनुदान जारी होने की तारीख से तीन वर्षों की अवधि तक उसी स्थान पर प्रदर्शित रखा जाए।

ख. संग्रहालय/अभ्यर्थी द्वारा तैयार किए गए प्रशिक्षण की अंतिम रिपोर्ट में मंत्रालय की सहायता के लिए आभार व्यक्त किया जाना चाहिए।

ग. अंतरराष्ट्रीय संस्थान/संग्रहालय जिन्हें सहयोग दिया जा रहा है उन्हें अभ्यर्थी की मदद करने के लिए संस्कृति मंत्रालय के योगदान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए एक पत्र उपलब्ध कराना चाहिए।

II. इस स्कीम के तहत अन्तराष्ट्रीय सम्मेलनों या सेमिनारों में भागीदारी के लिए सहायता प्रदान नहीं की जाएगी।

III. संग्रहालय पेशेवरों के क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के उद्देश्य से वित्तीय अनुदान संग्रहालय को 3 वर्ष में एक बार दिया जाएगा।

6

विज्ञान की संस्कृति के संवर्धन की स्कीम (एसपीओसीईएस)

1. प्रारंभ

देश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एसएण्डसटी) के क्षेत्र में कैरियर बनाने के उद्देश्य से युवा विद्यार्थियों की रूचि के स्तर में लगातार गिरावट को देखते हुए, प्रायोगिक और आकर्षक गतिविधियों के लिए अतिरिक्त ढांचा तैयार करने हेतु स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी एवं गणित) शिक्षा को, विशेषकर शिक्षा के अनौपचारिक पद्धति को सबल बनाने की अत्यधिक आवश्यकता है। समाज में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति समुचित जागरूकता लाने की भी आवश्यकता है।

भारत सरकार की सतत वैज्ञानिक नीतियों में जनता, विशेषकर युवा वर्ग के बीच विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की लोकप्रियता एवं जागरूकता तथा गतिविधि आधारित अध्ययन के लिए अवसंरचना के सृजन पर बल दिया गया है। समाज के दीर्घकालिक विकास और सुविचारित निर्णय निर्माण हेतु विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं सामयिक वैश्विक विषयों के संबंध में लोगों के ज्ञान की सीमा को विस्तारित करने की भी आवश्यकता है। चूंकि, भारत को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था युग में प्रगति करनी है, तो राष्ट्र को भागीदारी, सृजनात्मकता और नवीनीकरण हेतु सुविधाओं के सृजन के माध्यम से एक अभिनव समाज विकसित करना होगा।

इसके अतिरिक्त, भारत में वर्ष 2020 तक युवाओं की जनसंख्या लगभग 60–65% तक हो जाएगी और भविष्य इनकी अपनी सृजन संभाव्यता को उपयोग में लाने की योग्यता पर टिका है। खाद्य, जल, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच, शिक्षा एवं वहन करने योग्य आवास संबंधी समस्याओं को हल करने के लिए और पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा स्रोतों को खोजने के लिए युवाओं को समर्थ बनाने के उद्देश्य से उनके बीच नवप्रवर्तन और समस्या हल करने के कौशल की संस्कृति विकसित करने की बढ़ती आवश्यकता है। समाज के बड़े वर्ग को लाभान्वित करने वाले ये महत्वपूर्ण उपाय ही देश में बढ़ती असमानता को समाप्त करने के लिए कारगर होंगे। एक नवाचार समाज के सृजन के लिए सुदृढ़ नूतन पारिस्थितिकी तंत्र अति महत्वपूर्ण है जिससे नूतन विचार उत्पन्न होते हैं तथा यह इन विचारों के सफल उपयोग हेतु मंच भी प्रदान करता है।

देश के विभिन्न भागों में विज्ञान शहरों /विज्ञान केन्द्रों और नवप्रवर्तन केन्द्रों का विकास संस्कृति मंत्रालय की गतिविधियों का महत्वपूर्ण क्षेत्र है। राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) संस्कृति मंत्रालय के एक स्वायत्त संगठन के रूप में विज्ञान शहरों /विज्ञान केन्द्रों और नवप्रवर्तन केन्द्रों को स्थापित करने वाली कार्यान्वयन एजेन्सी है।

2. प्रस्तावना

विज्ञान शहर

विज्ञान शहर किसी स्थान का लोकप्रिय पर्यटन आकर्षण होता है। यह जांच पड़ताल की भावना को मस्तिष्क में बैठाने, सृजनात्मक कौशल प्रोत्साहित करने और पूरे समाज में वैज्ञानिक मनोवृत्ति सृजित करने के लिए प्रयोग आधारित आकर्षक अध्ययन परिवेश प्रदान करता है। इसकी विशेषता संचार की द्विस्तरीय प्रणाली – प्रदर्शनियां एवं गतिविधियां हैं। जबकि आंतरिक और बाह्य, दोनों प्रदर्शनियां अधिकतर संवादमूलक होती है, प्रस्तुतीकरण और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी सहभागिता प्रधान हैं तथा बच्चों एवं वयस्कों को आमोद–प्रमोद एवं आनंद के साथ विज्ञान के मूल तत्व सीखने में मदद करते हैं।

यह प्रमुखतः विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा मनोरंजनयुक्त शिक्षा के अग्रणी क्षेत्रों में केन्द्रित होगा और वित्तीय रूप से स्वयं वहनीय होगा। इसकी अवधारणा इस तरह से होगी कि यह विद्यार्थियों, परिवारों, पर्यटक और आम जनता के लिए आकर्षक और लाभप्रद हो। इसके प्रस्तुतीकरण में अत्याधुनिक कला संचार साधनों और प्रौद्योगिकी का प्रयोग किया जाएगा।

विज्ञान केन्द्र :

विज्ञान केन्द्र प्रायोगिक पद्धति अपनाकर आकर्षक व्यावहारिक विज्ञान की संभाव्यता प्रदान करता है जिसके लिए यह आगन्तुकों को कई प्रायोगिक विकल्प देता है जिसके माध्यम से वे स्वयं वैज्ञानिक अवधारणा का पता लगा सकते हैं। शिक्षा की ऐसी पद्धति हमारे देश में अभी तक औपचारिक विज्ञान शिक्षा की पूर्ति करने में बहुत प्रभावी साबित हुई है।

नवाचार केन्द्र :

नवाचार केन्द्र वर्तमान विज्ञान शहरों / विज्ञान केन्द्र, विज्ञान संग्रहालयों और अनौपचारिक शैक्षिक संस्थानों जो सृजनात्मकता को बढ़ावा देते हैं तथा नवाचार को प्रेरणा देते हैं, में सह–स्थापित किये जाएंगे। ऐसी सह–स्थापना से न केवल इन केन्द्र के अधिक प्रभावी उपयोग को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह समस्या निदान के प्रोत्साहन और परियोजना आधारित शिक्षा तथा व्यावहारिक /प्रायोगिक शिक्षा एवं विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार की प्रक्रिया में व्यावसायिक उपयोग और भूमिका को पुनः परिभाषित करेगी। ये केन्द्र नए विचारों और नवाचार के लिए आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करेंगे और इस तरह समाज एवं अर्थव्यवस्था को भावी चुनौतियों का सामना करने और बढ़ती जनसंख्या की उभरती आकांक्षाओं को पूरा करने में सहायता करते हैं।

3. उद्देश्य

विज्ञान शहर/विज्ञान केन्द्र के मुख्यतः निम्नलिखित उद्देश्य होंगे :–

- लोगों के बीच वैज्ञानिक दृष्टिकोण और प्रकृति का विकास करने और उनमें सामान्य जागरूकता का सृजन करने, बढ़ाने और कायम रखने की दृष्टि से विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास तथा उद्योग और मानव कल्याण में उनके अनुप्रयोग को दर्शाना।
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की प्रक्रिया में जनजागरूकता सृजित करना एवं जनता की समझ, सराहना में वृद्धि करना तथा लोगों को शामिल करना।
- प्रदर्शनियों, सेमिनार, लोकप्रिय व्याख्यान, विज्ञान कैंप और अन्य विविध कार्यक्रमों के आयोजन द्वारा क्षेत्र की आम जनता और छात्रों के लाभ के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाना।
- स्कूल और कॉलेजों में दी जा रही विज्ञान शिक्षा में वृद्धि करना और छात्रों के बीच वैज्ञानिक अन्वेषण की मनोवृत्ति और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूल के बाहर विविध शैक्षिक क्रियाकलापों का आयोजन करना।
- विज्ञान शिक्षा और विज्ञान को लोकप्रिय बनाने हेतु विज्ञान संग्रहालय प्रदर्शों, प्रदर्शन उपकरणों और वैज्ञानिक अध्यापन सामग्री को डिजाइन करना, विकसित और विरचित करना।
- विज्ञान, प्रौद्योगिकी और उद्योग के विशेष विषयों पर विज्ञान शिक्षकों/छात्रों, युवा उद्यमियों/तकनीशियनों/दिव्यांगों/गृहिणियों और अन्य के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना।

नवाचार केन्द्र के प्रमुखतः निम्नलिखित उद्देश्य होंगे :

- युवा बच्चों द्वारा नवाचारों के प्रेरणा प्रदान करने के लिए मौजूदा विज्ञान शहरों / केंद्रों / संस्थाओं की गतिविधियों को समर्थ एवं मजबूत करना ;
- देश के विभिन्न भागों विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक नवाचार केन्द्र के सृजन को उत्प्रेरित करना;
- युवा बच्चों के सृजनात्मक एवं नवाचार विचारों को पोषित करने के लिए यथापुयुक्त वातावरण प्रदान करना।

4. श्रेणियां :

संस्कृति मंत्रालय निम्न प्रकार के विज्ञान शहरों / विज्ञान केन्द्र / नवाचार केन्द्रों को स्थापित करने के लिए स्कीम के संशोधित मानदंड निर्धारित करता है। स्कीम में संतोषजनक कार्य–निष्पादन वाले मौजूदा विज्ञान शहरों / विज्ञान केन्द्रों के आधुनिकीकरण / उन्नयन के लिए प्रावधान भी शामिल हैं :

I. विज्ञान शहर

II. विज्ञान केन्द्र

- **विज्ञान केन्द्र (श्रेणी– I)**
- **विज्ञान केन्द्र (श्रेणी– II)**
- **विज्ञान केन्द्र (श्रेणी– III)**

III. नवाचार केन्द्र

IV. वर्तमान विज्ञान शहरों / विज्ञान केन्द्रों / नवाचार केन्द्रों का आधुनिकीकरण / उन्नयन

(कृपया ब्यौरे के लिए अनुलग्नक क, ख, ग और ङ देखे)

5. मूल मानदंड

i. जनसंख्या :

क्र.सं.	**श्रेणी**	**स्थान**
1	विज्ञान शहर	मुख्यतः उन स्थानों पर स्थित होने चाहिए जहां कोई प्रमुख विज्ञान केन्द्र स्थित न हो। तथापि, ऐसे स्थान जहां विज्ञान केन्द्र में आगंतुकों की संख्या पर्याप्त है, उस विज्ञान केन्द्र का एक विज्ञान शहर के रूप में उन्नयन किया जा सकता है या एक अलग विज्ञान शहर राज्य की राजधानी या राज्य के सबसे बड़े शहर में स्थापित किया जा सकता है बशर्ते कि विज्ञान शहर व्यवहार्य और वित्तीय रूप से स्व–निर्भर हो।
2	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी–I)	15 लाख या इससे अधिक जनसंख्या वाले शहर / नगर में स्थापित किये जाएं।
3	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी–II)	5 और 15 लाख की जनसंख्या वाले शहर / नगर में स्थापित किये जाएं।
4	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी–III)	**5 लाख से कम** जनसंख्या वाले शहर / नगर / स्थान में स्थापित किये जाएं।
5	नवाचार केन्द्र	मुख्यतः उन वर्तमान विज्ञान शहरों / विज्ञान केन्द्रों, विज्ञान संग्रहालयों, अनौपचारिक शिक्षा संस्थानों जो सृजनात्मकता को बढावा देते हैं और नवाचार को प्रेरणा देते हैं, में सह–स्थापित किये जाएं।

ii. भूमि :

क्र.सं.	श्रेणी	अपेक्षित क्षेत्र	टिप्पणियां
1	विज्ञान शहर	कम से कम 25 एकड़; तथापि, प्रदर्शनियां, सुविधाएं विशेषकर जिनमें खुली जगह तथा भावी विस्तार की आवश्यकता है, उनके लिए 30 एकड़ बेहतर होगा।	मुख्यतः बीच में स्थित हो, सुगम पहुंच हो, पूर्णतः विकसित हो, जिसमें जल भराव क्षेत्र न हो तथा यथोचित सही आकार का हो, बिना किसी बाधा के सुरक्षित (चार दिवारी सहित) हो।
2.	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी– I)	न्यूनतम 7 एकड़	– यथोपरि –
3.	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी– II)	न्यूनतम 5.0 एकड़ पूर्वोत्तर, पर्वतीय क्षेत्र और द्वीपीय क्षेत्र के लिए 2.5 से 3.0 एकड़ स्वीकार्य होगा बशर्ते कि भूमि काफी निकट और पहुंच सुगम हो।	– यथोपरि –
4.	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी–III)	न्यूनतम – 2.0 एकड़	– यथोपरि –
5.	नवाचार केन्द्र	न्यूनतम 1.0 एकड़	मुख्यतः उन वर्तमान विज्ञान शहरों /विज्ञान केन्द्रों, विज्ञान संग्रहालयों, अनौपचारिक शिक्षा संस्थानों जो सृजनात्मकता को बढ़ावा देते हैं और नवाचार को प्रेरणा देते हैं, में सह–स्थापित किये जाएं।

III. परियोजना लागत :

क) विज्ञान शहर

(करोड़ रूपये में)

स्थान	पूंजीगत लागत	समूह निधि	कुल परियोजना लागत
सभी स्थान (पूर्वोत्तर क्षेत्र जिसमें सिक्किम, पर्वतीय क्षेत्र और द्विपीय क्षेत्र सम्मिलित हैं, को छोड़कर)	147.00	44.00	191.00
सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र	177.00	53.00	230.00
सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के स्थान को छोड़कर पर्वतीय क्षेत्र और द्वीपीय क्षेत्र	177.00	53.00	230.00

ख) विज्ञान केन्द्र (श्रेणी–I)

(करोड़ रूपये में)

स्थान	पूंजीगत लागत	समूह निधि	कुल परियोजना लागत
सभी स्थान (पूर्वोत्तर क्षेत्र जिसमें सिक्किम, पर्वतीय क्षेत्र और द्विपीय क्षेत्र सम्मिलित हैं, को छोड़कर)	23.00	7.00	30.00
सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र	27.60	8.40	36.00
सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के स्थान को छोड़कर पर्वतीय क्षेत्र और द्वीपीय क्षेत्र	27.60	8.40	36.00

ग) विज्ञान केन्द्र (श्रेणी– II)

(करोड़ रूपये में)

स्थान	पूंजीगत लागत	समूह निधि	कुल परियोजना लागत
सभी स्थान (पूर्वोत्तर क्षेत्र जिसमें सिक्किम, पर्वतीय क्षेत्र और द्वीपीय क्षेत्र सम्मिलित हैं, को छोड़कर)	11.70	3.50	15.20
सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र	14.00	4.20	18.20
सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के स्थान को छोड़कर पर्वतीय क्षेत्र और द्वीपीय क्षेत्र	14.00	4.20	18.20

(घ) विज्ञान केन्द्र (श्रेणी–III)

(करोड़ रूपये में)

स्थान	पूंजीगत लागत	समूह निधि	कुल परियोजना लागत
सभी स्थान (पूर्वोत्तर क्षेत्र जिसमें सिक्किम, पर्वतीय क्षेत्र और द्विपीय क्षेत्र सम्मिलित हैं, को छोड़कर)	2.70	0.80	3.50
सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र	3.25	1.00	4.25
सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के स्थान को छोड़कर पर्वतीय क्षेत्र और द्वीपीय क्षेत्र	3.25	1.00	4.25

ड.) नवाचार केन्द्र

(करोड़ रूपये में)

स्थान	पूंजीगत लागत	3 वर्ष के लिए आवर्ती लागत (0.20 की दर से)	कुल परियोजना लागत
सभी स्थान	1.80*	0.60	2.40

* केवल नए नवाचार केन्द्रों के लिए। संस्कृति मंत्रालय द्वारा पहले से अनुमोदित नवाचार केन्द्र वर्तमान वित्त पोषण पद्धति के साथ जारी रहेंगे।

iv. वित्तपोषण पद्धति

विज्ञान शहरों, विज्ञान केन्द्रों और नवाचार केन्द्रों की वित्त पोषण पद्धति परिवर्ती रहेगी। निधियां नीचे चर्चा की गई तीनों श्रेणियों के अनुसार प्रदान की जाएंगीः–

टाइप 'क' : संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार से पूर्णतः वित्तपोषण

विज्ञान शहर टाइप 'क' के अंतर्गत स्थापित न किये जाएं। विज्ञान केन्द्र ऐसे स्थानों / क्षेत्रों में स्थापित किये जाएं जहां विज्ञान केन्द्र की गतिविधियां अभी आरंभ नहीं हुई हों या प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एनसीएसएम के माध्यम से इन केन्द्रों को **पूर्ण वित्तपोषण** करने पर विचार कर सकती है। किसी भी मामले में, स्कीम के अंतर्गत भविष्य में किसी राज्य /संघशासित क्षेत्र में एक से अधिक विज्ञान केन्द्र स्थापित नहीं किया जाएगा। जिन राज्यों /संघशासित क्षेत्रों में जहां एनसीएसएम केन्द्र पहले से मौजूद हों, वहां यह प्रावधान लागू नहीं होगा।

टाइप 'ख' : भारत सरकार और राज्य सरकारों/संघशासित क्षेत्रों के बीच वित्तपोषण का सहभाजन।

विज्ञान शहर के लिए पूंजीगत लागत 60:40 के आधार पर तथा सिक्किम सहित पूर्वोत्तर भाग जिसके लिए विज्ञान शहर और विज्ञान केन्द्र (श्रेणी– I,II, III) के लिए 90:10 के आधार पर बांटा जाएगा, को छोड़कर विज्ञान केन्द्र (श्रेणी I, II, III) के लिए 50:50 आधार पर बांटा जाएगा। यदि समूह निधि को भारत सरकार द्वारा बांटा जाता है, तो किसी भी मामले में कुल समूह निधि 20% से अधिक नहीं होगी तथा शेष 80% राज्य सरकारों /संघशासित क्षेत्रों द्वारा वहन किया जाएगा।

भारत सरकार और राज्य सरकारों /संघशासित क्षेत्रों के बीच निधियों का सहभाजन (टाइप 'ख' के अंतर्गत वित्त पोषण)

क्र.सं.	ब्यौरे	स्थान	पूंजीगत लागत का अंश (भारत सरकार : राज्य सरकार / संघ शासित क्षेत्र)	समूह निधि का अंश (भारत सरकारः राज्य सरकार/ संघशासित क्षेत्र)
1.	विज्ञान शहर	सभी स्थान (सिक्किम सहित पूर्वोत्तर को छोड़कर)	60:40	20:80
		सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र	90:10	
2.	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी–I)	सभी स्थान (सिक्किम सहित पूर्वोत्तर को छोड़कर)	50:50	20:80
		सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र	90:10	
3.	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी–II)	सभी स्थान (सिक्किम सहित पूर्वोत्तर को छोड़कर)	50:50	20:80
		सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र	90:10	
4.	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी–III)	सभी स्थान (सिक्किम सहित पूर्वोत्तर को छोड़कर)	50:50	20:80
		सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र	90:10	

5.	नवाचार केन्द्र	सभी स्थान	50:50*	कोई समूह निधि नहीं, लेकिन, पहले 3 वर्षों के लिए आवर्ती अनुदान

* नवाचार केन्द्रों की आवर्ती लागत सहित

टाइप 'ग' : राज्य सरकार / संघशासित क्षेत्रों से पूर्ण वित्तपोषण

राज्य सरकारें / संघशासित क्षेत्र इस टाइप के अंतर्गत विज्ञान शहर / विज्ञान केन्द्र परियोजना का पूर्णतः वित्तपोषण करेंगे तथा परामर्शी शुल्कों के भुगतान के बदले एनसीएसएम की तकनीकी सहायता से विज्ञान शहर /विज्ञान केन्द्र स्थापित करेंगे।

6. आवर्ती व्ययः

विज्ञान शहर / विज्ञान केन्द्र :

विज्ञान शहरों एवं विज्ञान केन्द्रों का आवर्ती व्यय, ऐसे मामले जहां, भारत सरकार परियोजना का पूर्ण वित्तपोषण करने का निर्णय लेती है और इसका प्रबंधन अपनी एनसीएसएम जैसी व्यावसायिक एजेंसी के माध्यम से करती है, को छोड़कर राज्य / संघ शासित क्षेत्र की सरकार द्वारा पूर्णतः वहन किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष केन्द्र के रख–रखाव और वर्ष भर गतिविधियों के आयोजन के लिए वार्षिक आवर्ती व्यय हेतु प्रावधान राज्य / संघशासित क्षेत्र सरकार द्वारा किया जाएगा।

विज्ञान शहर एवं विज्ञान केन्द्रों के परिचालन संबंधी घाटे के वित्तपोषण को पूरा करने के लिए समूह निधि का सृजन किया जाएगा। किसी भी मामले में समूह निधि की मूलराशि किसी अन्य गतिविधि के लिए उपयोग में नहीं लाई जाएगी। उद्घाटन के पश्चात परिचालन घाटे को पूरा करने के लिए ब्याज के अधिकतम 85% का उपयोग किया जा सकता है और कम से कम 15% वर्ष दर वर्ष आधार पर मुद्रास्फीति की पूर्ति करने के उद्देश्य से समूह निधि में वापस जमा किया जाएगा। समूह निधि की आवश्यकता परियोजना लागत के रूप में अनुमानित की जाएगी तथा मानदंडों के अनुसार भारत सरकार और राज्य / संघशासित क्षेत्र की सरकार के बीच हिस्सेदारी की जाएगी।

भारत सरकार की समूह निधि में साझेदारी, ऐसे मामले जहां भारत सरकार परियोजना का पूर्णतः वित्तपोषण करने और इसका प्रबंधन करने का निर्णय लेती है, को छोड़कर किसी भी मामले में कुल समूह निधि के 20% से अधिक नहीं होगी। भारत सरकार और राज्य सरकार / संघशासित क्षेत्र की समूह निधि में हिस्सेदारी की राशि परियोजना के अनुमोदन के पश्चात और कार्य आरंभ होने से पूर्व अग्रिम रूप में जारी की जाएगी।

समूह निधि विज्ञान केन्द्र के उद्घाटन के पश्चात सौंपे जाने पर राज्य सरकार संघशासित क्षेत्र सरकार द्वारा बनाई गई सोसाइटी को अंतरित की जाएगी और यह सोसाइटी के पास ही रहेगी। तथापि, निधि का प्रबंधन सोसाइटी के दो सदस्यों द्वारा किया जाएगा जिनमें से एक सदस्य संस्कृति मंत्रालय / राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेगा।

विज्ञान शहरों / विज्ञान केन्द्रों के लिए अनुमानित आवर्ती लागत अनुलग्न 'क' और 'ख' में क्रमशः संलग्न है।

नवाचार केन्द्र :

नवाचार केन्द्रों के उद्घाटन के पश्चात पहले तीन वर्षों के लिए आवर्ती लागत 20 लाख रुपये प्रति वर्ष प्रति केन्द्र की दर से संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। राज्य सरकारों/ संघशासित क्षेत्रों, संस्थानों को इसके बाद कमी के वित्तपोषण और आवर्ती लागत को वहन करना होगा।

7. परिचालन और प्रबंधन :

विज्ञान शहर :

नये विज्ञान शहरों को स्वतंत्र स्वायत्तशासी निकाय बनाया जाएगा और इनका संचालन और प्रबंधन ऐसी सोसायटियों द्वारा किया जाएगा जिनमें सदस्यों के रूप में विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा विज्ञान संचार पेशेवरों का समुचित प्रतिनिधित्व होगा और इसमें भारत सरकार के प्रशासनिक मंत्रालय से प्रतिनिधि शामिल होंगे। इन सोसायटियों का गठन संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा एनसीएसएम के साथ विचार–विमर्श करके किया जाएगा। यदि परियोजना सोसायटी द्वारा प्रारंभ की जाती है तो परियोजना के कार्यान्वयन के दौरान प्रदर्श विकास तथा कार्मिक प्रशिक्षण के लिए तकनीकी मार्गदर्शन और परामर्श हेतु एनसीएसएम को सामान्य परामर्श शुल्क का भुगतान किया जाएगा। उस स्थिति में, एनसीएसएम से परियोजना की रूप–रेखा और आयोजना से संबंधित जानकारी के लिए परामर्श किया जाएगा। इन सोसायटियों को परियोजना के कार्यान्वयन की शुरूआत से पहले गठित किया जाएगा ताकि ये केन्द्र और राज्य संघ राज्य क्षेत्र सरकारों और निजी/कारपोरेट/उद्योग स्रोतों, दोनों, से वित्तीय अनुदान प्राप्त कर सकें तथा वित्तीय संस्थानों से ऋण ले सकें। प्रबंधन और प्रचालन के लिए कमी का वित्तपोषण, यदि कोई हो, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा प्रदान किया जाएगा।

सभी विज्ञान शहरों को उनके द्वारा स्वयं पर्याप्त धनराशि का सृजन करके तथा पर्याप्त प्रशिक्षित एवं व्यावसायिक स्टाफ को भर्ती करके सबसे बेहतर संभावित तरीके से चलाया जाएगा ताकि वे प्रचालन को बरकरार रख सकें। फिर भी, भविष्य के विकास के लिए पूंजीगत अनुदान को विभिन्न स्रोतों से एकत्र किया जा सकता है। कारपोरेट निवेश का विचार दो रूपों में किया जा सकता है– या तो पूंजीगत सीएसआर अनुदान से या सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से और यदि यह नहीं हो पाता है, तो सुविधाओं और मूलभूत ढांचे के सदुपयोग से लगातार कई वर्षों तक प्राप्त, राजस्व सहायता के माध्यम से किया जा सकता है।

विज्ञान केन्द्र :

वित्तपोषण प्रणाली पर आधारित विज्ञान केन्द्रों (श्रेणी–I, II, III) का परिचालन निम्नलिखित परिचालन पद्धति में से किसी एक पद्धति में किया जा सकता है :–

टाइप 'क' :– प्राथमिकता वाले क्षेत्रों या राज्यों /संघशासित क्षेत्रों जहां विज्ञान केन्द्र की गतिविधि अभी तक आरंभ नहीं की गई है और जिन्हें भारत सरकार से पूर्ण वित्तपोषण के साथ स्थापित किया गया है, का परिचालन एवं रख–रखाव एनसीएसएम के माध्यम से संस्कृति मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।

टाइप 'ख' :– एक से अधिक विज्ञान केन्द्र बनाने के इच्छुक या विज्ञान केन्द्रों की त्वरित विकास चाहने वाले राज्य' सरकार/संघशासित क्षेत्र प्रशासन को प्राथमिकता दी जाएगी बशर्ते कि वे केन्द्र के विकसित किये जाने और राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को सौंपे जाने के पश्चात् केन्द्र की सम्पूर्ण परिचालन लागत वहन करने के लिए सहमत हों। इन केन्द्रों का परिचालन और प्रबंधन संबंधित राज्य सरकार / संघशासित क्षेत्रों के द्वारा किया जाएगा।

टाइप 'ग' :– इस स्कीम के तहत, उन राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी जो विज्ञान केन्द्र परियोजना में पूर्ण रूप से निधियां और भूमि तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के साथ–साथ इसे संचालित तथा प्रबंधित करने के लिए सहमत हों।

राज्य सरकारें/संघशासित क्षेत्र जो एनसीएसएम से प्रदर्शनियों और तकनीकी सहायता के लिए इच्छुक हैं, को इन घटकों के लिए अलग से लागत वहन करनी होगी जिसे एनसीएसएम द्वारा अलग से वसूल किया जाएगा।

उपरोक्त, टाइप 'ख' और 'ग' दोनों स्कीमों के अंतर्गत, विज्ञान केन्द्रों का संचालन एवं प्रबंधन एक सोसायटी द्वारा किया जाएगा, जिसमें एस एंड टी तथा विज्ञान संचार व्यावसायिकों का समुचित प्रतिनिधित्व रहेगा। परियोजना के अनुमोदन

और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा परियोजना की पूंजी लागत और समूह निधि के अपने हिस्से को जारी करने के पश्चात तुरन्त ही सोसाइटी का गठन किया जाना चाहिए। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद का एक प्रतिनिधि सोसाइटी या शासी परिषद का पदेन सदस्य होगा ताकि संस्कृति मंत्रालय और एनसीएसएम से संगठित सम्बन्ध कायम रखा जा सके। यह सोसाइटी यह सुनिश्चित करेगी कि विज्ञान केन्द्र बिना किसी विचलन के अपने उद्देश्यों के अनुरूप कार्य कर रहा है।

8. कार्यान्वयन रूपरेखा

क. निर्माण कार्य

विज्ञान शहर :–

एनसीएसएम द्वारा परियोजना का दायित्व साधारणतः इस आधार पर लिया जाएगा कि परियोजना को पूर्णतः तैयार किया जाए। परियोजना के लिए निधियां एनसीएसएम द्वारा केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों / संघ शासित क्षेत्र, दोनों से प्राप्त की जाएंगी। एनसीएसएम विज्ञान शहर स्थापित करेगी और राज्य सरकार/ सोसाइटी को परिचालन एवं प्रबंधन के लिए सौंप देगी। विज्ञान शहर परियोजना के कार्यान्वयन हेतु एनसीएसएम और राज्य सरकार / संघ शासित क्षेत्र के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जाएंगे।

एक नई विज्ञान शहर परियोजना को राज्य /संघशासित क्षेत्र द्वारा स्वयं कार्यान्वित किये जाने के मामले में भारत सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए संबंधित राज्य सरकार /संघशसित क्षेत्र सरकारों द्वारा उक्त उद्देश्य के लिए एक सोसाइटी बनाई जानी चाहिए। परियोजना को संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार में सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु एनसीएसएम द्वारा जांचा जाएगा एवं प्रक्रियाबद्ध किया जाएगा। ऐसी स्थिति में, भारत सरकार द्वारा निधियां संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संस्कृति मंत्रालय, एनसीएसएम, क्षेत्र के विशेषज्ञों और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों वाली गठित परियोजना कार्यान्वयन समिति की सिफारिश पर सोसाइटी को दी जाएगी।

विज्ञान केन्द्र

- टाइप 'क' और टाइप 'ख' के अंतर्गत स्थापित किये जा रहे विज्ञान केन्द्र :

  एनसीएसएम द्वारा विज्ञान केन्द्र का कार्य आद्योपांत आधार पर (विज्ञान केन्द का निर्माण और इसे शुरू करने सहित) पूरा किया जाएगा और इसके पूर्ण होने पर वह इसको राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र को सौंप देगी। राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्र सरकार से उनका शेयर या वित्तपोषण प्राप्त होने के बाद ही एनसीएसएम निर्माण का कार्य प्रारंभ करेगी।

- टाइप 'ग' के अंतर्गत स्थापित किये जा रहे विज्ञान केन्द्र :

  राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र द्वारा एनसीएसएम से प्राप्त सूचना के अनुसार विज्ञान केन्द्र के भवन निर्माण का कार्य और एनसीएसएम की सलाह के अनुसार विज्ञान पार्क आदि के विकास का कार्य किया जाएगा। एनसीएसएम द्वारा परियोजना के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार को लागत एवं परामर्शी शुल्क। पर तकनीकी, व्यावसायिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

नवाचार केन्द्र :

राज्य सरकार / संघशासित क्षेत्र एनसीएसएम से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवाचार केन्द्र के लिए भवन / जगह बनाने का निर्माण कार्य करेंगे। एनसीएसएम परियोजना के लिए राज्य / संघशासित क्षेत्र की सरकार से लागत और परामर्शी शुल्क पर तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान करेगा।

(ख) स्टाफ की भर्ती

राज्य सरकार / संघशासित क्षेत्र की सरकार द्वारा इस तरह बनाई गई पंजीकृत सोसाइटी निधियों के जारी होने के

6 माह के भीतर अपेक्षित मूलभूत स्टाफ की भर्ती पूरी करेगी। एनसीएसएम स्टाफ की भर्ती एवं प्रशिक्षण के लिए ईसी को व्यावसायिक सहायता प्रदान करेगी। प्रशिक्षण की लागत सोसाइटी द्वारा वहन की जाएगी।

एनसीएसएम द्वारा संचालित किये जाने वाले विज्ञान केन्द्रों के लिए स्टाफ की भर्ती एनसीएसएम द्वारा की जाएगी। विज्ञान केन्द्र के लिए अपेक्षित मूलभूत स्टाफ की संख्या मंत्रालय द्वारा स्वीकृत की जाएगी और एनसीएसएम को निधियां वार्षिक रूप से आबंटित की जाएगी।

नवाचार केन्द्रों के लिए, विज्ञान शहर/ विज्ञान केन्द्र / संस्थान वर्तमान स्टाफ से नवाचार केन्द्र के संचालन हेतु पर्याप्त मानव शक्ति की तैनाती करेंगे तथा विद्यार्थियों के मार्गदर्शन करने हेतु अनुभवी परामर्शदाता नियुक्त करेंगे।

9. समय–सारणी :

क्र.सं.	टाइप	निर्माण कार्य हेतु आशय पत्र जारी होने की तारीख से कार्य पूरा होने का समय
1.	विज्ञान शहर	54 माह
2.	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी– I)	33 माह
3.	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी– II)	27 माह
4.	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी– III)	24 माह
5.	नवाचार केन्द्र	18 माह

10. निधियों (पूंजी एवं समूह निधि) का वर्षवार आवंटन / उपयोग :

विज्ञान शहरों / विज्ञान केन्द्रों / नवाचार केन्द्रों के लिए निधियों के वर्षवार आवंटन / उपयोग का ब्यौरा क्रमशः **अनुलग्नक – क, ख** और **ग** में दिया गया है।

11. विषयवस्तु:

विज्ञान शहरों / विज्ञान केन्द्रों / नवाचार केन्द्रों की विषयवस्तु क्रमशः **अनुलग्नक क,ख और ग** के अनुसार होगी।

12. स्टाफ अवसंरचना :

विज्ञान शहर / विज्ञान केन्द्रों की स्टाफ अवसंरचना **अनुलग्नक क एवं ख** के अनुसार होगी।

13. निगरानी

विज्ञान शहर :

स्टाफ की भर्ती, बजटीकरण, विज्ञान शहर के कार्यकलापों की वार्षिक योजना तैयार करने और निष्पादन के लिए निजी स्वायत्त सोसाइटियों के रूप में स्थापित विज्ञान शहरों की निगरानी संबंधित राज्य सरकार/ संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा गठित कार्यकारी परिषद (उच्च स्तरीय समिति) द्वारा की जाएगी और इस समिति में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, एनसीएसएम, संबंधित राज्य सरकार, उनके निजी/कॉरपोरेट भागीदार (यदि कोई हो) से समुचित प्रतिनिधित्व होगा और इसमें शिक्षा, संस्कृति, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, उद्योग, विज्ञान संचार तथा संग्रहालय विज्ञान के क्षेत्रों से कम से कम पांच प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होंगे।

विज्ञान केन्द्र

स्टाफ की भर्ती, बजटीकरण, विज्ञान केन्द्र/शहर के कार्यकलापों की वार्षिक योजना तैयार करने और निष्पादन के लिए टाइप–'ख' और 'ग' के अन्तर्गत निजी स्वायत्त सोसायटियों के रूप में स्थापित विज्ञान केन्द्र की निगरानी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा गठित कार्यकारी परिषद द्वारा की जाएगी, जिसमें संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, एनसीएसएम, संबंधित राज्य सरकार, उनके निजी/कार्पोरेट भागीदार (यदि कोई हो) से समुचित प्रतिनिधित्व होगा और इसमें शिक्षा, संस्कृति, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, उद्योग, विज्ञान संचार तथा संग्रहालय विज्ञान के क्षेत्रों से कम से कम पांच प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होंगे।

नवाचार केन्द्र :

नवाचार केन्द्रों की निगरानी औद्योगिक संघों, शैक्षणिक समुदाय, सिविल सोसाइटी, अनुसंधान संगठनों एवं अन्य के प्रतिनिधियों (कम से कम 5 सदस्य) और एनसीएसएम के प्रतिनिधि को सम्मिलित करके गठित स्थानीय बोर्ड के द्वारा की जाएगी।

14. परिणाम मूल्यांकन सूचक :

स्कीम के अंतर्गत स्थापित विज्ञान शहरों / विज्ञान केन्दों / नवाचार केन्द्रों की निगरानी निम्नलिखित परिणाम मूल्यांकन सूचकों के आधार पर की जाएगी :

विज्ञान केन्द्र/ शहर :

विज्ञान केन्द्रों / शहरों के शुरू होने के पश्चात 5 वर्षों की अवधि में निम्नलिखित लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रयत्न करने चाहिए :–

क. अपने परिचालन की लागत का कम से कम 50 प्रतिशत सृजन करना ;

ख. विज्ञान केन्द्रों में पर्यटकों के आने का वार्षिक लक्ष्य निम्नानुसार प्राप्त करना :–

- I. श्रेणी–I लगभग 2,50,000 (पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए – 2,00,000) ;
- II. श्रेणी–II लगभग 1,50,000 (पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए – 75,000) ;
- III. श्रेणी–III (विज्ञान एवं नवाचार गतिविधि केन्द्र) लगभग, 30,000 ;
- IV. विज्ञान शहर लगभग 10.00 लाख (पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 5.00 लाख)

ग. जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता, प्रकृति संरक्षण, स्थानिक मामले, कौशल विकास आदि से संबंधित गतिविधियों सहित कम से कम 25 आंतरिक एवं बाहरी विज्ञान संचार गतिविधियां वर्ष भर में आयोजित करना।

नवाचार केन्द्र :

आरंभ के पश्चात नवाचार केन्द्रों को निम्नलिखित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रयत्न करने चाहिए :

क. प्रति वर्ष कम से कम 300 सक्रिय नवाचार सदस्यों को सम्मिलित करना ;

ख. विद्यालय / महाविद्यालय के विद्यार्थियों और अध्यापकों द्वारा नवाचार केन्द्रों में वार्षिक दर्शन भ्रमणों की संख्या में वृद्धि करना (लगभग 10,000 प्रतिवर्ष)

ग. सफल नवाचार प्रतिकृतियों के पेटेंट / कापीराइट फाइल करना ;

घ. नजदीक के विद्यालयों में कम से कम 10 नवाचार क्लब स्थापित करना

इसके अतिरिक्त, नवाचार केन्द्रों को निम्न के लिए भी प्रयत्न करना चाहिए :–

- समय–समय पर डिजाइन एवं स्थानीय समस्याओं के संबंध में वैचारिक चुनौतियों पर प्रतियोगिताओं सहित वैचारिक मुकाबले। इससे नवाचार गतिविधियों में निचले स्तर पर युवाओं को शामिल करने और व्यस्त रखने, इससे सृजनात्मकता प्रोत्साहित करने और अभिर्निधारण तथा स्थानीय समस्याओं का विश्लेषण करने में सहायता मिलेगी।
- आईआईटी/ एनआईटी/ विश्वविद्यालयों / अनुसंधान संस्थानों और उद्योग जगत के साथ मजबूत संबंध बनाना ;
- देशभर के विद्यालय / संस्थानों में सफलता की कहानियों और परामर्शदाताओं के प्रशिक्षण के सहभाजन से नवाचार केन्द्र सुविधाओं के लिए विद्यार्थी भागीदारों के प्रदर्शन भ्रमणों के माध्यम से अटल टिंकरिंग लैबस (एटीएल) के सहयोग से एटीएल के साथ सहक्रियता विकसित करना।

15. सरकार से निकासी/राज्य सरकारों/संघशासित क्षेत्रों द्वारा पूरी की गई अपेक्षाएं :

(i) स्कीम के अंतर्गत राज्य सरकार/संघशासित क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत किसी नए प्रस्ताव पर भारत सरकार द्वारा समय – समय पर जारी किये गए चुनौती प्रणाली दिशानिर्देशों और स्कीम में इस उद्देश्य के लिए निर्धारित मानदण्डों / मापदंडों के अनुसार विचार किया जाएगा।

(ii) स्कीम के अंतर्गत विज्ञान शहरों / विज्ञान केन्द्रों / नवाचार केन्द्रों को स्थापित करने हेतु भारत सरकार से अनुमोदन अपेक्षित होता है।

(iii) केन्द्र / राज्य / संघशासित क्षेत्र की सरकार / अन्य निकायों आदि के स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा अपेक्षित सभी अन्य वैधानिक निकासी और अनुमोदन राज्य सरकारों / संघशासित क्षेत्रों द्वारा प्राप्त किये जाएंगे।

(iv) राज्य / संघशासित क्षेत्र की सरकार नियमानुसार मुफ्त भूमि और निधियां प्रदान करने और प्रचलन और विज्ञान शहरों / विज्ञान केन्द्रों / नवाचार केन्द्रों का प्रबंधन के लिए पर्याप्त व्यावसायिक स्टाफ प्रदान करने का वचन देंगे।

(v) यदि, विज्ञान शहरों / विज्ञान केन्द्रों / नवाचार केन्द्रों की परियोजनाओं का दायित्व और कार्यान्वयन एनसीएसएम द्वारा पूरा किया जाता है, तो इनके कार्यान्वयन हेतु एनसीएसएम और राज्य / संघ शासित क्षेत्र की सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जाएंगे।

(vi) कार्यान्वयन करने वाली एजेंसी के लिए विज्ञान शहर / विज्ञान केन्द्र / नवाचार केन्द्र स्थापित करने हेतु डीपीआर में सोलर रूफ टॉप के लिए उपबंध करना बाध्यकारी होगा।

(vii) विज्ञान शहर/ विज्ञान केन्द्र के लिए भूखण्ड का चुनाव एनसीएसएम के परामर्श एवं अनुमोदन से किया जाएगा।

(viii) विज्ञान केन्द्र के लिए निश्चित किए गए भूखण्ड पर किसी भी तरह की बाधा और अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। यह पूर्णतः विकसित और संरक्षित (चारदिवारी सहित) होना चाहिए जिसमें बिजली, पानी, सीवरेज कनेक्शन और संचार सुविधाएं नजदीक उपलब्ध होनी चाहिए। भूखण्ड सुगम पहुंच और परिवहन के लिए सड़क से भली–भांति जुड़ा होना चाहिए।

(ix) महत्वपूर्ण स्टाफ (अनुलग्नक 'क', 'ख' और 'ग' के अनुसार) के अलावा अन्य आवश्यक सेवाएं सोसाइटी / शासी परिषद द्वारा आउटसोर्स की जाएं।

(x) विज्ञान शहर/ विज्ञान केन्द्र भवन प्रमापीय रूप से विकसित किया जाएगा जिसमें भविष्य में स्थानीय आबादी

और केन्द्र में आने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी के आधार पर यथावश्यक विस्तार किया जा सके।

(xi) भवन निर्माण में स्थानीय सामग्री, श्रमिक, विशेषज्ञता को प्राथमिकता / वरीयता दी जाए। साथ ही, जो भी सामुदायिक भागीदारी बने, इसे प्रोत्साहित किया जाए। विज्ञान शहर / विज्ञान केन्द्र / नवाचार केन्द्र भवन, संकुल एवं इसके आस पास साफ–सफाई एवं स्वच्छता सुनिश्चित की जाए। नवीकरण ऊर्जा, ऊर्जा बचत उपकरणों के उपयोग को उच्च वरीयता दी जाए।

(xii) स्कीम के अंतर्गत निर्मित सभी भवनों को स्थानीय रूप से लागू अग्नि सुरक्षा नियमों और राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) को ध्यान में रखकर डिजाइन किया जाना चाहिए।

16. संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदन हेतु पूर्व अपेक्षाएं

विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर): विज्ञान शहर / विज्ञान केन्द्र की इच्छुक राज्य सरकार / संघशासित क्षेत्रों को डीपीआर प्रस्तुत करनी होगी। इस डीपीआर में संभाव्यता रिपोर्ट, उस स्थान पर विज्ञान शहर/ विज्ञान केन्द्र की आवश्यकता हेतु मांग सर्वेक्षण, मुफ्त भूखंड और आवर्ती लागत, आगंतुकों की अनुमानित संख्या, अनुमानित राजस्व सृजन की वचनबद्धता सम्मिलित है जिससे कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्या प्रस्तावित विज्ञान शहर / विज्ञान केन्द्र अर्थक्षम और वित्तीय रूप से आत्मिनिर्भर है।

नवाचार केन्द्र के लिए इच्छुक विज्ञान केन्द्रों /संस्थानों को **अनुलग्नक 'घ'** के संलग्न प्ररूप में डीपीआर प्रस्तुत करनी होगी।

17. मानदण्डों में छूट :

विशेष मामलों / परिस्थितियों में, संस्कृति मंत्री, भारत सरकार के द्वारा निम्नलिखित पात्रता मानदण्डों में छूट दी जा सकती है और / या इनमें संशोधन किया जा सकता है :

(i) जनसंख्या

(ii) भूखण्ड

(iii) वित्त पोषण पद्धति

(iv) ज्ञान अर्जन के लिए सुविधाओं के अमूर्त परिणाम को ध्यान में रखते हुए परियोजना की संभाव्यता और वित्तीय लाभप्रदता।

18. वित्तीय सहायता के लिए कौन पात्र है?

विज्ञान शहर / विज्ञान केन्द्र / नवाचार केन्द्रों के उद्देश्यार्थ राज्य सरकारें / संघशासित क्षेत्र और राज्य/संघशासित क्षेत्र की सरकारों द्वारा स्थापित सोसाइटियां/प्राधिकरण मानदण्डों के अनुसार भारत सरकार से वित्तीय सहायता हेतु पात्र होंगे।

19. प्रस्ताव कैसे प्रस्तुत किए जाएं?

डीपीआर सहित प्रस्तावों को विचारार्थ निम्नलिखित पते पर भेजें :

एम–II प्रभाग, संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार,
शास्त्री भवन,
नई दिल्ली–110001

6.1

विज्ञान शहर

1. अंतर्वस्तु

विज्ञान शहर के प्रदर्शों और कार्यकलापों के प्रस्तुतिकरण में वैज्ञानिक मूल्यों और नवीनता का उचित मिश्रण होगा ताकि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र से आम लोगों को आकर्षित करने में सक्षम हो सके। विज्ञान शहर के प्रदर्शों और कार्यकलापों की संरचना में शिक्षा और मनोरंजन पर मुख्य जोर होगा। यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित कार्यकलापों में आंगतुकों की भागीदारी के लिए व्यापक अवसर प्रदान करेगा। निम्नलिखित प्रमुख क्षेत्रों पर विचार किया जा सकता है :

(क) विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ रूबरू

- विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अग्रणी क्षेत्रों तथा रूचिकर और आनंददायी वस्तुगत प्रस्तुतिकरण, वृहत् आरूप वाली फिल्मों, 3डी प्रस्तुतिकरण, वास्ताविक अनुभवों, अनुरूपकों और अनेक हाइ–टेक प्रणालियों जैसे अनुभव आधारित और आकर्षक प्रदर्शों के माध्यम से समाज पर उनके प्रभाव से परिचित कराने हेतु एक विज्ञान प्रदर्शनी हॉल; वस्तुगत प्रस्तुतिकरण भारतीय प्रयास की विशिष्टा दशांएगे।
- प्रदर्श विषयवस्तु में बहुविषयक होंगे तथा अपनी प्रकृति में यथासंभव दक्ष और बौद्धिक होंगे जिनमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अग्रणी क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नए क्षेत्रों के आविर्भाव के साथ ये विषय समयांतराल में बदल जाते हैं। तथापि, मौजूदा संदर्भ में, नैनो–प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, जैव–प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स और ऑप्टिकल फाइबर, कंप्यूटर्स, पृथ्वी विज्ञान, मानव शरीर, सूचना प्रौद्योगिकी, बायो इन्फोर्मेटिक्स, भारी उद्योग, कृषि, पर्यावरण और वैज्ञानिक अवधारणाओं की नवीनतम मान्यता आदि जैसे विषयों पर विचार किया जा सकता है।
- कारपोरेट निकायों, अनुसंधान और विकास संस्थानों, वैज्ञानिक विभागों आदि को उनके कार्यकलाप के संबंधित क्षेत्रों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की मौजूदा स्थिति और अनुसंधान एवं विकास पहलों को दर्शाने के लिए समर्पित अवसंरचना प्रदान की जाएगी।
- 600–1000 सीटों वाला एक बहुप्रयोज्य ऑडिटोरियम जिसमें विज्ञान शिक्षा कार्यक्रम और विज्ञान फिल्म प्रदर्शन किए जा सकें, शैक्षिक, सांस्कृतिक, औद्योगिक/कारपोरेट कार्यक्रम आयोजित किए जा सकें, (ऑडिटोरियम की क्षमता इस बात को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की गई है कि 10 लाख दर्शक विज्ञान शहर देखने आएंगे)।

अन्य संस्थानों को अपने सम्मेलन, व्याख्यान, बैठक, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किराया प्रभारों का भुगतान कर विज्ञान शहर में करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि बिजली प्रभारों, निगम करों आदि सहित ओडिटोरियम के नियमित रखरखाव और प्रचालन के लिए सभी व्यय पूरे किए जा सकें। यद्यपि, रियायती दरों पर बिजली प्रदान करने तथा गैर–वाणिज्यिक दर पर निगम कर सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों से अनुरोध किया जाएगा, जबकि इन कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए सभी करों और रॉयल्टी का वहन आयोजकों द्वारा किया जाएगा।

(ख) प्रयोग कार्य और पाठ्यक्रम अनुपूरण

- विद्यालयों में विज्ञान शिक्षा को पूरा करने वाले संवादमूलक प्रदर्श यहां विकसित और स्थापित किए जाएंगे

जिनका उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मूल सिद्धांतों की रोचक तथा मनोरंजक तरीके से व्याख्या करना होगा।

- आगंतुकों और विद्यार्थियों के लिए प्रायोगिक कार्यकलाप आधारित प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी जिनका उद्देश्य जन–जागरूकता फैलाना तथा जैव प्रौद्योगिकी, नैनो प्रौद्योगिकी, फोटोनिक्स आदि जैसे अत्याधुनिक विज्ञान और अभियांत्रिकी का समावेश और समझ पैदा करना होगा। ऐसी प्रयोगशालाओं का उद्देश्य विज्ञान केन्द्रों और शैक्षिक संस्थानों को सक्रिय अत्याधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रयोग तथा अनुसंधान से जुड़े अनुसंधान संस्थानों के साथ जोड़ना होगा।

(ग) चारदीवारी से बाहर विज्ञान की शिक्षा

साइंस पार्क का उद्देश्य **''मनोरंजनयुक्त शिक्षा''** अर्थात् मनोरंजन के माध्यम से शिक्षा की सुविधा प्रदान करना है। इसकी रूपरेखा इस प्रकार तैयार की जाएगी कि विज्ञान अनौपचारिक ''प्रायोगिक और बौद्धिक'' दृष्टिकोण से दैनिक जीवन में प्रासंगिक हो सके। संचार का द्विआयामी माध्यम प्रदर्शन और कार्यकलाप इसकी विशेषता होगी। प्रदर्श अधिकांशतः परस्पर संवादमूलक होंगे तथा प्राकृतिक और बिना दबाव वाली परिस्थितियों में खेल–खेल में और आनंदपूर्वक विज्ञान की बुनियादी बातें सीखने में बच्चों और बड़ों की एक साथ सहायता करेंगे। यहां सामाजिक स्तर, शिक्षा या आयु वर्ग पर ध्यान दिए बिना सभी की रुचि के अनुसार कुछ न कुछ होगा जिससे सीखने की संस्कृति कायम होगी। साइंस पार्क व्यवसाय, उद्योग तथा समुदाय को एकजुट करने के लिए एक सेतु का काम करेगा।

(घ) दर्शकों के मनोरंजन की सुविधाएं/सुख सुविधाएंः

इस क्षेत्र में जल निकाय, प्राकृतिक पगडंडी, सड़क रेलगाड़ियां, फव्वारे, आहार केंद्र, उपहार और स्मृति चिह्नों की दुकानें, भोजनालय, विश्राम गृह और ऐसी अन्य सुविधाएं शामिल होंगी जिससे न केवल दर्शकों की आवश्यकता की पूर्ति होगी बल्कि उनको अधिक समय तक वहां रोके रखने में सहायक होगी।

(ङ.) मूलभूत सुविधाएं

विज्ञान शहर में जनता के लिए निम्नलिखित मुख्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगीः–

- 5 से 7 बड़ी संवादमूलक विज्ञान प्रदर्शनियों सहित विज्ञान अन्वेषण हॉल
- डिजिटल डोम थियेटर, 3–डी शो, अनुरूपक तथा अंतरिक्ष विज्ञान प्रदर्शनियों सहित अंतरिक्ष की सैर
- क्रियाकलापों एवं प्रयोगों द्वारा विज्ञान को समझाने के लिए प्रदर्शन क्षेत्र
- बाह्य साइंस पार्क
- विकास पार्क
- ऑडिटोरियम
- कार्यशाला
- कैफेटेरिया, उपहार की दुकान, आगंतुक व्याख्या क्षेत्र सहित जन उपयोगिताएं।
- कार पार्किंग
- टिकट सुविधा, सुरक्षा एवं आगंतुक स्वागत तथा व्याख्या क्षेत्र सहित गेट प्लाज़ा

(च.) नवाचार केन्द्र :

इसका उपयोग छात्रों के लिए नवाचारी प्रयोगों (तोड़–फोड़–जोड़), विषयगत परियोजनाओं और विज्ञान कार्यकलाप शिविरों के लिए किया जाएगा।

2. प्रदर्शनी का क्षेत्रफलः

(क) भवन के अंदर प्रदर्शनियों के लिए भूमि क्षेत्रफल (न्यूनतम)

(क) विज्ञान प्रदर्शन हॉल–	10000 वर्ग मीटर
(ख) खुली प्रयोगशाला और पारस्परिक प्रदर्श हॉल–	2500 वर्ग मीटर
(ग) प्रवेश प्लाज़ा और दर्शकों की सुविधाएं–	1500 वर्ग मीटर
कुल योगः	14,000 वर्गमीटर

(ख) बाह्य प्रदर्शनः

(क) विज्ञान पार्क	20,000 वर्ग मीटर

स्थायी मूलभूत ढांचा विकसित करते समय इस बात का ध्यान रखना होगा कि निर्मित और खुले क्षेत्रफलों का अनुपात 25:75 रहे जिससे कि दर्शकों को किसी एक विशेष स्थान पर ही सीमित होकर न रहना पड़े और वर्ष के विशेष दिनों की भीड़ के समायोजन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सके।

भविष्य में किसी विस्तार के लिए भी प्रावधान किया जाएगा। भूमि के एक भाग को आगतुंक सेवा क्षेत्र की तरह विकसित किया जा सकता है जिसको विज्ञान शहर की परिचालन लागत को पूरा करने के लिए धन एकत्र करने के उद्देश्य से दूसरी एजेंसियों को किराए पर दिया जा सकता है ताकि उसे आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

3. बजट अनुमान

नई विज्ञान शहर परियोजना को क्रियान्वित करने के लिए कुल अनुमानित परियोजना लागत 191 करोड़ रुपए है (पूंजीगत लागत 147 करोड़ रूपए तथा समूह निधि 44 करोड़ रूपए है)। पूर्वोत्तर क्षेत्र, पर्वतीय क्षेत्र और द्वीपीय क्षेत्रों के लिए विज्ञान शहर की परियोजना लागत 230.00 करोड़ रुपए है (पूंजीगत लागत 177.00 करोड़ रूपए तथा समूह निधि 53.00 करोड़ रूपए है)। तथापि, पृथक परियोजना घटक के लिए विस्तृत आकलन तैयार किए जाने की आवश्यकता है जो स्थल की स्थिति, भवन डिजाइन, विदेशी मुद्रा मूल्य तथा निर्माण कार्य की स्थानीय लागत पर निर्भर करता है।

व्यय (डीपीएआर 2015 पर आधारित औसत) की विभिन्न मदों का सांकेतिक ब्यौरा इस प्रकार है :

विज्ञान शहर भवन के निर्माण हेतु आकलित लागत

क्र.सं.	मद विवरण	क्षेत्र	इकाई	दर	योग (करोड़ रू. में)
I.	**भवन और अन्य कार्यों पर व्यय**				
(क)	भूमि की कीमत *राज्य सरकार इसे परियोजना के लिए अपने हिस्से के रूप में बिना मूल्य प्रदान के करेगी				00.00
(ख)	23,500/–रू. प्रति वर्ग मीटर की दर से आंतरिक प्रदर्शनी हाल सहित 14,000 वर्ग मीटर (न्यूनतम) का विज्ञान शहर भवन। i) आरसीसी फ्रेम संरचना	14000.0	वर्गमीटर	23500.00	32.90

	ii) 500 कि.ग्रा. / वर्ग मीटर से 1000 कि.ग्रा./ वर्ग मीटर से अधिक भारी वजन को संभालने के लिए मजबूत संरचनात्माक ढांचा	14000.0	वर्गमीटर	1500.00	2.10
	iii) 35 वर्ग मीटर से अधिक बड़े मोड्यूल	14000.0	वर्गमीटर	1500.00	2.10
	iv) भूकंप रोधी संरचना	8000.0	वर्गमीटर	1140.00	0.91
	v) 3.35 मीटर की सामान्य तल ऊंचाई के ऊपर प्रत्येक तल की 0.3 मीटर अतिरिक्त ऊंचाई				
	क) **भवन के लिए 270.00/– प्रति 0.3 मी अर्थात** (270.00x3)= 810.00/– की दर से (4.2मी – 3.35 मी) = 0.85 मी /0.3 मी = 3 (अतिरिक्त (ऊंचाई)	14000.0	वर्गमीटर	810.00	1.13
	vi) 0.6 मी. की सामान्य प्लिंथ ऊंचाई के ऊपर प्रत्येक 0.3 मी. की उच्चतर प्लिंथ	8000.0	वर्गमीटर	270.00	0.22
	vii) 25 मी. की गहराई तक स्तंभ आधारित बुनियाद (केवल भूतल क्षेत्र में)	8000.0	वर्गमीटर	23500.00	18.80
	(viii) भूमि विकास लागत (सीपीडब्ल्यूडी के मौजूदा मानदंडों के अनुसार 285.00 रु. प्रति वर्ग मीटर की दर से वर्षा जल निकासी के लिए समतलीकरण, बागवानी विकास)	100000	वर्गमीटर	285.00	2.85
				उप–योग=	**61.01**
ग	आंतरिक विद्युतीकरण कार्य 17.5%				10.17
घ.	4% की दर से आंतरिक जल आपूर्ति एवं सैनिटरी संस्थापन				2.44
				योग =	**73.62**
ड.	**लागत सूची 10%**				6.78
				अर्थात् =	**80.40**
च.	कार और बस पार्किंग क्षेत्र/अंदर की सड़कें/भूदृश्यन				3.50
छ.	वातानुकूलन/तापरोधन/ध्वनिकता				4.50
ज	ट्रान्सफार्मर (2 मेगावाट) यूपीएस/डी.जी.सेट				3.00
झ.	कुर्सियां/कार्पेट				1.00

ञ–	6% की दर से आयोजना, पर्यवेक्षण और निर्माण कार्य				5.54
				कुल=	**97.94**
II.	**प्रदर्शों, उपकरणों और भंडारगृहों पर व्यय :**				
	क. सहायक उपकरणों सहित बृहद प्रारूप चलचित्र प्रक्षेपण इकाई				16.00
	ख. अनुरूपक/3डी चलचित्र थिएटर				04.00
	ग. प्रदर्श और कला वस्तुएं				
	(i) विज्ञान और प्रौद्योगिकी, के साथ अनुभव आधारित विषयगत प्रदर्श।				08.00
	(ii) प्रयोग कार्य और पाठ्यक्रम पूरक के लिए संवादमूलक प्रदर्श				02.00
	घ. प्रक्षेपण–उपकरण, श्रव्य–दृश्य, विद्युतीय संस्थान आदि				
	(i) ऑडिटोरियम के लिए				01.00
	(ii) डिजिटल पैनोरमा के लिए				12.00
	ङ. विविध उपस्कर				
	(i) कार्यशाला उपकरण और मशीनें				01.00
	च. प्रदर्शों की लागत सहित विज्ञान पार्क प्रदर्शों के विकास की लागत				01.50
	छ. परियोजना स्टाफ का वेतन				02.50
	ज. परियोजना स्टाफ के लिए यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता				0.40
	झ. अन्य प्रशासनिक खर्च				0.40
	त्र. विज्ञापन एवं प्रचार				0.20
	उप–योग :				**49.00**
	कुल :				**146.94**
					(अर्थात् 147.00)
	उद्घाटन के पश्चात विज्ञान शहर के वित्तपोषण की प्रचालनात्मक कमी को पूरा करने के लिए समूह निधि हेतु प्रावधान (परियोजना लागत के 30.0% की दर से)				44.00
	कुल योग				**191.00***
	पूर्वोत्तर क्षेत्र, पर्वतीय स्थानों और द्वीपीय क्षेत्र के लिए (20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ परियोजना लागत)				
	कुल योग				**230.00****
iii	**उपर्युक्त मद (ii) में शामिल विदेशी विनिमय घटक**				
	क. सहायक उपकरणों सहित वृहद प्ररूप चलचित्र प्रक्षेपण इकाई				16.00

	ख. अंतरिक्ष कैपसूल (अनुरूपक) एवं 3–डी थियेटर	04.00
	ग. डिजिटल पैनोरमा के लिए प्रोजेक्शन उपस्कर	12.00
	घ. अन्य उपकरणों के लिए विविध	01.00
	उप–योग	**33.00**
iv.	**विदेशी विशेषज्ञों को लाने या विदेशी विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए कोई विदेशी मुद्रा का विनिमय शामिल नहीं है।**	

* परियोजना की लागत 2015 के औसत डीपीएआर दरों पर आधारित है और यह समय–समय पर आरबीआई लागत सूची के अनुसार संशोधन के अध्यधीन होगी।

(उपर्युक्त अनुमान केवल बजट प्रयोजन के लिए है। विशेष परियोजनाओं के लिए विस्तृत लागत अनुमान परियोजना के लिए तैयार की गई मास्टर योजना के आधार पर निर्धारित किए जाएंगे)।

01/10/2012 के अनुसार विभिन्न क्षेत्रफल दरों पर 01/04/2014 को दिल्ली का लागत सूचकांक, आधार 100	104%
01/10/2012 के अनुसार विभिन्न क्षेत्रफल दरों पर 01/10/2014 को दिल्ली का लागत सूचकांक, आधार 100	107%
अनुपातिक आधार पर 1/4/2015 को दिल्ली का लागत सूचकांक	110%
अनुपातिक आधार पर 1/4/2017 को दिल्ली का लागत सूचकांक	115%

4. पूंजीगत परिव्यय का वर्ष–वार उपयोग

(क) सभी स्थानों के लिए (सिक्किम/पर्वतीय स्थानों और द्वीपीय क्षेत्रों सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र को छोड़कर)

(करोड़ रूपए में)

स्रोत	परियोजना लागत (भारत सरकार और राज्य सरकार के बीच 60:40 आधार पर हिस्सेदारी की जानी है।)						समूह निधि	कुल योग
	प्रथम वर्ष (15%)	द्वितीय वर्ष (25%)	तृतीय वर्ष (25%)	चतुर्थ वर्ष (25%)	पांचवें वर्ष (10%)	कुल		
भारत सरकार	13.25	22.05	22.05	22.05	8.80	88.20 (अधिकतम)	8.80#	97.00
	22.05**	36.75**	36.75**	36.75**	14.70**	147.00**	44.00**	191.00**
राज्य/संघ राज्यक्षेत्र सरकार	35.20 करोड़ रूपये की समूह निधि की न्यूनतम हिस्सेदारी सहित परियोजना की शुरूआत से पहले राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा 94.00. करोड़ रूपये जारी करने होंगे।							

**** भारत सरकार द्वारा पूर्ण रूप से वित्त पोषित परियोजना के मामले में।**

भारत सरकार और राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र से परियोजना शुरू करने से पहले तत्काल संचित निधि उपलब्ध कराई जाएगी।

(ख) सिक्किम राज्य सहित उत्तर पूर्व क्षेत्र के लिए

(करोड़ रूपए में)

स्रोत	परियोजना लागत (भारत सरकार और राज्य सरकार के बीच 90:10 आधार पर हिस्सेदारी की जानी है।)						समूह निधि	कुल योग
	प्रथम वर्ष (15%)	द्वितीय वर्ष (25%)	तृतीय वर्ष (25%)	चतुर्थ वर्ष (25%)	पांचवें वर्ष (10%)	कुल		
भारत सरकार	23.90	39.80	39.80	39.80	16.00	159.30 (अधिकतम)	10.60#	169.90
	26.55**	44.25**	44.25**	44.25**	17.70**	177.00**	53.00**	230.00**
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार	42.40 करोड़ रूपये की समूह निधि की न्यूनतम हिस्सेदारी सहित परियोजना की शुरूआत से पहले राज्य /संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा 60.10 करोड़ रूपये जारी किए जाने होंगे।							

** भारत सरकार द्वारा पूर्ण रूप से वित्त पोषित परियोजना के मामले में।

भारत सरकार और राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र से परियोजना शुरू करने से तत्कीाल पहले समूह निधि उपलब्ध कराई जाएगी।

(ग) उपर्युक्त (ख) को छोड़कर पर्वतीय स्थानों तथा द्वीपीय क्षेत्रों के लिए

(करोड़ रूपए में)

